रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

पेज 12

वैशाख शुक्ल पक्ष 09, संवत 2081 | रांची, शुक्रवार, 17 मई 2024, वर्ष-25, अंक-104, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



आइए गर्व के साथ मतदान करें

मनाएं लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 73,663.72 | +676.69 |
| डॉलर | 83.482 | +0.064 |

**रांची सर्राफा**

| | |
|---|---|
| 10 ग्राम | 68,750 |
| 01 किलो | 91,000 |

**आज के मैच**

MUMBAI INDIANS — LUCKNOW SUPER GIANTS

**समय :** 7:30 बजे से

**स्थान :** मुम्बई

## आरोप : आलमगीर आलम हर टेंडर पर लेते थे 1.5 प्रतिशत कमीशन

# पहुंचे जेल, ईडी को मिला छह दिनों का रिमांड

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची ।** प्रवर्तन निदेशालय( ईडी) ने टेंडर कमीशन घोटाले में मनी लॉड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को मेडिकल जांच के बाद गुरुवार को पीएमएलए कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में पेश करने के बाद ईडी के विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने आलमगीर आलम को दस दिनों की रिमांड पर देने की अनुमति मांगी। इसका आलमगीर आलम के अधिवक्ता ने विरोध किया। इसके बाद अदालत ने छह दिनों की रिमांड की मंजूरी दी। ईडी की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया अनिल कुमार ने कहा कि पूरी नकदी (जो उनके पीएस संजीव लाल के घरेलू नौकर से बरामद की गई थी) मंत्री की ही है। उन्होंने हर टेंडर पर 1.5 प्रतिशत कमीशन बांध रखी थी। इसके बाद अदालत ने मंत्री आलमगीर आलम को गुरुवार को न्यायिक हिरासत में होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया। ईडी आलमगीर आलम को शुक्रवार से रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू करेगी।

यह जानकारी ईडी के अधिवक्ता ने दी। पेशी के दौरान कोर्ट परिसर में कड़ी सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे। काफी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। मालूम हो कि इससे पूर्व ईडी ने दो दिनों की पूछताछ के बाद मंत्री आलमगीर आलम को बुधवार को गिरफ्तार किया था। उल्लेखनीय है कि ईडी ने बीते पांच मई को टेंडर कमीशन घोटाले में मंत्री आलमगीर के पीएस संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर सहित अन्य लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी ने संजीव लाल के नौकर जहांगीर और बिल्डर मुन्ना सिंह के ठिकानों से कुल 35.23 करोड़ रुपये नकदी बरामद किये थे। इस मामले में ईडी ने कार्रवाई करते हुए पांच मई की देर रात को आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर आलम को गिरफ्तार किया था।



**ईडी आलमगीर आलम को आज से रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू करेगी** | **कुछ और सरकारी अधिकारियों की भूमिका की भी होगी जांच**

***आलमगीर आलम हैं मुख्य साजिशकर्ता :*** *ईडी ने रिमांड नोट में लिखा कि जांच के दौरान पाया गया कि आलमगीर आलम टेंडर घोटाले का मुख्य साजिशकर्ता हैं। उन्हें हर टेंडर पर एक फिक्स अमाउंट (1.5 प्रतिशत) दिया जाता था। इस घोटाले में आरोपी से पूछताछ के बाद कुछ ओर सरकारी अधिकारियों की भूमिका की भी जांच करनी है। इसी वजह से ईडी ने दस दिन की रिमांड की मांग की थी, हालांकि दोनों तरफ की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने ईडी को 6 दिन की रिमांड दी।*

### 37.5 करोड़ रुपए हुए थे बरामद

मालूम हो कि जांच के दौरान 6 से 8 मई तक मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर आलम समेत अन्य के 6 ठिकानों पर ईडी ने रेड की थी। यहां से साढ़े 37 करोड़ रुपए बरामद किए गए थे। मंत्री आलमगीर के लिए उसका पीए संजीव पैसों के कलेक्शन का काम करता था।

### घर में रखते थे कैश

ईडी के अनुसार मंत्री के निजी सचिव संजीव लाल के पास रखे गए लेटरहेड पर कई आधिकारिक दस्तावेजों से पता चलता है कि लाल अपने नौकर के घर का इस्तेमाल मंत्री से संबंधित दस्तावेज, रिकॉर्ड, नकदी और अन्य सामान रखने के लिए कर रहे थे।

### पेशी के दौरान नोकझोंक

कोर्ट में पेशी के दौरान बड़ी संख्या में आलमगीर आलम के समर्थक भी कोर्ट पहुंचे हुए थे। वे जमकर नारेबाजी करने लगे। इसके बाद पुलिस के जवानों और कार्यकर्ताओं के बीच नोकझोंक भी हुई।

**पीएस के नौकर के घर से मिले रुपये मंत्री के ही हैं :** ईडी ने अदालत को बताया कि 32.2 करोड़ रुपये की नकदी, जो जहांगीर आलम के नाम पर मौजूद फ्लैट से जब्त की गई थी वह आलमगीर आलम की ही थी। यह मामला आलमगीर आलम से संबंधित है और उक्त राशि को संजीव कुमार लाल के निर्देश पर जहांगीर आलम ने एकत्र किया था, जो आलमगीर आलम की ओर से ऐसा कर रहे थे।

> मंत्री आलमगीर आलम अगर इस्तीफा नहीं देते हैं तो मुख्यमंत्री को उन्हें तुरंत बर्खास्त करना चाहिए। ईडी की हिरासत में आने के पूर्व ही मंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिए था, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। अब उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।
>
> *अरुण सिंह, भाजपा महासचिव*

### ईडी ने रिमांड नोट में लगाया आरोप

ईडी ने रिमांड नोट में आरोप लगाया कि साल 2023 में गिरफ्तार तत्कालीन चीफ इंजीनियर वीरेन्द्र कुमार राम टेंडर आवंटन के बदले कमीशन लिया करते थे, जिसमें से 1.5 प्रतिशत कमीशन मंत्री आलमगीर आलम को जाता था। ईडी ने जांच दौरान पाया कि साल 2022 में एक असिस्टेंट इंजीनियर के जरिए 3 करोड़ रुपए टेंडर आवंटन के बदले मंत्री को भेजे गए थे।



*मंत्री आलमगीर आलम के लिए उसका पीए संजीव लाल पैसों के कलेक्शन का काम करता था*

### आलमगीर आलम ने विधानसभा में सैकड़ों कर्मियों को अवैध रूप से नियुक्त किया : बाबूलाल मरांडी

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को कहा कि राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने विधानसभा में सैकड़ों कर्मियों को अवैध रूप से नियुक्त किया। गरीब युवाओं के हक की नौकरी नेताओं की पैरवी पर बांटी गयी। पैसे के लेनदेन की सीडी सामने आयी है। बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि मामला प्रकाश में आने पर विक्रमादित्य आयोग का गठन कर जांच की गयी, जिसमें आलमगीर आलम पर लगे आरोप प्रमाणित भी हुए। इसके बाद जो हुआ वह युवाओं को जानना और समझना बेहद जरूरी है। मुख्यमंत्री बनने के बाद युवा विरोधी हेमंत सोरेन ने विक्रमादित्य आयोग की रिपोर्ट पर कार्रवाई करने की बजाय उसकी समीक्षा के लिए एक और आयोग का गठन कर दिया। प्रदेश अध्यक्ष ने लिखा कि दरअसल, कांग्रेस-झामुमो वाले नहीं चाहते कि नियुक्ति घोटाला की सच्चाई सामने आये और झारखंड के युवाओं को न्याय मिले। राजशाही खानदान में पैदा हुए, ऐशो-आराम में पले हेमंत गरीब युवाओं का संघर्ष कभी नहीं समझ पायेंगे।



## एक नजर

### आज अमित शाह का रोड शो चुटिया में, 19 को फिर आएंगे पीएम

**रांची।** केंद्रीय गृह एवं सहकारितामंत्री अमित शाह शुक्रवार से दो दिवसीय झारखंड के दौरे पर रहेंगे। शाह 17 मई को सांसद और भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में रांची के चुटिया में रोड शो करेंगे।वो 18 मई को बोकारो में जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व गृहमंत्री के झारखंड दौरे को लेकर प्रदेश भाजपा ने तैयारी शुरू कर दी है। प्रधानमंत्री मोदी 19 मई को फिर झारखंड आएंगे।

### प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी नौ हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

**पलामू।** एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने नावा बाजार के शिक्षा विभाग के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी बच्चन कुमार पंकज को नौ रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। उत्क्रमित मध्य विद्यालय चेचन्हा भुइयां टोली के सहायक अध्यापक-पारा शिक्षक का मानदेय रोकने के बाद उसे रिलीज करने के एवज में 10 हजार की घूस मांगी थी। आवेदक की शिकायत पर उसे रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया।

**आज | कल**




## विस नियुक्ति मामला : सरकार व विस ने सौंपी सीलबंद रिपोर्ट

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में विधानसभा में नियुक्ति में गड़बड़ी मामले में शिव शंकर शर्मा जनहित याचिका पर सुनवाई गुरुवार को हुई। मामले में राज्य सरकार और विधानसभा की ओर से सीलबंद रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत की गई, जिस पर सुनवाई के लिए कोर्ट ने 11 जून की तिथि निर्धारित की है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार और झारखंड विधानसभा से पूछा था कि जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट में क्या त्रुटियां थीं, जिसके कारण दूसरा आयोग बनानी पड़ा था। सुनवाई के दौरान गवर्नर की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि चूंकि इस मामले में विधानसभा कार्यालय की संलिप्तता थी।




इसलिए हाई कोर्ट को पत्र लिखा गया था। इसके बाद लोकनाथ प्रसाद की अध्यक्षता वाली वन मैन कमेटी बनी थी, उनके इस्तीफा के बाद जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की अध्यक्षता वाली वन मैन कमेटी बनी थी। इस कमेटी के बाद एसजे मुखोपाध्याय आयोग बनाने के संबंध में गवर्नर को कोई जानकारी नहीं दी गई। *शेष पेज 11 पर*

## एनएचएआई के साइट इंजीनियर ने लगाया जान मारने के प्रयास का आरोप

**रांची/गुमला।** गुमला जिला के सिसई स्थित, रांची-गुमला एनएच चौड़ीकरण का कार्य देख रहे नेएनएचएआई के साइट इंजीनियर चिन्मय सौरभ ने कंस्ट्रक्शन कंपनी आरकेडी के जीएम राजकुमार रेड्डी और डीपीएम सुरेश मोहंती के विरुद्ध दुर्व्यवहार करने और जान मारने के प्रयास करने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है। दर्ज केस में कहा गया है कि साइट इंजीनियर चिन्मय सौरभ लावागाई नागफेनी टोल प्लाजा के पास कार्य की गुणवत्ता की जांच कर रहे थे। तभी आरकेडी के डीपीएम सुरेश मोहंती व जीएम राजकुमार रेड्डी अपने श्रमिकों के साथ आए और उनके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए कॉलर पकड़ कर धक्का-मुक्की करने लगे।

## देश व प्रदेश को बचाने के लिए सभी इंडी गठबंधन के पक्ष में करें मतदान : सीएम

*400 पार नारे की निकली हवा, भाजपा ने 2014 में किए एक भी वादे को नहीं किया पूरा*

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने गुरुवार को भाजपा को बहुरुपिया पार्टी बताया। उन्होंने देश व प्रदेश को बचाने के लिए लोगों से इंडी गठबंधन के पक्ष में मतदान करने की अपील की। कहा, भाजपा ने 2014 में जो वादा किया था, एक भी वादा को पुरा नहीं किया। बेरोजगारी चरम पर है, बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार नहीं है। पेट्रोल, डीजल, गैस सिलेंडर के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। इन व्यवस्थाओं पर सरकार की नजर नहीं है। मुख्यमंत्री गुरुवार को गिरिडीह जिले के गांडेय प्रखंड के फुलची पंचायत के जोधपुर फुटबॉल मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री आज हिन्दू-मुस्लिम की बात कर रहे हैं। भाजपा सरकार मुद्दों से पूरी तरह भटक गयी है। एक परिवार विशेष पर परिवारवाद जैसी टिप्पणी कर विश्व गुरु बनने का सपना देख रही है। उन्होंने कहा कि 400 पार के नारे में अब मायुसी छा गयी है। भाजपा सरकार पूंजीपतियों के लिए काम कर रही है।




### हेमंत के चार साल के काम भाजपा के 19 साल पर भारी : कल्पना

झारखंड बने 24 वर्ष हो गए, चौबीस वर्षों में 19 वर्ष भाजपा ने शासन किया बावजूद यहां के आदिवासी, मुलवासियों की समस्याएं जस की तस है। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चार साल के काम भाजपा के 19 वर्ष पर भारी हैं। एक साजिश के तहत हेमंत सोरेन को जेल में डाला गया। उन्होंने कहा कि भाजपा को करारा जवाब देने के लिए एकजुटता दिखाएं और गठबंधन के पक्ष में मतदान करें।

# ग्लैमर के सितारे चमक बिखेर पाएंगे राजनीति की?



**सुनील बादल**

फिल्म या टीवी के चर्चित चेहरों का चुनाव लड़ना कितना उचित है और क्या वे अपने काम के प्रति न्याय कर पाएंगे? भारत में धर्म,जाति के बाद जो हिट फॉमूर्ला सर पर चढ़कर बोलता है वह है ग्लैमर या फिल्मों का । इसीलिए पारंपरिक वोट बैंक से विकास की राजनीति के सहारे सत्ता पाने का प्रयास कर रही पार्टियां तक अंत पंत फिल्मी सितारों के सहारे भीड़ बढ़ाती हैं ।राजनीति की शून्य समझ रखने वाले हिंदी फि ल्म/टीवी जगत के आकर्षक अभिनेता, अभिनेत्री कई बार जीतकर भी कुछ नहीं कर पाते जैसे गोविंदा,सनी देओल या धर्मेंद्र,और मनोज तिवारी या टिकट ठुकराने वाले पवन सिंह कई बार जगहंसाई के पात्र बनते हैं पर दक्षिण के फिल्मी सितारों का जादू सर पर चढ़कर बोलता है जयललिता, रजनीकांत,एनटी रामाराव से लेकर चिरंजीवी तक। पर अभी हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत का मुंबई की ग्लैमरस जिंदगी से अनिश्चित राजनीतिक क्षेत्र में कदम रखना पूर्वनिर्धारित लगता है, जो उन्हें अपने पहाड़ी राज्य के लोगों की सेवा का अवसर दे सकता है। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के भांबाला गांव की लड़की कंगना रनौत की इतनी बड़ी सफलता का श्रेय उनके दृढ़ संकल्प, प्रतिबद्धता और इच्छाशक्ति को दिया जा सकता है। बॉलीवुड की सबसे सफल अभिनेत्रियों में से एक और हिंदुत्व विचारधारा तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कट्टर समर्थक कंगना रनौत मंडी लोकसभा सीट से राजनीति के नए क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए तैयार हैं, जिससे मुकाबला फिल्मी अंदाज में पलट सकता है। लगता है कि कंगना ने अपने करियर की दूसरी पारी के लिए अपने पत्ते अच्छे से खेले और भाजपा के उन वरिष्ठ नेताओं को पछाड़ दिया, जो दशकों से पार्टी के प्रति समर्पित थे।कंगना ने अपने परिवार से विद्रोह किया, जो उनके बॉलीवुड में जाने के खिलाफ थे, क्योंकि फिल्म उद्योग अनिश्चितताओं एवं दुविधाओं से भरा है, भले ही अवसर काफी हों। कंगना के माता-पिता चाहते थे कि वह डॉक्टर बने, लेकिन उन्होंने मेडिकल प्रवेश परीक्षा ही नहीं दी। कम आय होने पर रोटी एवं अचार पर गुजारा करने के बावजूद उन्होंने बॉलीवुड में अपनी जगह बनाई। हालांकि मुंबई में अपना घर नहीं होने और बढ़ते कर्ज के कारण उनके जीने का संघर्ष बढ़ गया था। कंगना स्पष्टवादी इंसान हैं, जो खुद को 'जिद्दी और विद्रोही' बता सकती हैं। कंगना रनौत को आगे कई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि सक्रिय राजनीति फिल्मी परी कथाओं जैसी नहीं होती है। अनिवार्य रूप से मतदाता उनसे एक पूर्णकालिक राजनेता होने की उम्मीद करेंगे। इसके लिए उन्हें मंडी को अपना स्थायी निवास स्थान बनाना होगा, ताकि लोग उनसे अपनी शिकायतों के निवारण के लिए संपर्क कर सकें अन्यथा उनका भी हाल दूसरे सितारों जैसा होगा । राजनीति का अनुभव नहीं होने के कारण उन्हें असाधारण मेहनत करनी होगी, हालांकि मोदी के करिश्मे और भारी लोकप्रियता से यह संभव हो सकता है। साथ ही, उन्हें भाजपा के अनुशासित कार्यकताओं, विशाल संसाधनों और आरएसएस की चुनावी मशीनरी का समर्थन भी मिलेगा। 2021 में हुए मंडी लोकसभा उपचुनाव में कांग्रेस की प्रतिभा सिंह ने भाजपा से यह सीट छीन ली थी, जो मुख्यतः दिवंगत वीरभद्र सिंह के प्रति सहानुभूति के कारण थी, लेकिन राजनीतिक माहौल अब बदल गया है, क्योंकि कांग्रेस अव्यवस्थित है, जिससे कंगना को फायदा हो सकता है।यह एक संयोग ही था कि कंगना को उनके 37वें जन्मदिन पर 23 मार्च को मंडी लोकसभा सीट से टिकट दिए जाने की खुशखबरी मिली।



खुद को दक्षिणपंथी विचारधारा से जोड़ने वाली और कट्टर मोदी समर्थक बताने वाली कंगना का आरएसएस से घनिष्ठ संबंध रहा है। यही वजह है कि राजनीति का अनुभव नहीं होने के बावजूद पार्टी ने उन्हें टिकट दिया। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा भी हिमाचल प्रदेश से हैं और कंगना को टिकट दिलाने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके अलावा उन्हें केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर का भी समर्थन हासिल है, जो राज्य के हमीरपुर जिले के हैं। सक्रिय राजनीति में प्रवेश करने की अपनी महत्वाकांक्षा पूरी होने के बाद बेहद उत्साहित कंगना ने कहा, 'मैं अपने जन्मस्थान हिमाचल प्रदेश से चुनाव लड़ने का मौका देने के लिए भाजपा नेतृत्व का आभार व्यक्त करती हूं।' वैसे कंगना और विवाद एक-दूसरे के पर्यायवाची हो गए हैं। *शेष पेज 11 पर*

## आपने जिसे पीएम बनाया है वह ना खाएगा, ना खाने देगा

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही/कोडरमा।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी झारखंड के चुनावी जंग में खूब पसीना बहा रहे हैं। गुरुवार को बरही में भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल व कोडरमा के जयनगर में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी के समर्थन जनसभा को संबोधित करते हुए डॉ. मोहन यादव ने झारखंड सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश ने 56 इंच के सीने वाले को प्रधानमंत्री बनाया है, ना खाएगा ना खाने देगा। कहा, प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में देश विकास के पथ पर अग्रसर है। आने वाले दिनों में फिर से नरेन्द्र मोदी सत्ता में पहुंचेंगे तो देश को सर्वोच्च स्थान तक ले जाएंगे। कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाने के बाद विकास और सामाजिक न्याय बढ़ा है। राम मंदिर मिल गया, अब कृष्ण मंदिर की बारी है। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा के भोले-भाले भक्तों ने अपने नेताओं को हेलिकॉप्टर पर बैठाया लेकिन वही नेतागण अपनी जनता की आंखों में हेलीकॉप्टर का धूल झोंक रहे हैं। कहा, झारखंड राज्य सरकार ने नौकरियां को बेचने का काम किया है। यह झारखंड के लिए दुर्भाग्य है कि एक पूर्व मुख्यमंत्री जेल में हैं तो एक मंत्री साथ निभाने जेल पहुंच गए हैं।



*एक पूर्व मुख्यमंत्री जेल में, तो साथ निभाने मंत्री भी पहुंच गए जेल*

## एक नजर

### नगर निगम ने 10 आरओ प्लांट की एनओसी की जांच की, नहीं होने पर दी चेतावनी

**रांची।** बढ़ती गर्मी और घटते जल स्तर को देखते हुए रांची नगर निगम ने बैठक कर आरओ प्लांट के संचालकों पर कार्रवाई करने का निर्णय लिया था। इसी के तहत गुरुवार को निगम के धावादल ने आरओ प्लांट के संचालकों के खिलाफ अभियान चलाया। इसमें कुल 10 आरओ प्लांट में जांच की गई। जांच में दसों प्लांट के संचालकों के पास एनओसी नहीं होने की बात सामने आई। इस पर निगम ने आरओ प्लांट के संचालकों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि सेंट्रल ग्राउंड वाटर अथॉरिटी से एनओसी प्राप्त करते हुए उसके द्वारा दिए गए सभी नियमों का सख्ती से पालन करें। धावादल में जलापूर्ति शाखा के सहायक प्रशासक, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, पाइपलाइन निरीक्षक एवं अन्य कर्मी मौजूद थे।

### महिला बंदी ने राष्ट्रीय महिला आयोग को लिखा पत्र

**खूंटी/रांची।** खूंटी जेल में बंद महिला बंदी की ओर से राष्ट्रीय महिला आयोग को पत्र लिखने का मामला गुरुवार को प्रकाश में आया है। पत्र में महिला बंदी ने खूंटी जेल के दो कर्मचारियों पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। साथ ही गर्भवती होने पर अबॉर्सन कराने का भी आरोप लगाया है। महिला बंदी ने आरोप लगाया है कि जेल के कर्मचारी बंदी पत्र लिखने की अनुमति नहीं देते है। इस वजह से रिहा होने वाले महिला बंदी के माध्यम से पत्र लिखा है। अपने पत्र में महिला ने बताया है कि वह लुधियाना की रहने वाली है। लेकिन पुश्तैनी घर खूंटी में ही है। पुलिस ने उसे सात फरवरी 2024 को अफीम तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। उसने पत्र में लिखा है कि जेल के दोनों कर्मचारियों ने छोड़ने का प्रलोभन देकर एक माह तक उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान जब वह गर्भवती हो गई, तो पहले उसे जान से मारने और जेल में ही सड़ा देने की धमकी दी गई। फिर गर्भपात करा दिया गया। महिला का आरोप है कि गर्भपात कराने की तारीख बैकडेट से तीन माह पहले दिखाया गया है। महिला ने आयोग से मांग की है कि उसके आरोपों की जांच की जाए।

### रांची सिविल कोर्ट की महिला अधिवक्ता को पीएलएफआई उग्रवादी संगठन के नाम से धमकी

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट की महिला अधिवक्ता को पीएलएफआई उग्रवादी संगठन के नाम से धमकी दी गई है. अधिवक्ता ज्योति आनंद के व्हाट्सएप नंबर पर पीएलएफआई का पर्चा भेजकर धमकी दी गई है. कहा गया है कि खूंटी के सीलदा मौजा में जो जमीन ली हैं, उस जमीन का कमीशन संगठन को नहीं दिए हैं. आपने गलत ढंग से जमीन को लिया है, जिसका विरोध जमीन मालिक लोग कर रहे हैं. आपने इस मामले को लेकर केस भी किया है, इसलिए संगठन को सहयोग राशि दस लाख रुपये देना पड़ेगा, नहीं तो फौजी कार्रवाई की जाएगी. जो केस किए हैं, उसे उठा लो केस नहीं उठाओगी तो जब भी प्लॉट पर आओगी तो गोली मार देंगे।

◆पानी का जलस्तर गया पाताल में◆सैकड़ों चापाकल हुए नाकाम◆पांच पंचायतों में होती थी जलापूर्ति

# 15 दिनों से ठप है वाटर फिल्टर प्लांट, खलारी में पानी के लिए हाहाकार





**नवीनमेल संवाददाता। खलारी**
खलारी प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। बहुग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा प्रखंड के बुकबुका महावीरनगर में बनाए गए वाटर फिल्टर प्लांट से पांच पंचायतों को पानी देना है। इनमें बुकबुका के अलावा चुरी दक्षिणी, खलारी, हुटाप व चुरी मध्य पंचायत के गांव टोले शामिल हैं। 5.5 एमएलडी क्षमता वाले इस प्लांट को सपही नदी के भरोसे स्थापित किया गया है। साल में तीन महीने सपही नदी पूरी तरह सूखी रहती है। बहुग्रामीण जलापूर्ति योजना समिति की अध्यक्ष खलारी पंचायत की मुखिया तेजी किस्पोट्टा ने बताया कि जेसीबी मशीन से सपही नदी में बालू हटाकर पानी निकालने का प्रयास भी किया गया, परंतु सफलता नहीं मिली। नदी के रेत के अंदर भी पानी का एक बूंद तक नहीं मिल सका। नतीजा यह हुआ है कि पानी नहीं मिलने के कारण पिछले 15 दिनों से प्लांट को ही बंद कर देना पड़ा। पांच पंचायत के हजारों परिवार इसी फिल्टर प्लांट पर आश्रित हैं। इस प्लांट के साथ दो बड़ा जलमीनार है, जिसमें फिल्टर पानी जमा कर पंचायतों तक पहुंचाया जाता है। ऐसे भी एक दिन बीच कर लोगों को पानी मिलता है। परंतु मार्च का महीना शुरू होते ही पानी मिलने का अंतराल बढ़ता गया। 15 दिनों पहले तक 15-15 दिन के अंतराल में पानी सप्लाई किया जा रहा था। परंतु अंततः पूरे प्लांट को ही ठप कर देना पड़ा।

### बंद चूना पत्थर खदान में जमा पानी हो सकता है विकल्प

सपही नदी में पानी सूख जाना कोई नई बात नहीं है। यह प्रत्येक वर्ष होता है। पांच पंचायत की आबादी को सपही नदी से जलापूर्ति करने की योजना तैयार करने वाले ही दूरदर्शी नहीं रहे होंगे। बुकबुका स्थित इस फिल्टर प्लांट से पानी पाने वाली आबादी प्रत्येक वर्ष गर्मी में पानी के लिए परेशान होती है। अब इसी सपही नदी से राय में निमार्णाधीन फिल्टर प्लांट को भी पानी देने की तैयारी जोर शोर से चल रही है। राय फिल्टर प्लांट शुरू हुआ तो जनवरी से ही पानी मिलना बंद हो जाएगा। ऐसे में बुकबुका फिल्टर प्लांट के लिए बंद चूना का पत्थर खदान में जमा पानी ही विकल्प है। बुकबुका फिल्टर प्लांट से चूना का पत्थर खदान की दूरी मात्र 200 मीटर के करीब है। केवल मोटर लगाने के लिए एक कमरा व पाइप बिछाने की आवश्यकता थी। उप विकास आयुक्त स्वयं इस विकल्प का निरीक्षण कर गए थे। इसके बावजूद भी इस वैकल्पिक योजना पर कार्य नहीं हुआ।

### भू-जलस्तर गया पाताल, चापाकल हुए बेकार

खलारी प्रखंड क्षेत्र में करीब एक हजार चापाकल पहले से हैं। इसके अलावा हाल ही में दर्जनों नए चापाकल लगाए गए हैं। 135 सोलर जलमीनार है। 41 जन नल योजना है। प्रखंड के 14 में से पांच पंचायत सीसीएल क्षेत्र है, जहां सीसीएल जलापूर्ति करती है। सीसीएल द्वारा दूसरे पंचायतों में भी सीएसआर के तहत दर्जन भर से अधिक डीप बोर किए गए हैं। इसके अलावा कई नए फिल्टर प्लांट प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। परंतु भीषण गर्मी और गहराती कोयला खानों के कारण खलारी का जलस्तर लगातार नीचे जा रहा है। सरकारी डीप बोर एक तय गहराई तक ही खुदाई करती है। कई बार तो खदानों में होने वाले ब्लास्टिंग के कारण भी डीप बोर में मिट्टी भर जाता है और बोर बेकार हो जाते है। इस परिस्थिति में खदानों में जमा पानी ही खलारी के लिए बरदान साबित हो सकता हैं।

### चुनाव बाद सबकुछ ठीक कर देने का आश्वासन दे रहे राजनीतिक दल

चुनाव को लेकर जनसंपर्क में निकले राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता, नेताओं से ग्रामीण पानी को लेकर सवाल पूछ रही हैं। राजनीतिक दलों द्वारा आश्वासन दिया जा रहा है कि चुनाव बाद सारी समस्याएं हल कर दी जाएंगी। खलारी में लंबे समय से एक ही राजनीतिक दल के विधायक, सांसद हैं। वहीं राज्य में सरकार किसी और पार्टी की है। ऐसे में सत्ता पक्ष हो या विपक्ष कोई भी राजनीतिक दल अपनी जबाबदेही से पीछे नहीं हट सकता है। चुनाव बाद खलारी के लोगों के पानी की समस्या का स्थाई समाधान हो सकेगा या नहीं यह देखना होगा। फिलहाल बरसात शुरू होने तक खलारीवासियों को पानी के किल्लत का सामना करना ही होगा।

# बाइक सवार ने कार में मारी टक्कर, दो गंभीर रूप से घायल

नवीनम मेल संवाददाता। संवाददाता बेड़ो बेड़ो थाना क्षेत्र के रांची गुमला मुख्य मार्ग पर जरिया गांव के निकट निमार्णाधीन बाईपास सड़क के पास तेज गति से चल रहे बाइक सवार ने मारुति कार में टक्कर मार दी। बाइक में सवार हेशमी मांडर निवासी 19 वर्षीय विकास लकड़ा पिता मोहन लकड़ा तथा 20 वर्षीय कुंदन लकड़ा पिता सिरली लकड़ा गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि बाइक सवार एक अन्य युवक सचिन लकड़ा पिता दीपक लकड़ा घायल हो गए। सड़क दुर्घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने एंबुलेंस बुलाकर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो भेजा। यहां डॉ सुमन एक्का ने जीएनएम सुनीता केरकेट्टा की मदद से गंभीर रूप से घायल विकास लकड़ा एवं कुंदन लकड़ा का प्राथमिक उपचार किया। दोनों के सिर, चेहरे तथा पैर सहित शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोटे आई है। दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया। सचिन लकड़ा ने बताया कि वे तीनो बजाज बाइक एन एस 200 बाइक नंबर जेएच 01 इवी 3937 पर सवार होकर पांडेपारा के अर्जुन उरांव से मिलने तथा उसका बाइक खरीदने के लिए बेड़ो आए थे। यहां से घर लौट के क्रम में मारुति कार से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। बताया जाता है कि मारुति कार का पिछला हिस्सा और टायर का रिम बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।





### दोलैचा में कार की टक्कर में बाइक सवार घायल, कार चालक फरार

**लापुंग।** लापुंग थाना क्षेत्र के दोलैचा बगीचा के पास कार की जबर्दस्त टक्कर में बाईक सवार मालगो निवासी घायल हो गया। घायल को श्रीकांत भगत की मदद से एम्बुलेंस बुलाकर हॉस्पिटल भेजा गया। बताया जाता है कि 38 वर्षीय मालगो निवासी कपिल मुंडा मालगो से अरमालटदाग और दोलैचा होते हुए अपने होंडा बाइक नंबर जेएच 01 एफ एच 6235 में सवार होकर रांची जा रहा था। तभी पीछे से तेज गति से आ रही कार नंबर जेएच 01 सीसी 1489 ने बाइक को पीछे से ठोकर मार दी। इस टक्कर में बाइक सवार 30 वर्षीय कपिल मुंडा पिता धथलू मुंडा ग्राम मालगो बुरी तरह घायल हो गया। उसका बायां पैर टूट गया। टक्कर मारने के बाद कार सवार भाग निकला। बाद में कपिल मुंडा की पत्नी भी घटनास्थल पहुंची। एंबुलेंस के द्वारा घायल कपिल मुंडा को बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सक डॉ सुमन एक्का ने जीएनएम सुनीता केरकेट्टा की मदद से प्राथमिक उपचार कर घायल को रिम्स रेफर कर दिया। हालांकि परिजन उसे गुलमोहर हॉस्पिटल ले गए।

### फातिमा अकादमी के 12वी और 10वीं का रिजल्ट शत-प्रतिशत

**हजारीबाग।** बारहवी में तरुण कुमार पाठक ने 94.6% और दसवीं में मो अनीस ने 93.6% लाकर बने स्कूल टॉपर स्कूल प्राचार्या फरहा फातमी ने जानकारी देते हुए कहा की ये हमारे शिक्षको की मेहनत और छात्रों के कड़ी मेहनत का नतीजा है । बच्चो के इस रिजल्ट से अभिभावक एवं स्कूल प्रबंधन काफी खुश है ,तथा स्कूल क छात्र छात्राओं में भी खुशी का माहौल है। प्राचार्या ने कहा की स्कूल में प्रतिदिन की उपस्थिति और शिक्षको के द्वारा दिए गए निदेर्शों का पालन करना अच्छे एवं सफल विद्यार्थियों की पहचान है । साथ ही उन्होंने कहा की मेहनत करने वालो की कभी हार नहीं होती इसलिए निरंतर मेहनत करते रहना चाहिए। बारहवी में छात्र प्रथम प्रिंस ने 93% शुभ पुलकित ने 91.2% शिनान शहजाद ने 91.2% फलक फातिमा ने 91% एवं शानू कौशल ने 90.2% लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया।

## न्यूज बॉक्स

### कम्युनिटी रिसोर्स पर्सन इंटरप्राइज प्रमोशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ उद्घाटन



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 32 दिवसीय कम्युनिटी रिसोर्स पर्सन एंटरप्राइज प्रमोशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का उदघाटन समारोह दीप प्रज्वलित कर, मुख्य अतिथि प्रमोद कुमार जिला प्रबंधक उद्यमिता विकास रांची, दीपक कुमार जिला प्रबंधक वित्तीय समावेश रांची, प्रेम कुमार ब्लॉक प्रोग्राम ऑफिसर सिल्ली, के द्वारा किया गाया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य के विभिन प्रखंड से आए 29 जीआरपी महिलाओं ने भाग लिया। अथिति प्रमोद कुमार ने यह संदेश दिया की आप सभी लोग प्रशिक्षण के बाद अपने क्षेत्र में मेहनत और इमानदारी से अपना अपना कार्य करे , और आत्मविश्वास कार्य करे जिस से दीदी लोगो को ज्यादा से ज्यादा लाभ हो। वित्तीय समावेश जिला प्रबंधक दीपक कुमार ने कहा कि प्रत्येक महिला समिति के दीदी को लखपति दीदी बनाना है और अपने स्वरोजगार को और आगे बढ़ाना है और दूसरो को भी रोजगार देना है , और आने वाले भविष्य में आप सभी को एक सफल उद्यमी बनना है। रुडसेट संस्थान के निदेशक संजीत कुमार यह कहा की आज के समय में सरकार की बहुत सारी योजनाएं चल रही है जिसके बारे में गांव की महिलाएं को मालूम नही है आप सभी को यह प्रशिक्षण इसलिए दिया जा रहा है।

### कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के चुनाव में चाचा-भतीजा की प्रतिष्ठा दांव पर

**बरकट्ठा।** लोकसभा चुनाव में वैसे तो सभी नेता कार्यकर्ता अपने अपने प्रत्याशी के लिए जी तोड मेहनत करते नजर आ रहे हैं। लेकिन कोडरमा लोकसभा चुनाव के अंतर्गत बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में माहौल कुछ और ही बयां करती नजर आ रही है। लोगों की मानें तो इस लोकसभा चुनाव में चाचा भतीजे का प्रतिष्ठा दांव पर है। जी हां हम बात कर रहे बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव और वर्तमान विधायक अमित कुमार यादव की। एक ओर जहां भाजपा छोड़कर पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने झामुमो का दामन थामते हुए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह को जीताने में जी तोड मेहनत कर रहे हैं। वहीं निर्दलीय विधायक अमित कुमार यादव भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी को विजयी बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। लोगों की मानें तो जिसका प्रत्याशी इस बार लोकसभा चुनाव में विजयी पताका फहराएंगे विधानसभा चुनाव में उनका पलड़ा भारी होगा। इस लिए चाचा भतीजा दोनों अपने अपने प्रत्याशी को जीत दिलाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहते। जनता की मानें तो इस बार कोडरमा लोकसभा चुनाव में भाजपा और इंडिया गठबंधन यानि चाचा और भतीजे के बीच सीधी टक्कर मानी जा रही है। अब आने वाला समय ही बताएगा कि चाचा का पलड़ा भारी होगा या भतीजा का लोग उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं।

### साहिबगंज और दुमका में तीन बच्चों सहित छह की मौत

**साहिबगंज/दुमका।** राज्य के संताल परगना में आकाशीय बिजली गिरने से छह लोगों की मौत हो गई। गुरुवार की दोपहर ठनका गिरने से साहिबगंज जिले के तीनपहाड़, राजमहल, मंडरो व तालझारी तथा दुमका के चिरुडीह गांव में दो बच्चों समेत छह लोगों की मौत हो गयी। मरनेवालों में दो महिलाएं एवं एक बच्ची भी है। बताया जाता है कि राजमहल थाना क्षेत्र के पिपरजोरिया कल्याणचक गांव में संतोष उरांव की दो बेटियां अनिता कुमारी (13) एवं रुमझुम कुमारी (11) मवेशी चरा रही थी। तभी अचानक आसमानी बिजली गिरने से दो बहनें बेहोश हो गयी।


# भाजपा का दांव पड़ेगा उल्टा : प्रदीप यादव



**नवीन मेल संवाददाता। दुमका**
संथाल परगना के तीन लोकसभा सीटों पर एक जून को मतदान होना है। चुनाव की तारीखे जैसे-जैसे करीब आ रही है। वहीं आरोप-प्रत्यारोप से संथाल परगना की राजनीतिक तपिश भी बढ़ती जा रही है। अब गोड्डा लोकसभा सीट से इंडी गठबंधन के तहत कांग्रेस प्रत्याशी एवं पोडैयाहाट विधायक प्रदीप यादव ने भाजपा प्रत्याशी एवं सांसद डॉ निशिकांत दुबे पर नामांकन में जानकारी छुपाने का आरोप लगाया है। प्रदीप यादव ने मामले में चुनाव आयोग से कार्रवाई की मांग करते हुए निशिकांत दुबे का नामांकन रद्द करने की मांग की है। इस मामले में प्रदीप यादव ने गोड्डा के जिला निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त से शिकायत की है। वहीं मनी लोंड्रिग मामले में इडी द्वारा गिरफ्तार राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के मामले में प्रदीप यादव ने कहा कि देश में जितनी गिरफ्तारियां हो रही है। सब गिरफ्तारी का एक ही पार्ट है कि देश में एक ऐसा माहौल बनाया जाए कि लगे कि गठबंधन पूरी तरह से भ्रष्टाचार में संलिप्त है और भाजपा पूरी तरह दूध की धुली हुई है। प्रदीप यादव ने कहा कि यह सब दांव उल्टा पड़ेगा। दुमका के एमपी एमएलए की विशेष कोर्ट में गुरुवार को एक मामले में पेशी के बाद मीडिया से बात करते हुए प्रदीप यादव ने कहा कि निशिकांत दुबे ने क्रिमिनल केस से जुड़ी दो मामलों का अपने नामांकन में जिक्र नहीं किया है। कांग्रेस के पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव की छेड़खानी समेत अन्य दो मामले में गुरुवार को पेशी हुई। विधायक की पेशी दो अलग-अलग मामले में तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह एमपी एमएलए के विशेष न्यायाधीश राजेश सिन्हा के न्यायालय में हुई। दोनों मामले गवाही के लिए निर्धारित था। लेकिन न्यायालय में एक भी केस में कोई गवाह अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत नही किया गया। अगली तिथि 11 जून को निर्धारित हुई। पहला मामला गोड्डा मुफस्सिल थाना में दर्ज प्राथमिकी 37/17 से संबंधित है।

### डीजीपी ने रांची शहर की यातायात व्यवस्था को लेकर की बैठक, दिए कई निर्देश

**रांची।** डीजीपी अजय कुमार सिंह ने गुरुवार को पुलिस मुख्यालय में रांची शहर की यातायात व्यवस्था को लेकर एक समीक्षा बैठक की। इस दौरान डीजीपी ने कई दिशा-निर्देश दिये। इस बैठक के दौरान रांची शहर की यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए पुलिस कर्मियों की उपलब्धता और आवश्यकता पर जोर देते हुए कोलकता महानगर के तर्ज पर रांची में ट्रैफिक जिला बनाने के प्रस्ताव पर लिये गये निर्णय की समीक्षा की गयी। साथ ही कुछेक अन्य शहरों जहां कि यातायात व्यवस्था अनुकरणीय है वैसे शहरों में यातायात व्यवस्था के अध्ययन के लिए टीम भेजने का निर्णय लिया गया। यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए गृह रक्षा वाहिनी से सहयोग लेने के लिए डजीपी ने अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही अन्य शहरों में यातायात व्यवस्था के अध्ययन के लिए एक त्रिस्तरीय कमिटी का गठन करने और लोकसभा चुनाव के बाद कमिटी को भेजने को कहा। बैठक के दौरान एडीजी डा० संजय आनन्द राव लाटकर, पुलिस अधीक्षक यातायात कैलाश करमाली उपस्थित थे।





फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की रेलवे उप समिति की हुई बैठक

# बिना सामान स्कैन कराए यात्री प्लेटफार्म में प्रवेश नहीं कर सकें : नवजोत अलंग

- *रांची रेलवे स्टेशन से 9 माह के बच्चे की चोरी की घटना पर जताई चिंता*
- *बच्चे की शीघ्र तलाशी कर आरोपियों को दंडित करने की मांग की गई*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) की रेलवे उप समिति की बैठक गुरुवार को चैंबर भवन में हुई। विगत रविवार को रांची रेलवे स्टेशन से 9 माह के बच्चे की चोरी की घटना पर सदस्यों ने चिंता जताई और रेलवे प्रशासन से बच्चे की शीघ्र तलाशी कर, घटना में संलिप्त आरोपियों को दंडित करने की मांग की। सुरक्षा के दृष्टिकोण से इस घटना को गंभीर बताते हुए सदस्यों ने रांची रेलवे स्टेशन के प्रवेश एवं निकास द्वार पर सीसीटीवी कैमरा एवं सुरक्षा के इंतजाम को और अधिक सख्त बनाने की भी मांग की।

एफजेसीसीआई की रेलवे उप समिति के चेयरमैन एवं डीआरयूसीसी सदस्य नवजोत अलंग ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था सुस्त होने के कारण बहुत से लोग बिना स्कैनिंग किए ही प्लेटफॉर्म में प्रवेश कर जाते हैं। उनके सामानों की जांच भी नहीं की जाती है, जो गंभीर विषय है। आवश्यक है कि प्रवेश द्वार पर अधिष्ठापित स्कैनिंग मशीन के पास आने-जाने के लिए खाली पड़ी जगह को ब्लॉक किया जाए, ताकि बिना सामान को स्कैन कराए यात्री प्लेटफॉर्म में प्रवेश नहीं कर सकें। हमारे संज्ञान में यह भी बातें आ रही हैं कि फूड प्लाजा जैसे कुछ अन्य जगहों से भी लोग बिना वैध प्लेटफॉर्म टिकट के ही प्लेटफॉर्म पर प्रवेश कर जाते हैं। इसकी रोकथाम के लिए रेलवे प्रशासन को गंभीरता से कार्रवाई करने की आवश्यकता है। साथ ही, उन्होंने फूड प्लाजा, पार्सल बुकिंग कार्यालय, पार्किंग स्थल के आसपास तथा अनंतपुर की तरफ खुले प्लेटफॉर्म के प्रवेश एवं निकास द्वार पर भी सीसीटीवी कैमरा बढ़ाने और खराब पड़े कैमरों को दुरूस्त करने की मांग की। चैंबर महासचिव परेश गट्टानी ने कहा कि ट्रेनों के एसी कोच में अनधिकृत प्रवेश पर सख्ती से रोक लगाई जानी चाहिए। यात्रियों द्वारा सोशल मीडिया पर ऐसी कई तस्वीरें अपलोड की गई हैं, जहां एसी टू टायर में भी अनधिकृत लोगों का प्रवेश होता है। रांची रेलमंडल को इसपर गंभीरता से कार्रवाई करने की आवश्यकता है। चर्चा के क्रम में सदस्यों ने अनंतपुर और कुसई वाली लाइन में रांची रेलवे स्टेशन पर जाने के लिए बन रहे एप्रोच रोड के काम में तेजी लाने की बात भी कही। बैठक में चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, महासचिव परेश गट्टानी, सह सचिव शैलेश अग्रवाल, अमित शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य राम बांगड़, सदस्य मिथिलेश पांडे, आनंद जालान, सुनील कालरा, राजा बग्गा और किशन अग्रवाल उपस्थित थे।



**स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था और सशक्त हो : किशोर मंत्री**

बैठक में चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाने की आवश्यकता बताते हुए रेलवे प्रशासन से कार्रवाई का आग्रह किया। यह भी कहा कि आए दिन ट्रेन के एसी कोच से मोबाइल चोरी की घटना सामने आ रही हैं। सुरक्षा के लिहाज से यह ठीक नहीं है।

# बच्चा चोरी मामले में सीआईडी डीजी व रेल एडीजी से शिकायत

*चाइल्ड राइट्स फाउंडेशन के सचिव ने जीआरपी के खिलाफ की है शिकायत*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची रेलवे स्टेशन से चोरी हुए नौ माह के बच्चे शुभम का अब तक कोई सुराग पुलिस को नहीं मिल पाया है। इसे लेकर गुरुवार को चाइल्ड राइट्स फाउंडेशन के सचिव बैजनाथ कुमार ने जीआरपी की ओर से त्वरित कार्रवाई नहीं करने को लेकर शिकायत दर्ज कराया है।

बैजनाथ कुमार ने सीआईडी डीजी और रेल एडीजी के पास शिकायत की है और कहा है कि रांची रेलवे स्टेशन पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा बच्चों को उठाकर ले जाते हुए सीसीटीवी फुटेज में देखा जा सकता है। लेकिन, बच्चे के माता-पिता जब रांची रेलवे पुलिस थाना में शिकायत करने पहुंचे, तो जीआरपी ने यह कह कर लौटा दिया कि यह मामला यहां का नहीं है। तुम लोग चुटिया थाना चले जाओ और अपनी शिकायत दर्ज कराओ। हालांकि, चुटिया पुलिस का मामले में कहना है कि पुलिस की कई टीमें अलग-अलग जगह बच्चे की तलाश में छापेमारी कर रही है। ज्ञात हो कि गत 11 मई की देर रात नौ माह के बच्चे शुभम अपनी दादी के साथ सो रहा था। इसी दौरान चोर बच्चे को लेकर फरार हो गए थे। पूरी वारदात रांची रेलवे स्टेशन में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। लातेहार के गारू के रहने वाले प्रदीप लोहरा और उनकी पत्नी नीना देवी अपने नौ माह के बच्चे शुभम को अगरतला से लेकर रांची लौटे थे। लातेहार की ट्रेन नहीं मिलने से प्रदीप ने परिवार के साथ स्टेशन के बाहर रात गुजारा था। उसी दौरान बच्चा गायब हो गया था।

## जेसीआई यूथ ने मंदबुद्धि एवं अनाथ बच्चों के बीच अल्पाहार वितरित किया

**रांची।** जेसीआई यूथ रांची ने गुरुवार को अल्पाहर का वितरण किया। जेसीआई की अध्यक्ष सोनल अग्रवाल ने बताया कि संस्था द्वारा आदिम जाति सेवा मंडल बच्चों के निवारणपुर आश्रम में रहने वाले 100 मंदबुद्धि एवं अनाथ बच्चों को अल्पाहार दिया। अल्पाहार में चिप्स, समोसा, सैंडविच, बिस्कुट, मिक्सचर एवं विभिन्न प्रकार की खाद्य सामग्री शामिल थीं। बच्चों के साथ कई रोचक खेल खेलते हुए उनका मनोबल बढ़ाया। बच्चों ने सदस्यों के साथ खूब मौज-मस्ती की। बच्चों ने तालियां बजाकर संस्था के सदस्यों का स्वागत किया। इस दौरान संस्था की अध्यक्ष ने कहा कि इस तरह अनाथ आश्रम में जाकर के बच्चों के बीच प्यार बांटने से एक अलग अनुभूति होती है। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष प्रतीक बदानी, मोनिका गोयनका, विनायक शर्मा, गुणीत सिंह व अन्य सदस्य मौजूद थे।

# रिम्स जैसी अव्यवस्था कहीं भी नहीं देखी : डॉ राजकुमार

**राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान के निदेशक ने अस्पताल परिसर और विभाग का किया निरीक्षण**

- *500 रुपये जमा करा कर ट्रॉली ले जा सकते परिजन*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के निदेशक प्रो (डॉ) राजकुमार ने गुरुवार को अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें रिम्स में कई जगह अव्यवस्था का आलम देखने को मिला। इस पर उन्होंने कहा, देश के कई बड़े अस्पतालों का प्रबंधन मैंने देखा, लेकिन यहां जैसी अव्यवस्था कहीं भी नहीं देखी है। उनके साथ डीन डॉ विद्यापति, चिकित्सा अधीक्षक डॉ हीरेंद्र बिरुआ, उपाधीक्षक डॉ शैलेश त्रिपाठी भी मौजूद थे। रिम्स में डायनेमिक बेड मैनेजमेंट सिस्टम के तहत विभागों में बेड के उचित वितरण सुनिश्चित करने के लिए निदेशक ने मेडिसिन और स्किन विभाग का निरीक्षण किया। इस क्रम में निदेशक ने विभागों को समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए, ताकि डायनेमिक बेड मैनेजमेंट सिस्टम का क्रियान्वयन सुचारू ढंग से हो सके और मरीजों को इसका फायदा पहुंचे। स्किन विभाग में खाली बेड पर डायनेमिक बेड मैनेजमेंट सिस्टम के तहत मेडिसिन की महिला मरीजों को और स्किन विभाग की महिला मरीजों के साथ में तथा मेडिसिन के पुरुष मरीजों को स्किन विभाग के पुरुष मरीजों के साथ वार्ड में रखने की व्यवस्था करने को कहा। साथ ही, वार्ड इंचार्ज सिस्टर को यहां तत्काल व्यवस्था करते हुए और नर्स प्रतिनियुक्त करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, प्रयुक्त दवाओं का इंडेंट कराने के भी आदेश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान निदेशक ने देखा कि मेडिसिन विभाग के वार्ड के कई बेड पर चादर नहीं थे। इसको लेकर उन्होंने मैट्रन को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, उनको मरीजों के बेड पर चादर और साफ-सफाई का ध्यान देने के भी आदेश दिए। वार्ड में मरीजों के परिजनों की भीड़ को देखते हुए निदेशक ने परिजनों से आग्रह किया है कि वह वार्ड में भीड़ न लगाएं। अस्पताल परिसर के निरीक्षण के दौरान निदेशक ने देखा कि ट्रॉली, व्हील चेयर इत्यादि अव्यवस्थित तरीके से परिसर में रखे हुए हैं। इस संबंध में उन्होंने चिकित्सा अधीक्षक और उपाधीक्षक को ट्राली, व्हील चेयर के लिए एक केंद्रीय स्थल बनाने के निर्देश दिए। जब वे वार्ड में गए, तो वहां पर ताला लगा हुआ ट्रॉली मिला। इस अव्यवस्था पर वे नाराज हुए, लेकिन 500 रुपये का नियम भी बनाया। इसके तहत मरीज के परिजन 500 रुपये जमा करा कर ट्रॉली ले जा सकते हैं और इसके वापस करते ही उन्हें पैसे वापस कर दिए जाएंगे। अस्पताल के मुख्य भवन से होते हुए डॉ राजकुमार आंकोलॉजी विभाग का निरीक्षण करने पहुंचे। आंकोलॉजी विभाग की दो लिफ्ट खराब थी। लेकिन, लिफ्ट खराब होने की जानकारी न तो विभाग में किसी को थी और न ही वहां कोई लिफ्टमैन मौजूद था।



**बर्न वार्ड में एसी दुरुस्त करने का दिया निर्देश**

जहां की स्थिति देख कर उन्होंने चिंता व्यक्त की। बर्न वार्ड में प्रबंधन और बुनियादी ढांचे की कमी को देखते हुए उन्होंने बर्न वार्ड के इंचार्ज डॉ अजय कुमार को यहां की व्यवस्था को बेहतर करते हुए वार्ड में एसी दुरुस्त करने और साफ-सफाई का खास ध्यान रखने के निर्देश दिए। साथ ही, निदेशक ने कैदी वार्ड का भी निरीक्षण किया और कैदियों से भी वार्ड संबंधित जानकारी ली। इस वार्ड में बाथरूम में जल-जमाव की समस्या को देखते हुए उन्होंने पीएचडी के इंजीनियर को इसे यथाशीघ्र ठीक करने को कहा।

## न्यूज बॉक्स

### शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**रांची ।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रांची रेलवे स्टेशन से शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में अंकित आनंद और अमित कुमार शामिल है। दोनों बिहार के खगड़िया के रहनेवाले है। इनके पास से 24 शराब की बोतल बरामद की गई है। बरामद शराब का बाजार मूल्य 17 हजार 700 रुपये है। गुरुवार को आरपीएफ ने बताया कि ऑपरेशन सतर्क के तहत आरपीएफ फ्लाइंग टीम और अपराध शाखा ने रांची रेलवे स्टेशन पर चेकिंग की। चेकिंग के दौरान दो लोगों को संदिग्ध अवस्था में खड़े देखा। उन्हें हिरासत में लेकर उनके बैग की जांच की । इस दौरान शराब बरामद की गई।

### लोकतंत्र में पूर्ण आस्था रखते हुए निर्भीक होकर मतदान करें : डॉ ब्रजेश

**रांची ।** रांची विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई एवं स्वीप, रांची के संयुक्त तत्वावधान में मतदान जागरूकता अभियान (2.0) के अंतर्गत गुरुवार को मतदाता जागरूकता साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रांची विवि के बेसिक साइंस परिसर से एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार की अध्यक्षता में रैली निकली। मौके पर डॉ ब्रजेश कुमार ने कहा कि लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए सभी लोग निर्भीक एवं निष्पक्ष होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि एनएसएस के स्वयंसेवक मतदान के प्रतिशत में वृद्धि करने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रांची लोकसभा क्षेत्र का चुनाव 25 मई 2024 को है। हम सभी अपना मतदान अवश्य करें एवं दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। एनएसएस के विश्वविद्यालय टीआरएल विभाग के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ किशोर सुरीन ने कहा कि वोट करना हमारा अधिकार है, इसका इस्तेमाल सही तरीकों से करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें किसी प्रकार के प्रलोभन में नहीं पड़ कर अपने विवेक से सही उम्मीदवार को अपना वोट देना चाहिए।

### धूमधाम से मनाया गया नाग देवता महादेव मंदिर का वार्षिकोत्सव

**रांची।** दलादली दुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में रिंग रोड, रातू, दलादली चौक के समीप अवस्थित नाग देवता महादेव मंदिर का पांचवां वार्षिक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। शिवलिंग को सजाकर पूजा-अर्चना की गई। मंदिर को फूलों एवं बिजली की लड़ियों से सजाया गया। महिला एवं पुरुषों ने भजन गायन किया। भंडारे का भी विशेष आयोजन किया गया। संध्या में बाबा भोलेनाथ की महाआरती की गई। महोत्सव में जनार्दन ओझा, एसएन शर्मा, अभिषेक मिश्रा, बिरेंद्र सिंह, मृत्युंजय शर्मा, राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, धर्मेंद्र उपाध्याय, रामाशीष शर्मा, गौतम राय, बबन सिंह, टुन्ना ओझा, प्रदीप कुमार सिंह, अरुण सिंह, राजेश दुबे, जितेंद्र तिवारी, मुन्ना यादव, अमरजीत सिंह, विभव दुबे, रितेश सिंह आदि का योगदान सराहनीय रहा।

### रांची समर्पण शाखा ने छठे स्थायी प्याऊ की स्थापना की

**रांची ।** मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा (सत्र 2024-25) ने गुरुवार को रांची यूनिवर्सिटी कचहरी रोड में छठी स्थायी अमृतधारा की स्थापना की। ज्ञात हो कि विगत 10 मई को अमृतधारा महोत्सव के अंतर्गत '7 दिन, 7 स्थान, 7 स्थायी अमृतधारा' लगाने का संकल्प लिया गया था। छठे स्थायी प्याऊ की स्थापना में अमृतधारा प्रभारी निकिता जालान के सौजन्य से रौनक चौधरी द्वारा सहयोग प्राप्त हुआ। इसके लिए शाखा ने उन्हें और उनके परिवार को तहे दिल से धन्यवाद प्रकट किया। आज के समारोह पर अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय संयोजक (अमृतधारा) वरुण जालान विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। साथ ही प्रांतीय मुख्यालय उपाध्यक्ष विशाल पड़िया अतिथि के रूप में उपस्थित थे। शाखा द्वारा अंग वस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया। शाखा ने दानदाता को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। साथ ही, उनके परिवार जनों को भी अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।



# एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय, एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड स्वच्छता पर जागरूकता फैलाने के लिए गुरुवार से 31 मई तक स्वच्छता पखवाड़ा-2024 मना रहा है। स्वच्छता पखवाड़े में स्वच्छता के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए स्थानीय समुदाय को शामिल किया जाएगा। स्वच्छता पखवाड़ा के शुभारंभ के साथ मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) रजनीश रस्तोगी ने विभागाध्यक्षों, वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में स्वच्छता शपथ दिलाई। शपथ में स्वच्छता को बढ़ावा देने और देश को स्वच्छ बनाने के लिए स्वच्छता मिशन में शामिल होने, दूसरों को प्रोत्साहित करने, स्वेच्छा से एक वर्ष में 100 घंटे का समय और सप्ताह में कम से कम दो घंटे समर्पित करने पर जोर दिया गया। बाद में कर्मचारियों और सहयोगियों ने 'मैं स्वच्छता राजदूत हूं' की थीम के साथ सेल्फी जोन में भाग लिया, स्वच्छ भारत अभियान की पहल को सफलतापूर्वक प्राप्त करने में मदद करने के लिए अपनी व्यक्तिगत प्रतिबद्धता को दोहराया। स्वच्छता पखवाड़ा उत्सव के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान, स्कूली बच्चों के लिए विषयगत पेंटिंग प्रतियोगिता, कचरा प्रबंधन पर कार्यशाला और नुक्कड़ नाटक जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ।



# आईसीएआर-राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान ने मनाया राष्ट्रीय लाख कीट दिवस

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर)-राष्ट्रीय उच्चतर कृषि प्रसंस्करण संस्थान, रांची ने लाख क्षेत्र के प्रचार और सुधार पर वांछित जागरूकता पैदा करने के लिए गुरुवार को राष्ट्रीय लाख कीट दिवस मनाया। भारत कई पौधों और जानवरों की प्रजातियों के लिए जैव विविधता का केंद्र है, ऐसी ही एक अनोखी प्रजाति है लाख का कीट। लाख के कीट, भारत के समृद्ध कीट जीव-जंतुओं की सर्वोच्च विविधता का एक उदाहरण है, जो राल, डाई और मोम से जुड़े हुए हैं। हमारा देश दुनिया में लाख का सबसे बड़ा उत्पादक है । यहां दुनिया के कुल लाख उत्पादन का लगभग 50-60% हिस्सा उत्पादित होता है। लाख की खेती मुख्य रूप से झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल और ओडिशा के गरीब आदिवासी किसानों द्वारा की जाती है। स्वागत भाषण में डॉ निरंजन प्रसाद, प्रमुख कृषि-जैवसंसाधन आवर्धन संभाग और प्रधान समन्वयक, एनपीसीएलआईजीआर ने झारखंड के आदिवासी किसानों की स्थायी आजीविका के लिए लाख के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डॉ सौमेन घोषाल ने 'लाख की खेती', संजय कुमार पांडेय ने 'लाख प्रसंस्करण और विभिन्न लाख उत्पाद' तथा डॉ फहीम अंसारी ने 'लाख का मूल्यवर्धन और अनुप्रयोग' पर व्याख्यान दिए। आईसीएआर-राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान के निदेशक डॉ अभिजीत कर ने इस बात पर जोर दिया कि आईसीएआर-राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान, रांची (पूर्व में भारतीय प्राकृतिक राल और गोंद संस्थान तथा भारतीय लाख अनुसंधान संस्थान) ने नेतृत्व की स्थिति बनाए रखने में अग्रणी भूमिका निभाई है।



# भारत के बढ़ते वैश्विक कद से बदली है स्थिति : प्रो पंत

- *वर्ष 2020 के गलवान मुद्दे के बाद खराब हुए हैं चीन से रिश्ते*
- *भारत के हितों को कोई भी बढ़त नहीं देना चाहता है चीन*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड (सीयूजे) के अंतरराष्ट्रीय संबंध विभाग ने 'चीन-भारत संबंध और बदलती विश्व व्यवस्था' पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया। नई दिल्ली स्थित ओआरएफ के अध्ययन और विदेश नीति के उपाध्यक्ष और किंग्स इंडिया इंस्टीट्यूट के अंतरराष्ट्रीय संबंधों के प्रोफेसर, दिल्ली स्कूल ऑफ ट्रांसनेशनल अफेयर्स, दिल्ली विश्वविद्यालय के मानद निदेशक प्रो हर्ष वी. पंत ने यह व्याख्यान दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत के बढ़ते वैश्विक कद से स्थितियां बदल गई हैं। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ अपर्णा, सहायक प्रोफेसर, अंतरराष्ट्रीय संबंध विभाग ने प्रो हर्ष वी. पंत का स्वागत किया और विषय परिचय दिया। डॉ आलोक कुमार गुप्ता, डीन, स्कूल ऑफ ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंसेज ने दिन के वक्ता को 'दक्षिण एशियाई क्षेत्र एवं भारत-प्रशांत क्षेत्र को गंभीर रूप से कैसे एकीकृत किया जाए' प्रश्न के साथ आमंत्रित किया। प्रो हर्ष वी. पंत ने बदलती विश्व व्यवस्था की समझ को गिनाते हुए अपने व्याख्यान की शुरुआत की। बदलती विश्व व्यवस्था पर उनके व्याख्यान का मुख्य आकर्षण बहु-ध्रुवीयता की भूमिका थी। उन्होंने कहा, संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे देश अंतर्मुखी हो रहे हैं और आज समान विचारधारा वाले देशों के बीच व्यापार को प्राथमिकता दे रहे हैं। उन्होंने बदलती विश्व व्यवस्था में भू-राजनीति की भूमिका पर भी प्रकाश डाला, जो अब आर्थिक कारकों द्वारा संचालित हो रही है। प्रो पंत इंडो-पैसिफिक जैसे उभरते रणनीतिक भूगोल पर भी जोर देते हुए कहा कि यह एक सन्निहित क्षेत्र है और जिस तरह से विश्व व्यवस्था बदल रही है, उसके केंद्र में है। आज की विश्व व्यवस्था में, यूएनएससी, डब्ल्यूटीओ, डब्ल्यूएचओ जैसे बहुपक्षीय संस्थाएं निष्क्रिय हो रही हैं, जबकि क्वॉड जैसे लघुपक्षवाद में वृद्धि हो रही है। प्रो पंत ने चीन-भारत संबंधों के बारे में बात करते हुए कहा कि 2020 में गलवान मुद्दे के बाद से रिश्ते खराब हुए हैं। उनके अनुसार, चीन एक उभरती हुई शक्ति के रूप में सभी देशों के लिए अपनी परिधि-संबंधी चुनौतियों को आकार देने की कोशिश कर रहा है। हालांकि, भारत भी बढ़ रहा है और चीन को वीटो के माध्यम से भारत के हितों में कोई भी बढ़त नहीं देना चाहता है। पहले चीन भारत को कमतर खिलाड़ी के रूप में लेता था, लेकिन भारत के बढ़ते वैश्विक कद और अमेरिका के साथ बढ़ती साझेदारी के कारण चीजें बदल गई हैं।



# पीजी सेमेस्टर 2 की परीक्षा तिथि अविलंब बढ़ाई जाए : आजसू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के सदस्यों ने गुरुवार को पीजी सेमेस्टर-2 की परीक्षा की तिथि को बढ़ाने को लेकर पीजी विभाग के छात्र-छात्राओं के साथ रांची विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक का घेराव किया। घेराव करने वाले विद्यार्थियों ने इस दौरान नारेबाजी भी की और विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ रोष व्यक्त किया। छात्र आजसू ने मांग की कि पीजी सेमेस्टर-2 की परीक्षा तिथि अविलंब आगे बढ़ाई जाए।

परीक्षा नियंत्रक ने कहा कि जल्द ही इसपर विचार करके तिथि को आगे बढ़ा दिया जाएगा। मौके पर छात्र आजसू की रांची विश्वविद्यालय इकाई के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय में पीजी के कई विभाग के बहुत सारे विषयों के पाठ्यक्रम अबतक पूरी तरह से कंप्लीट नहीं हुए हैं। कुछ विभागों में मिड सेमेस्टर-4 की परीक्षा भी अबतक आयोजित नहीं हुई है। ऐसे में विश्वविद्यालय द्वारा अभी सेमेस्टर-2 परीक्षा कराना उचित नहीं है। अभी विश्वविद्यालय के सभी विभागों के छात्र-छात्राओं के बीच परीक्षा को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है और वे अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित नहीं कर पा रहे हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन और पीजी डिपार्टमेंट के शिक्षकों के बीच तालमेल का अभाव दिख रहा है, तब ही तो विवि प्रशासन ने बिना पाठ्यक्रम पूरा हुए विद्यार्थियों को परीक्षा में झोंकने का तुगलकी फरमान जारी किया है।








## प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने किया दावा

# चार चरण के बाद एनडीए बहुमत के पार, अब 400 की बारी

**ब्यूरो रिपोर्ट । रांची**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद अरुण सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव के चार चरण संपन्न हो चुके हैं। इसमें प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन ने बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है। अब हम 400 के आंकड़े की ओर बढ़ रहे हैं। इन चार फेज में आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और अन्य राज्य में एनडीए गठबंधन को एकतरफा सीटों का लाभ हो रहा है। इंडी गठबंधन के लोगों में हताशा और निराशा व्याप्त है। भाजपा नेता गुरूवार को प्रदेश कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधन के दौरान दावा किया।

**1.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में राम मंदिर बनने का मार्ग प्रशस्त हुआ। राम मंदिर जाकर भूमि पूजन किया।

### तुष्टीकरण के कारण मंत्री से नहीं लिया जा रहा इस्तीफा

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री ने कहा कि झारखंड में इंडी गठबंधन की सरकार है। यहां भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण चरम पर है। आलमगीर आलम को गिरफ्तार किया गया है। पूरे देशवासियों ने देखा कि 38 करोड़ रुपए उनके सहयोगी और नौकर के पास से मिले हैं तो कल्पना करना चाहिए कि कितने 100 करोड़ और उनके पास होंगे। उसके बाद भी अभी तक आलमगीर आलम ने इस्तीफा नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि ये वही आलमगीर आलम है, जिन्होंने कोविड के समय लॉकडाउन में तब्लीगी जमात के लोगों को जमा करके कोविड के नियमों को तोड़ते हुए अलग-अलग स्थान और बंगाल भेजने का काम किया था। नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ाई थी। बहुचर्चित नाम है, लेकिन तुष्टीकरण के कारण इनसे अभी तक इस्तीफा नहीं लिया गया है। जो कठोर कार्रवाई राज्य सरकार को करनी चाहिए, वह अभी तक नहीं हुई है।




### देश में लैंड जिहाद का सबसे बड़ा केंद्र संताल परगना

झारखंड में तुष्किरण का खेल चल रहा है। संताल परगना मैं लैंड जिहाद चल रहा है। बांग्लादेशी आते हैं। आदिवासी लड़कियों से शादी करते हैं। शादी करने के बाद जमीन हड़पते हैं। जमीन हड़पने के बाद लड़की को बोटी-बोटी काट देते हैं, लेकिन सरकार उन पर कार्रवाई नहीं करती क्योंकि तुष्टिकरण के मार्ग पर सरकार चल रही है। लैंड जिहाद का सबसे बड़ा उदाहरण देश में झारखंड में देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि एक तरफ इंडी गठबंधन ने सदैव राम मंदिर का विरोध किया। कोर्ट में खड़े होकर कहा कि जज साहब इतनी जल्दी क्या है। जजमेंट नहीं दें और 500 साल पुराने राम मंदिर को केस को उलझाते रहे, लटकाते रहे, भटकाते रहे। रोड़ा अटकत रहे।

### पाक अधिकृत कश्मीर भी देश का अभिन्न अंग

इंडी गठबंधन के लोगों ने 6 दशक से अधिक देश पर राज किया। कश्मीर से धारा 370 को कभी भी हटाने की बात नहीं की। इसकी वजह से देश के कानून वहां लागू नहीं होते थे। देशवासियों को डराते थे कि धारा 370 नहीं हटना चाहिए, नहीं तो वहां खून खराबा हो जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में धारा 370 को उठाकर फेंक दिया गया। अब पूरी तरीके से जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग बन गया। अब वहां देश के सारे नियम कानून लागू होते हैं। आरक्षण का कानून भी वहां लागू हुआ। भारतीय जनता पार्टी की संकल्पना है कि पीओके भी भारत का ही अभिन्न अंग है। उसको भी हमें लेना है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने घोषणा की है कि सरकार आने के बाद यूसीसी को लागू करेंगे।

**2.** गरीबों के लिए 3 करोड़ और मकान बनेगा। पीएम सौर घर योजना के माध्यम से आने वाले दिनों में गरीबों के घरों में बिजली मुफ्त होगी। ऊपर सोलर सिस्टम लगेगा।

### लैंड और लीकर माफिया से वसूली कर रही सरकार

भाजपा नेता ने कहा कि लैंड माफिया, सेंड माफिया, स्टोन माफिया, लीकर माफिया झारखंड सरकार को चला रहे हैं। सरकार अनाप-शनाप पैसा इनसे ले रही है। इसी का नतीजा है कि राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अभी जेल में है। मंत्री जेल में है। दो दो आईएएस अधिकारी भी जेल में है। यह पहला ऐसा राज्य है, जहां इतने अधिकारी भ्रष्टाचार के केस में जेल के अंदर हैं। जब भी इंडी गठबंधन की सरकार बनती है, झारखंड को सदैव लूटने का काम करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा और एनडीए की सरकार आने पर झारखंड को संवारने का काम करती है। जेएमएम, कांग्रेस, राजद गठबंधन की सरकार हमेशा लूटने का काम करती है। इसलिए झारखंड पीछे जा चुका है।

## चुनाव के दौरान सेवा के लिए तैयार है रिम्स : प्रो राजकुमार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में अभी और तीन चरणों में चुनाव होने शेष हैं। इनमें कई जिलों में नक्सल प्रभावित क्षेत्र भी हैं। ऐसे में चुनाव को दौरान होने वाली किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना पर राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के निदेशक प्रो राजकुमार ने कहा कि रिम्स ऐसी परिस्थिति के लिए हर तरह से तैयार है। कहा कि रिम्स पहुंचने तक मरीज की सांसें चलनी चाहिए, बाकी हम लोग संभाल लेंगे। यदि मामला आता है, तो ऑपरेशन थियटर से लेकर एक स्पेशल वार्ड तैयार मिलेगा। इसके साथ ही जरूरत की सभी दवाएं उपलब्ध रहेंगी। ब्लड तथा ऑक्सीजन की कमी नहीं होगी। हेलीपैड को उन्होंने राज्य का मामला बताते हुए कहा कि यह प्रशासन पर है कि वह उसने क्या व्यवस्था की है।



*रिम्स पहुंचने तक मरीज की सांस चलनी चाहिए बाकि हम संभाल लेंगे*

*सभी दवाएं उपलब्ध रहेंगी, खून और ऑक्सीजन की कमी नहीं*

## रांची विधायक सीपी सिंह ने जनसंपर्क अभियान चलाया

**रांची।** रांची लोकसभा क्षेत्र के भाजपा से प्रत्याशी संजय सेठ के पक्ष में मतदान के लिए रांची के विधायक सीपी सिंह ने गुरुवार को जनसंपर्क अभियान चलाया। जनसंपर्क अभियान कैलाश मंदिर, गोपाल मंदिर रोड नंबर पांच, न्यू लायंस क्लब चूना भट्ठा सहित विभिन्न मुहल्ले में चलाया गया। विधायक के साथ अन्य भाजपा नेता घूम घूम कर कर कमल छाप में वोट देने का आग्रह किये। इस दौरान सीपी सिंह ने कहा कांग्रेस की सरकार झारखंड को लूट खंड बनाकर लूटने का काम किया है। गरीब जनता का खून पसीना का कमाई कांग्रेस के नेताओं के घर में मिल रहे हैं। मोदी का नारा है ना खाया हूं ना खाने दूंगा। नौकरी के नाम पर युवाओं को गुमराह किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर झारखंड की जनता को भरोसा है। इस बार जनता 400 पार सीट देगी और रांची लोकसभा पांच लाख वोट से ज्यादा से संजय सेठ जीतेंगे।

## 'मोदी के रहते कोई एससी-एसटी और ओबीसी आरक्षण खत्म नहीं कर सकता'

*10 वर्ष में प्रधानमंत्री ने भ्रट मंत्रियों, अफसरों और नेताओं पर कड़ी कार्रवाई की, इनमें से कई आज जेल में हैं*

**नवीन मेल संवाददाता**




**पाकुड़।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राजमहल लोकसभा के पाकुड़ जिले में बूथस्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को गुरुवार को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के रहते कोई भी आदिवासी, दलित और ओबीसी के आरक्षण को खत्म नहीं कर सकता है। इंडी गठबंधन वालों की दुकान बंद हो रही है। उनके साथ जनता खड़ी नहीं है। इसलिए भी दुष्प्रचार कर रहे हैं। उनकी साजिश को समझें। मरांडी ने कहा कि विपक्षी दल प्रधानमंत्री मोदी को हटाने के लिए साजिश कर रहे हैं। पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी ने भ्रष्ट मंत्रियों, अफसरों और नेताओं पर कार्रवाई की है। जो जेल में बंद हैं। आज इस लोकसभा क्षेत्र से दो-दो लोग जेल में बंद हैं। राजमहल लोकसभा के बरहेट विधायक और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल में बंद है। लोग कहते हैं कि उन्हें फंसा दिया गया है परन्तु वे अपनी करनी से जेल में है। उन्होंने राजमहल के पहाड़ों को अवैध रूप से खनन कर पत्थरों को बिहार और बांग्लादेश को बेच दिया। पैसे अपनी तिजोरी में भर लिये। नदी का बालू यूपी और बिहार ले जाते रहे परन्तु यहां के लोगों को बालू नहीं मिलती है। बालू लाने पर उन पर कार्रवाई की जाती है। झारखंड के लोगों को प्रधानमंत्री आवास बनाने के लिए बालू नहीं मिलती है। लोगों को परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि हेमंत अमरापाड़ा, लिट्टीपाड़ा में रात में कोयला की चोरी कराते थे। फर्जी कागज बनाकर जमीन को बेचने और बेचवाने का काम किया।

## कांग्रेस रोजगार और महंगाई की,भाजपा मंदिर और मंगल सूत्र की करती है बात : मणि शंकर

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद ।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मणि शंकर ने गुरुवार को धनबाद लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के समर्थन में लोगों से वोट मांगने पहुंचे थे। धनबाद के एक होटल में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि देश में इंडी गठबंधन के पक्ष में लहर चलने की बात कही। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मणि शंकर ने कहा कि जब कांग्रेस रोजगार, महंगाई और किसानों की समस्या की बात करती है, तो पीएम मोदी पाकिस्तान, राममंदिर और मंगलसूत्र की बात करते है। उन्होंने कहा कि जो अपनी पत्नी को मंगलसूत्र की गारंटी नहीं दे सका, वो लोगों को क्या गारंटी देगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने देश के वरिष्ठ नागरिकों को छलने और उनका सम्मान छिनने का काम किया है।




रेलवे में वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली रियायत को बंद कर पिछले चार वर्षों में इस सरकार ने 8.5 करोड़ रुपये की कमाई की। बैंकों और पोस्टऑफिस में वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली विशेष रेट ऑफ इंटरेस्ट को कम कर दिया गया। इसके साथ ही 65 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों को बैंक से ऋण लेने पर भी पाबंदी लगा दी गई। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह सरकार जिस पाकिस्तान और चाइना जैसे देश को कोसते नहीं थकती, उसी सरकार ने इलेक्ट्रोलर बॉन्ड और पीएम केयर फंड में पाकिस्तान और चाइना के कंपनियों से पैसे लिए। उन्होंने कहा कि देश में राहुल गांधी के नेतृत्व वाली इंडी गठबंधन की लहर चल रही है। लोग अब देश मे बदलाव चाहते हैं, और इंडी गठबंधन पर भरोसा भी कर रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि धनबाद लोकसभा चुनाव में एक दबंग और एक साफ सुथरी छवि वाले पढ़ी लिखी महिला प्रत्याशी के बीच मुकाबला है। उन्होंने कहा कि हम जात की राजनीति नहीं करते हम जमात लेकर चलते हैं और हमें हर जाति का समर्थन प्राप्त हो रहा है। इस बार धनबाद लोकसभा सीट से कांग्रेस की जीत पक्की है।

## हमारी नई सरकार हर जिले में रोजगार का अवसर खोलेगी : डॉ. मोहन यादव

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** जयनगर के चुनावी सभा में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि कोडरमा की धरती अबरख की धरती के नाम से जाना जाता है। यहां खनिजों का भंडार है, फिर भी झारखंड प्रदेश के लोग पलायन करने पर मजबूर हैं। यदि फिर से भारतीय जनता पार्टी की सरकार देश में बनती है तो प्रत्येक जिले में रोजगार के अवसर खोले जाएंगे। सभा में कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा की उम्मीदवार व केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विभिन्न योजनाओं को धरातल पर उतारा है। प्रधानमंत्री देश हित में सोचकर देश के विकास में काम कर रहे हैं। धन को लूटाने का काम नहीं कर रहे हैं। आज चुनाव में पैसे का खेल खेला जा रहा है। लगता है विपक्ष के गठबंधन वाले अपना संतुलन खो चुके हैं। विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि यह है मोदी की गारंटी। आपका एक वोट भ्रष्टाचार पर करारा प्रहार होगा। इस बार आपके वोट से जनता को लूटने वाला हर भ्रष्टाचारी सलाखों के पीछे पहुंच जाएगा।



## बोकारो में निर्वाचन कार्य में शिथिलता पर बीएलओ व सुपरवाइजर को करें शो-कॉज : रवि कुमार

# निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार लोकसभा चुनाव की तैयारी का जायजा लेने धनबाद लोकसभा क्षेत्र के बोकारो पहुंचे। उन्होंने बोकारो जिले में कम मतदान प्रतिशत वाले विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर वहां की वस्तु स्थिति से अवगत हुए। साथ ही सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील की। सीईओ ने बोकारो पब्लिक स्कूल स्थित मतदान केंद्र संख्या 294 के बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर को मतदान कार्य में शिथिलता बरते जाने को लेकर शो-कॉज करने का निर्देश दिया।

विभिन्न मतदान केन्द्रों के निरीक्षण में उन्होंने वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का वितरण शीघ्र कराने का निर्देश दिया, साथ ही एएसडी सूची को अद्यतन करने, मतदान के लिए मतदाता सूची में नाम होने के बाद अगर किसी मतदाता के पास मतदाता पहचान पत्र नहीं रहने की स्थिति में अन्य 12 प्रकार के डॉक्यूमेंट दिखाकर मतदान किये जाने के संबंध में मतदाताओं को जागरूक किए जाने का निदेश दिया। उन्होंने वोटर इन्फॉर्मेशन स्लीप का वितरण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने एवं अबसेंट, शिफ्टेड एवं डेथ (एएसडी) सूची को दुरुस्त कराने का निदेश दिया। उन्होंने वोलेंटियर की सेवा लेने और उन्हें उनके कार्य दायित्वों के लिए प्रशिक्षित करने का निर्देश दिया। उन्होंने क्यू मैनेजमेंट एवं टाइम मैनेजमेंट पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बोकारो जिले के चिन्मया विद्यालय, बोकारो पब्लिक स्कूल, बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सामान्य प्रेक्षक अरुण महेश बाबू, जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह-उपायुक्त विजया जाधव, उप विकास आयुक्त संदीप यादव, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रतिभा कुजूर, ओम प्रकाश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



### मतदान में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए

के रवि कुमार ने कहा कि मतदाताओं को अपने मताधिकार के प्रयोग में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मतदान की प्रक्रिया को सुगम और व्यवस्थित बनाने तथा मतदान केन्द्रों को सजाकर आकर्षक बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने मतदान दिवस की गतिविधियों का आकलन करते हुए तैयारी पूर्ण कराने का निर्देश दिया। मतदान दिवस के दिन मतदान की प्रक्रिया को तेज रखने का निर्देश देते हुए कहा कि मतदान प्रक्रिया में अनावश्यक सुस्ती के कारण मतदाताओं को वेबजह क्यू में खड़ा नहीं रहना पड़े। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया गति के साथ चल सके और मतदाताओं को मत देने के लिए ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़े, इसके लिए 1200 से अधिक मतदाता वाले मतदान केन्द्रों पर रिजर्व में रखे गये मतदान कर्मियों को लगाने का प्रावधान है। ये अतिरिक्त मतदान कर्मी अन्य चुनाव कर्मियों को सहयोग करेंगें, जिससे मतदान कराने की गति में तेजी आएगी।

## न्यूज | बॉक्स

### महिला अपराध व रंगदारी के आरोपितों की जमानत रद्द करने को लेकर क्या हुई कार्रवाई

**रांची ।** झारखंड हाई कोर्ट में दुमका में स्पेनिश महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म एवं सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्ति जज (स्वर्गीय) एमवाई इकबाल के रांची स्थित जमीन की बाउंड्री वॉल तोड़कर जमीन पर कब्जे की कोशिश मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान लेकर गुरुवार को सुनवाई हुई।कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार से पूछा है कि राज्य में जमीन कब्जा, महिला अपराध एवं रंगदारी के मामलों में लगातार लिप्त रहने वाले आरोपितों की जमानत रद्द करने को लेकर क्या कार्रवाई हुई है। इस संबंध में कोर्ट ने सरकार से जवाब मांगा है। कोर्ट ने सरकार को एक चार्ट तैयार करने को कहा है, जिसमें आरोपितों की पहचान से संबंधित डाटा रहे, ताकि वह अगर दूसरी बार भी वे अपराध करते हुए पकड़े जाएं तो उनकी पहचान आसानी से हो सके। इससे पहले राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि पिछले छह माह से झारखंड में भू माफियाओं के जमीन कब्जे, महिलाओं के खिलाफ अपराध एवं रंगदारी मांगने की घटना को लेकर दर्ज मामले में का डाटा एक होने का कारण यह है कि वही अपराधी बार-बार ऐसी घटनाओं को अंजाम देते हैं।

### हाई कोर्ट ने बहुमंजिली इमारतों में वाटर हार्वेस्टिंग की जांच को लेकर बनाई छह अधिवक्ताओं की कमेटी

**रांची ।** झारखंड हाई कोर्ट में रांची के जलस्त्रोतों के संरक्षण एवं रांची के तीन डैम की साफ सफाई और उसे अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर कोर्ट के स्वत संज्ञान की सुनवाई गुरुवार को हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट में



रांची के बहुमंजिला इमारतों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की जांच के लिए छह अधिवक्ताओं की कमेटी बनाई है। अधिवक्ताओं की यह कमेटी रांची नगर निगम के तीन अभियंताओं के साथ मिलकर इसकी जांच करेगी की जिन बहुमंजिला इमारतो में रेनवाटर हार्वेस्टिंग लगे होने का दावा रांची नगर निगम कर रही है, वह मेंटेन होता है या नहीं। रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम चालू हालत में है या नहीं। अधिवक्ताओं की कमेटी इसकी जांच कर कोर्ट को रिपोर्ट सौंपेगी। पिछली सुनवाई में रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन शाहदेव ने कोर्ट को बताया गया था कि राजधानी रांची के 710 बहुमंजिला इमारतों में से 648 बहुमंजिला इमारतों में वाटर हार्वेस्टिंग किया जा चुका है।

### सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से सुधारेंगे हरमू नदी की दशा : धर्मेंद्र तिवारी

**रांची ।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के टिकट पर रांची लोकसभा से चुनाव लड़ रहे धर्मेंद्र तिवारी ने गुरुवार को अपने जनसंपर्क यात्रा में हरमू नदी की बदहाली और उसमें सुधार के उपाय पर जोर दिया। धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि रांची में हरमू नदी का स्वरूप बिगड़ गया है। खास हरमू में यह नदी, अब नाले में परिवर्तित हो गई है। इसका जल विदूषित हो चुका है। इसका पानी पीने लायक नहीं रहा। शहर का सारा कचरा इसी में डंप होता है। पहले जहां इसका पानी स्वच्छ था, अब काला हो गया है। जरूरत इस बात की है कि हरमू में जो पानी गिरता है, जो नालों का पानी सीधे इसमें मिल जाता है, उसे रोका जाए। पहले नालों का पानी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में भेजा जाए, जहां से साफ होकर वह हरमू में मिले। ऐसे ही हम लोग हरमू नदी को बचा सकते हैं अन्यथा जिस हरमू को हम लोग लाइफ लाइन मानते रहे हैं, वह डेथ लाइन में कब बदल जाए, कोई कह नहीं सकता। इससे पूर्व तिवारी नामकुम, कचहरी, झारखंड उच्च न्यायालय, द्वारिकापुरी, जोड़ा तालाब मैदान, और मेन रोड में भी जनसंपर्क अभियान चलाया।

### धुर्वा बस स्टैंड में राजद ने यशस्विनी के पक्ष में चलाया जनसंपर्क अभियान



**रांची ।** धुर्वा बस स्टैंड पर रांची लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के पक्ष में चुनाव प्रचार के दौरान बैठक कर जनसंपर्क अभियान चलाया गया। बैठक के दौरान विशेष तौर पर प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव उपस्थित हुए। चर्चा में कांग्रेस,राजद,जेएमएम के साथ युवा वर्ग एवं विभिन्न सामाजिक संगठन के लोग उपस्थित हुए । सभी लोगो ने इंडिया गठबंधन प्रत्याशी यशस्विनी सहाय को भारी मतों से जिताने का संकल्प लिया । इस दौरान सभी लोगों ने बैठक में मौजूद राजद महासचिव कैलाश यादव से कहा कि यशस्विनी सहाय एक युवा प्रत्याशी है। लाखों की आबादी वाला धुर्वा क्षेत्र में अधिकांशतः बिहार,यूपी के लोग रहते हैं धुर्वा एचईसी क्षेत्र को मिनी बिहार भी कहा जाता है इसलिए हम लोगो का मांग है कि बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री युवाओं के चहेते नेता तेजस्वी यादव का कार्यक्रम धुर्वा में होना चाहिए। इस अवसर पर बैठक में राजद महासचिव कैलाश यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में तेजस्वी यादव के लिए बिहार और झारखण्ड सभी जगहों पर काफी मांग है और वे राज्य के लगभग सभी गठबंधन प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करने के लिए जा भी रहे हैं।

### भाजपा वैश्य एवं पिछड़ों को धोखा देने का काम किया है : महेश्वर साहु

**रांची ।** वैश्य नेता और कांग्रेस के सदस्य महेश्वर साहु ने कहा है कि भाजपा ने अब तक वैश्य एवं पिछड़ों को धोखा देने का काम किया है। वैश्य समाज के लोग अब तक भाजपा को वोट देते रहे हैं। लेकिन देखा जाए तो केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार रहते हुए ही वैश्यों एवं पिछड़े वर्ग को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। नोट बंदी, जीएसटी, आरक्षण, छोटे व्यापारियों की ऋण इसके प्रमाण है। गुरुवार को साहु रांची के सर्कुलर रोड स्थित एक होटल में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि संयुक्त बिहार में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलता था, लेकिन अलग राज्य बनने के बाद तत्कालीन भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने ओबीसी का आरक्षण घटा कर 14प्रतिशत कर दिया। 2011 में जब अर्जुन मुंडा मुख्यमंत्री थे तो 25 वैश्य उप जातियों को राष्ट्रीय ओबीसी सूची से हटा दिया गया था। हालांकि मेरे लंबे संघर्ष के बाद करीब 14 उप जातियों को पुनः शामिल किया गया। जबकि सबसे अधिक समय तक राज्य की सत्ता में रहने के बावजूद भाजपा ने ओबीसी का आरक्षण बढ़ा कर 27 प्रतिशत नहीं किया। जब महागठबंधन की सरकार ने ओबीसी का आरक्षण बढ़ा कर 27प्रतिशत करना भी चाहा तो इसे भाजपा वालों ने साजिश करके खारिज करवा दिया। कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन ओबीसी की हित में काम करना चाहती है। इस बार कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को जीतना जरूरी है।

## एक नजर

### झामुमो कार्यकर्ताओं ने डोर टू डोर मांगा वोट

**गिद्दी।** झामुमो कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को डाड़ी पंचायत में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल के पक्ष में डोर टू डोर जनसंपर्क किया। झामुमो के डाड़ी प्रखंड अध्यक्ष लखनलाल महतो के नेतृत्व में डाड़ी पंचायत में डोर टू डोर जनसंपर्क करके हजारीबाग लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से गठबंधन के प्रत्याशी जेपी पटेल को भारी मतों से जीताने की अपील की। जनसंपर्क करने वालो में लखनलाल महतो के अलावे राजेश्वर महतो, सुबोध महतो, अर्जुन महतो, रेशम लाल महतो, तालेश्वर महतो, रबिंद्र महतो, खेमलाल महतो, रमेश बेदिया, अजय बेदिया, बिहारी बेदिया, सुरेश बेदिया आदि कार्यकर्ता शामिल थे।

### जेपी के समर्थन में इंडी ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**रामगढ़।** इंडिया गठबंधन प्रत्याशी जय प्रकाश भाई के लिए गठबंधन के लोगों ने बुधवार को केदला क्षेत्र में दर्जा प्राप्त मंत्री फागु बेसरा के साथ जनसंपर्क अभियान चलाकर जनसमर्थन मांगा। समर्थकों के साथ अभियान की शुरूआत केदला नगर में नुक्कड़ सभा से हुई। जिसकी अध्यक्षता सुरेश चंद्र पटेल और संचालन नरेश हासंदा ने किया। मौके पर कांग्रेस के पक्ष में हाथ छाप पर वोट करने की अपील करते हुए बेसरा ने कहा कि केंद्र सरकार के उपक्रम कंपनियां लोगों का शोषण कर रही है। आज एक आदिवासी मुख्यमंत्री को जेल में डाल कर रखा है।

### भुरकुंडा लोकल सेल में दावेदारी को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन

**भुरकुंडा।** जवाहरनगर पंचायत के पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी के नेतृत्व में मंगलवार को ग्रामीणों ने जोरदार प्रदर्शन किया। सीसीएल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए ग्रामीणों ने कहा कि जब तक भुरकुंडा लोकल सेल में उनकी भागीदारी सुनिश्चित नहीं हो जाती, तब तक वे लोकल सेल खुलने नहीं देंगे। आक्रोशित ग्रामीणों का कहना था कि मसले पर सीसीएल अधिकारियों की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। वे क्षेत्र के स्थानीय बेरोजार विस्थापितों का हक मार कर अपने कुछ करीबियों को लाभांवित करना चाहते हैं, जो वे होने नहीं देंगे। लंबे अरसे के बाद भुरकुंडा कोलियरी का लोकल सेल खुलने की कगार पर पहुंचा है।

### केशव प्रसाद मौर्य आज केरेडारी में करेंगे जनसभा

**हजारीबाग।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शुक्रवार (17 मई) को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा का आयोजन हजारीबाग जिले के केरेडारी स्थित कृषि फार्म मैदान में शाम 6:00 बजे से किया गया है। इस अवसर पर रांची विधायक सीपी सिंह, लोकसभा प्रभारी शशिभूषण भगत, लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल, हजारीबाग जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता भी मौजूद रहेंगे।

### महाकाल के लाल व एमपी के सीएम का हुआ बरही में जोरदार स्वागत

# रामभक्त ही शासन करेगा दिल्ली के आसन में : मनोज यादव



**नवीन मेल संवाददपाता। बरही** पंचमाधव स्थित आश्रम मैदान में भाजपा उम्मीदवार मनीष जायसवाल के पक्ष में एमपी के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की एक विशाल जनसभा हुई। जिसमे भाजपा प्रत्याशी सहित बिहार के पूर्व मंत्री व बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, राज्यसभा सांसद खीरू महतो, ओबीसी प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत यादव, लोकसभा संयोजक टुन्नु गोप, जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह, जिप अध्यक्ष उमेश मेहता, उपाध्यक्ष किसुन यादव, जिप सदस्या प्रीति कुमारी, रंजीत चंद्रवंशी, भगवान केसरी, अर्जुन साहू, शिवलाल महतो, गुरुदेव गुप्ता, अमित साहू, रिंकी कुमारी आदि सहित कई हजारों की संख्या में श्रोता मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष और संचालन जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने किया। राज्यसभा सांसद महतो ने विपक्ष के प्रत्याशी और पूर्व विदेश मंत्री पर करारा प्रहार करते हुए, अवसरवादी और दल बदलू बताया। जनसभा में उपस्थिति सभी वक्ताओं ने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए भाजपा के विचारो से जनसमूह को अवगत कराया। सबों ने भाजपा के 400 पार के नारों को दुहराते हुए भाजपा प्रत्याशी जायसवाल के पक्ष में वोट देने की अपील की। 12.35 में मुख्य अतिथि का हेलीकॉप्टर लैंड किया और एमपी के सीएम मंचासिन हुए। जिनका उपस्थित नेताओ ने फुल माला और अंगवस्त्र से जोरदार स्वागत किया। उपस्थित जनसमूह में मोदी-मोदी के नारे गूंज उठे। महाकाल के लाल व एमपी के सीएम का स्वागत करते हुए पूर्व मंत्री सह पूर्व विधायक मनोज यादव ने भाजपा प्रत्याशी जायसवाल को हजारीबाग का सांसद और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए बीजेपी को वोट देने की अपील किया। अंत में शायराने अंदाज में अपने सम्बोधन को समाप्त करते हुए कहा कि तय कर लो कि सत्य सनातन की छाया है शासन में, रामभक्त ही शासन करेगा दिल्ली के आसन में। भाजपा प्रत्याशी ने जायसवाल ने धारा 370 की समाप्ति, पाकिस्तान व चीन को डराना, अमेरिका को झुकाना, आतंक हटाना आदि भाजपा के कार्यों की लंबी सूची बताते हुए जनसंख्या नियंत्रण नियम, यूनिवर्सल सिविल कोड, पाक अधिकृत कश्मीर की वापसी आदि जैसे कार्यों के लिए भाजपा को एक बार फिर से वोट देने की अपील किया।

> सभी ने भाजपा के 400 पार के नारों को दुहराते हुए भाजपा प्रत्याशी जायसवाल के पक्ष में वोट देने की अपील की

### पूर्व प्रधानाध्यापिका के खिलाफ डीसी से की लिखित शिकायत

**रामगढ़।** बालिका उच्च विद्यालय भुरकुंडा के पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापिका रेणु कुमारी के खिलाफ वहीं की वर्तमान प्रधानाध्यापिका अर्पणा सुरीन सहित सभी सहायक शिक्षक और विद्यालय प्रबंधन समिति ने मंगलवार को डीसी को लिखित शिकायत दिया है। इनके दिए गए शिकायत में बताया गया है कि पूर्व प्रधानाध्यापिका पर अनियमितता के कई गंभीर आरोप लगाए गए थे। आरोप लगने के बाद क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी सहित 4 सदस्यीय टीम ने इनके ऊपर लगे सभी आरोपों की जांच किया। जिसके बाद प्रभारी प्रधानाध्यापिका को उनके पद से हटा दिया गया। जिसके बाद इसकी जांच की जिम्मेवारी अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी को दिया गया था। जिसमे उनके ऊपर लगे सभी आरोप सही पाए गए थे। इसके बाद इनके खिलाफ प्रपत्र क गठित किया गया। लेकिन इसके बावजूद उनके खिलाफ अबतक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। प्रपत्र क में संचालन पदाधिकारी अनुमंडल शिक्षा पादधिकारी खुशबू और प्रस्तुति पादधिकारी अनुमंडल शिक्षा प्रसार पादधिकारी पतरातू प्रभाकर कुमार को बनाया गया है।

## छापेमारी कर अवैध शराब और जावा महुआ किया जब्त



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। इसी क्रम में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को देखते हुए अवैध शराब निर्माण व बिक्री के विरुद्ध आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देशानुसार गुरुवार को सहायक आयुक्त उत्पाद अजय कुमार गोंड के आदेशानुसार उत्पाद बल एवं सशस्त्र गृहरक्षकों के सहयोग से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध शराब के विरुद्ध चलाया गया। छापेमारी अभियान के दौरान रामगढ़ थाना अंतर्गत राजगढ़ एवं रजरप्पा थाना अंतर्गत धुटूआ गांव संचालित अवैध शराब भट्टियों में सघन व व्यापक छापामारी कर कुल 35 लीटर अवैध चुलाई शराब एवं 300 किलोग्राम जावा महुआ बरामद किया गया। उक्त छापामारी अभियान में धुटूआ गांव के निवासी तिलचंद उर्फ सूरज करमाली एवं राजगढ़ निवासी अशोक भुईयां के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत फरार अभियोग दर्ज किया गया है। छापेमारी अभियान में मुख्य रूप से उत्पाद अवर निरीक्षक कांग्रेश कुमार, अवर निरीक्षक दिलीप कुमार शर्मा, सहायक अवर निरीक्षक अमित मड़की, सशस्त्र गृहरक्षक के जवान विनय सिंह, कमलेश कुमार आदि शामिल थे।

# झारखंडी युवा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ : राजेश



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** रामगढ़ कैंट मंडल के वार्ड नंबर 3 शक्ति केंद्र के सभी बूथों पर 16 मई को डोर टू डोर जाकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा हजारीबाग लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के पक्ष में जनसंपर्क कर वोट डालने की अपील की गई। कार्यक्रम में आजसू के कार्यकर्ता एवं सभी बूथों के अध्यक्ष भी शामिल हुए। अभियान में शामिल भाजपा और आजसू सदस्यों ने बताया की जनसंपर्क के दौरान क्षेत्र वासियों द्वारा काफी समर्थन प्राप्त हो रहा है और वोट डालने को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है। जनसंपर्क अभियान में भाजपा युवा नेता राजेश ठाकुर ने बताया की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं और नीतियों को लोगों द्वारा सराहा जा रहा है और फिर से यशस्वी प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनाने के लिए लोग काफी उत्सुक हैं। उन्होंने कहा कि निश्चित है इस बार पुनः भाजपा के पक्ष में रिकॉर्ड मतों से मतदान होगा और फिर से नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनेगी। जनसंपर्क के दौरान केंद्र की जनहितकारी योजनाओं की लोगों ने प्रशंसा की और भाजपा को समर्थन देने की बात कही। बताया कि झारखंडी युवा प्रधानमंत्री नर्वन्द्र मोदी के साथ हैं। जनसंपर्क में भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश ठाकुर, बूथ अध्यक्ष मोहन पांडे, अमित ठाकुर, सुनील पासवान, महेंद्र पांडे, मनीष रंजन मिश्रा, लखींद्र पासवान, संजू यादव , अध्यक्ष चंदन कुमार, अंकित अग्रवाल एवं भाजपा और आजसू के सदस्य शामिल थे।

> अपनी अपनी जीत के लिए पार्टी के सभी उम्मीदवार अपनी ताकत को झोंक दी है। हर पार्टी अपनी-अपनी तरह से प्रचार-प्रसार में जुटा है

### दामोदर घाटी निगम में मनाया गया स्वच्छता पखवाड़ा

# जीवन के लिए स्वच्छता जरूरी : संजय




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** भारत सरकार के कैबिनेट सचिव के पत्रानुसार प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दामोदर घाटी निगम परियोजना में गुरुवार 16 मई से 31 मई तक स्वच्छता पखवाड़ा के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को दाघानि कर्मियों को स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत एवं समृद्ध भारत अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत डीवीसी कार्मिकों को स्वच्छता शपथ दिलवायी गयी। कार्यक्रम के दौरान संजय कुमार, निदेशक व परियोजना प्रमुख, दाघानि, अमित कुमार शील, वरीय महा प्रबंधक, डॉ० अशोक कुमार, सुजीत नारायण, दीपक कुमार, राहुल रंजन एवं डॉ जितेन्द्र झा के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर पखवाड़े की विधिवत शुरूआत की गयी। तत्पश्चात सुनील कुमार, धीरज कुमार, मदन कुमार, शंकर सिंह, संदीप पाल एवं एस धनपति समेत कार्यालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शपथ ली। शपथ लेने के पश्चात कार्यालय परिसर में हस्ताक्षर अभियान एवं शेल्फी लेकर इस पखवाड़े की विधिवत शुरूआत की गयी। तदोपरांत राहुल रंजन, उप निदेशक मासं ने स्वच्छता पखवाड़ा-2024 के कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के दौरान दामोदर घाटी निगम द्वारा कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। दाघानि परिवार का फोकस सरकारी स्कूली बच्चों के साथ-साथ दिव्यांग विद्यालय एवं आम जनता से जुड़े रिक्शा टेम्पों चालकों के साथ- साथ गाँवों में भी इस स्वच्छता का संदेश देना है। इन सभी स्थलों पर डीवीसी कर्मी स्वयं साफ सफाई करके स्वच्छता का प्रत्यक्ष उदाहरण देना चाहेंगे। श्री कुमार ने कहा कि मनुष्य के जीवन में स्वच्छता बहुत ही जरूरी है। स्वस्थ्य समाज के लिए लोगों को अपने आप में स्वच्छ रहना बहुत ही जरूरी है।

## इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता। कटकमदाग** प्रखंड के सुल्ताना स्थित इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाध्यापक की मां हसबुन निशा व पंचायत समिति सदस्य सूफिया परवीन ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। समारोह में दसवीं कक्षा उत्तीर्ण हुए सभी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुती कर समा बांधा। मंच संचालन मोहम्मद मजीद ने किया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद इसराफिल ने दसवीं कक्षा उत्तर सभी विद्यार्थियों को शुभकामना देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को 2 महीने की मासिक शुल्क माफ करने की घोषणा की गई। विद्यालय के सचिव पप्पू पांडेय ने 25 मई 2024 तक निशुल्क नामांकन लेने की घोषणा की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने शोएब अहमद, सोहेल अख्तर, सना कौशर, सबा परवीन, सहयोगी शिक्षक सऊदा खातून, शकील अख्तर, संदीप कुमार, नीलोफर परवीन का योगदान रहा।

### आईसेक्ट विवि स्थापना दिवस का हुआ रंगारंग आगाज

# गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देनी हमारी पहली प्राथमिकत : प्राचार्य



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** आईसेक्ट विश्वविद्यालय आज ना सिर्फ आसपास के क्षेत्रों में बल्कि पड़ोसी राज्यों में भी अपनी एक अलग पहचान बनाई है और इसका श्रेय विश्वविद्यालय के सभी विद्यार्थियों व विश्वविद्यालय से जुड़े सभी प्राध्यापक-प्राध्यापिकाओं व कर्मचारियों को जाता है। उक्त बातें आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस में 9वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कस्तूरी 2024 कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा कि 16 मई 2016 को जब विश्वविद्यालय की स्थापना हुई थी, उसी वक्त से गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करना हमारी प्राथमिकता रही है। आज उसी का परिणाम है कि ना सिर्फ विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड से नवाजा गया है बल्कि यहां के विद्यार्थी पढ़ाई के साथ साथ खेल-कूद, सांस्कृतिक गतिविधियों समेत विभिन्न गतिविधियों में सफलता का परचम लहराया है। इससे पूर्व कस्तूरी 2024 का रंगारंग आगाज बुधवार को हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा सहित अन्य के हाथों दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। बता दें कि दो दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में बुधवार को विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि विश्वविद्यालय अपने क्वालिटी एजुकेशन के लिए प्रतिबद्ध है। इस विश्वविद्यालय का उद्देश्य तकनीकी स्तर पर कुशल, पारंपरिक ज्ञान, मूल्य आदि का विकास करते हुए आधुनिक परिवेश के लिए तैयार करना है, जिसे विश्वविद्यालय के प्राध्यापक-प्राध्यापिकाओं व कर्मियों की सहयोग से सफल बनाने में मदद मिली है। उन्होंने आसपास के क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों का भी आभार जताया। इसके बाद कृति प्रभु के गाए भजन ने पूरा माहौल भक्तिमय कर दिया। आर्यन कुमार, प्रगति कुमारी, शालिनी कश्यप व दयानंद राम के गीतों ने समां बांध दिया तो तन्नू श्री एंड ग्रूप, रिया एंड ग्रूप व स्वप्निल आर्या एंड ग्रुप के मनमोहक नृत्य से मौजूद कई लोगों के पांव थिरकने लगे। वहीं संध्या वर्मा एंड ग्रुप के डांस ने लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। रिया मित्रा, शालिनी कुमारी, स्वप्निल आर्या, प्रिया सिंह, विनिता पांडेय, स्नेहा सिंह, ओम प्रकाश, संध्या वर्मा व अलीशा सिंह के नृत्य को भी सराहना मिली।

> विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए

## जेपी वर्मा के कार्यकर्ताओं ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। टाटीझरिया** कोडरमा लोकसभा सांसदीय क्षेत्र में जेपी वर्मा के कार्यकर्ताओं ने बोंगा, बरियठ, कुरहा, चपरख, जलौंध, दरिया, बरका, डूमरौन, इचाक, जलौंध, चंदा, करियातपुर, मंगुरा, मोक्तमा, लुंदरू, बसरिया समेत कई गांव में पार्टी प्रत्याशी जय प्रकाश वर्मा के समर्थन में जनसंपर्क अभियान चलाया। वहीं जेपी वर्मा के कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क कर कोडरमा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से प्रत्याशी जय प्रकाश वर्मा को चुनाव चिन्ह बाल्टी छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से जिताने की अपील किया। कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क के दौरान आम जनता से कहा कि सांसद प्रत्याशी उम्मीदवार जेपी वर्मा आप सबों के हरेक दुख सुख में साथ निभायेंगे और ये नेता नहीं बल्कि क्षेत्र विकास हित बेटा बनकर कार्य करेंगे। जन संपर्क अभियान के दौरान युवा नेता गौतम कुमार, समाज सेवी टटगांव निवासी सुनील कुमार, खैरा मुखिया प्रतिनिधि मिथलेश वर्मा, उप प्रमुख प्रतिनिधि विजय कुशवाहा, राजेश कुमार, अशोक कुमार, रवि यादव, केदार गौरव,गौरी शंकर, अजीत कुमार, रोहित कुमार, मनोज महतो, कैलाश महतो, पिंटू प्रसाद, रामलाल प्रजापति, सरजू ठाकुर, अरुण कुमार, शंकर प्रसाद, अशोक मुर्मू, संदीप गिरी, अनुज मिश्रा, सरजू प्रसाद,रवि कुमार, धानेश्वर रजक, संग अन्य सैकड़ों की संख्या में समर्थक शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### देवकुली में मनाया गया आद्य गुरु शंकराचार्य जयंती समारोह



**टाटीझरिया।** बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के देवकुली गांव में आद्यगुरु शंकराचार्य जयंती समारोह का आयोजन किया गया। गुरु जी का जन्म बैशाख मास कृष्ण पक्ष तिथि पंचमी सन 788 ई.को हुआ था। गुरु जी का 1236 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर देवकुली के दुर्गा मंदिर प्रांगण में झमनी देवी के अध्यक्षता में बैठक की गयी और गुरु जी के तस्वीर पर मालार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर जयंती समारोह मनाया गया। वहीं कार्यक्रम का संचालन आचार्य कृष्णदेव पांडेय, उमेश गिरी, पसंस मनोहर प्रसाद के उपस्थिति में किया गया । संचालन करता आचार्य कृष्णदेव पांडेय ने कहा गुरु जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु जी अपना सम्पूर्ण जीवन काल की अवधि सनातन हिंदू धर्म के प्रचार प्रसार में लगा दिया। उन्होंने अपील की हरेक हिंदू को चाहिए कि वे अपनी संस्कृति के बचाव को लेकर मस्तक में तिलक, चोटी, जनेव का धारण करे नित्य दिन अपने घरों में अपने इष्ट देव का यथा शक्ति अनुसार पूजन अर्चना आराधना आरती करें। और अपने समाज में महाभारत गीता जैसे धर्म ग्रंथों के बताए गए मार्ग पर चले तभी सनातन हिंदू धर्म की रक्षा हो पाएगी।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने डोर टू डोर किया जनसंपर्क



**दारु।** लोकसभा चुनाव के महापर्व हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र मे 20 मई को मतदान होना है। जैसे जैसे मतदान की तिथि नजदीक आती जा रही है वैसे वैसे दारू प्रखंड के भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रखंड प्रचार अभियान डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने खरिका पंचायत के झुमरा, खरिका, गोपलो ,तिलैया इत्यादि मे अपना जनसंपर्क तेज कर दिया है। कार्यकर्ताओं ने डोर टू डोर जाकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष बसंत नारायण ने कहा कि इस बार दारू प्रखंड मे मतदान करने को लेकर लोग काफी उत्सुक हैं। भाजपा विकास के मुद्दों पर चुनाव लड़ रही है, सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल हमेशा लोगों के बीच रहकर कार्य किये है,मोदी की गारंटी एवं उनके कार्यशैली से लोग काफी खुश हैं। इस बार 400 पार का नारा सत्य होगा।वहीं सांसद प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद ने इरगा पंचायत के चिरुवा व बड़वार में महिला समूह व युवाओं साथ बैठक कर भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील किया। मौके पर रामनारायण कुशवाहा, शत्रुंजय प्रसाद, किसुन प्रसाद, राजन सिन्हा, संजीत वर्मा, विकाश यादव, प्रदीप प्रसाद, अरुण यादव, संतोष यादव, राजेन्द्र राम सहित कई लोग शामिल थे।

### भाजपा ओबीसी मोर्चा का सामाजिक सम्मेलन कपका में किया गया आयोजित



**बरकट्ठा।** प्रखंड के ग्राम पंचायत कपका स्थित बाजार टांड़ में भारतीय जनता पार्टी ओबीसी का सामाजिक सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मंत्री कुमकुम देवी, विशिष्ट अतिथि ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र चौधरी उपस्थित हुए।वहीं मोदी सरकार द्वारा ओबीसी समाज के लिए किए जा रहे कार्यों को सम्मेलन में विस्तार पुर्वक लोगों को बताया गया और आने वाले दिनों में मोदी के द्वारा क्या क्या किया जायेगा, इस पर चर्चा परिचर्चा हुई` मौके पर जिला मंत्री सुरेश प्रजापतिओबीसी मोर्चा बेडोकला मंडल अध्यक्ष बालेश्वर ठाकुर, मुखिया कमल प्रसाद समेत सैकड़ों लोग कार्यक्रम में शामिल हुए ।वहीं कोडरमा लोकसभा के बीजेपी प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी के पक्ष में 1 नंबर पर जनता को समझाते हुए कमल छाप पर बटन दबाकर उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की गई। इस निमित भाजपा ओबीसी के पदाधिकारियों द्वारा अभियान चलाया गया और कपका गांव में बैठक कर चर्चा किया गया।

### दर्दनाक हादसा: सड़क दुर्घटना में दो की मौत



**रामगढ़।** एनएच-23 रामगढ़ -बोकारो मार्ग स्थित बारलोंग चौक के निकट 16 मई को अनियंत्रित हाईवा वाहन ने खड़े ट्रेक्टर को पीछे से जोरदार टक्कर मारते हुए राशन दुकान में जा घुसा। जिससे ट्रेक्टर चालक कारू महतो (उम्र 25) एवं राशन दुकानदार महेश महतो (उम्र 55) बुरी तरह से फंस गए। इसके उपरांत स्थानीय ग्रामीणों की मदद से ट्रेक्टर चालक कारू को अस्पताल ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान चालक की मौत हो गई। वही मकान मालिक का शव काफी प्रयास के बाद निकाला गया। क्योंकि उनकी मौत घटना स्थल पर ही हो गयी थी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। घटना को लेकर परिजनों एवं ग्रामीणों के द्वारा लगभग 5 घंटे सड़क जाम कर दिया गया था। जिससे कई गाड़ियां जाम में फंसी रही। जिला प्रशासन द्वारा मृतक के परिजनों को तत्काल 10-10 हजार नगद राशि दी। साथ ही जो मुआवजा मिलना है उसे चुनाव के बाद देने के आश्वासन देने के बाद ग्रामीण सड़क जाम हटाया गया।

### 20 सदस्यों ने जमा किया नामांकन प्रपत्र

**रामगढ़।** श्री मारवाड़ी सत्यनारायण मंदिर एवं धर्मशाला संस्था के सदस्यीय कार्यकारिणी समिति के लिए 20 सदस्यों ने नामांकन पत्र खरीदा और जमा किया। चुनाव पदाधिकारी गोविन्द मेवाड़, श्याम सुन्दर परशुरामपुरिया, रमेश बौदिया तथा किशोर जाजू ने संयुक्त रूप से बताया कि सत्र 2024-26 के धर्मशाला चुनाव हेतु उम्मीदवारों को नामांकन पत्र जारी किया गया। इसके बाद सदस्यों ने अपना-अपना नामांकन प्रपत्र जमा किया। 16 मई को उम्मीदवार अपना नामांकन वापस ले सकते हैं।

## एक नजर

### तानाशाह सरकार को हटाने और महंगाई से मुक्ति के लिए कांग्रेस का दें साथ : अकेला

**बरही ।** स्थानीय विधायक उमाशंकर अकेला यादव इंडिया गठबंधन कि कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार जयप्रकाश भाई पटेल के पक्ष में जोर-जोर से जनसंपर्क अभियान चालू कर दिया है. अपने प्रत्याशी को जीतने के लिए विधायक ने पूरी ताकत छोड़ दिया है. इसी क्रम में गुरुवार को गोरिया करमा और केदारुत पंचायत के विभिन्न गांव में गांव का भ्रमण कर कांग्रेस उम्मीदवार के पक्ष में वोट मांगने का काम किया. जनसंपर्क के दौरान विधायक ने लोगों से तानाशाह सरकार को फेंकने और महंगाई समाप्त करने के लिए कांग्रेस समर्थित इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार को सहयोग करने की बात कही. इस दौरान प्रमुख मनोज कुमार रजक, पूर्व प्रमुख सह पंसस गिरधारी लाल यादव, विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, अर्जुन यादव, महेश यादव इत्यादि कई लोग मौजूद थे.

### सिमडेगा से झामुमो नेता गांडेय उप चुनाव के लिए हुए रवाना

**सिमडेगा।** झारखंड के गांडेय विधानसभा के विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफा के बाद गांडेय शीट खाली हो गया। जिसके पास चुनाव आयोग द्वारा उपचुनाव करने की घोषणा की और जहां पर इंडिया गठबंधन की ओर से झारखंड मुक्ति मोर्चा की कल्पना सोरेंन मैदान में है । जिसको लेकर गुरुवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला समिति के पदाधिकारी के द्वारा गांडेय उपचुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा के पक्ष में प्रचार प्रसार करने के लिए सिमडेगा से रवाना हो गए साथ उन्होंने कहा कि इस बार गांडेय उपचुनाव में भी झारखंड मुक्ति मोर्चा की जीत होगी । इस मोके पर झामुमो जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना, जिला सचिव मो सफीक खान, मो अमजद खान, गौरव मुख्य रूपसे उपस्थित रहें।

### इंडिया गठबंधन कार्यकर्ताओं ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**टाटीझरिया ।** प्रखंड के भराजो पंचायत अंतर्गत अमनारी बूढ़ी पोखर के समीप इंडिया गंठबंधन कोडरमा लोक सभा माले सांसद प्रत्याशी विनोद सिंह के समर्थकों ने डोर टू डोर जन संपर्क चलाया।जन संपर्क के दौरान समर्थकों ने क्षेत्रीय जनता से पार्टी के चुनाव चिन्ह झंडा में तीन तारा बटन दबाकर सांसद प्रत्यासी बिनोद सिंह को भारी मतों से जिताने का अपील किया। वही क्षेत्रीय जनता को मतदान में चुनाव चिन्ह झंडे में तीन तारा पर बटन दबाने को लेकर समर्थकों ने प्रचार प्रसार एवं नुकड जनसभा का आयोजन किया गया । वही बिहार से आए बिनोद सिंह के समर्थन में विधायक दल के नेता सतदेव राम ने भाजपा सहित कई राजनैतिक दलों पर निशाना साधते हुए कहा की अब तक जो भी राजनैतिक दल की पार्टियां चुनाव में आता है। वे बड़े पैमाने पर समाज देश क्षेत्र विकास हित वादे करते हैं जब उनकी जीत होती हैं तो वे आम जनता से मुलाकात करना भी मुनासिब नहीं समझते । उन्होंने कहा की बिनोद सिंह स्थानीय और क्षेत्रीय नेता हैं।

## चुनाव ड्यूटी में लगे पुलिस ट्रक ने कुचला, दंपत्ति की मौत

# तीन मासूम अब बूढ़ी दादी के भरोसे



◆ जिस दंपत्ति ने एक दिन पहले वोट डाला, उसके दूसरे ही दिन हुई मौत

◆ बिलख रही हैं बेटियां बिखर गया हंसता खेलता परिवार

नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा कहते हैं बच्चे भगवान का रूप होते हैं। मगर इन देवी रूपी तीन बेटियों से तो शायद भगवान ही रुठ गए हैं। मामला जलडेगा थाना क्षेत्र के बनजोगा सड़क हादसा से जुड़ा है। जहां मंगलवार को कौआदरहा निवासी कपिलास सिंह और उसकी पत्नी बिरसमुनी देवी को चुनाव ड्यूटी में लगे छत्तीसगढ़ आर्म्स फोर्स के मालवाहक ट्रक ने कुचल दिया, दुर्घटना में पत्नी बिरसमुनी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल कपिलास सिंह की मौत जलडेगा अस्पताल से रेफर करने के बाद समय पर एंबुलेंस नहीं मिलने और लेट से अस्पताल पहुंचने के कारण हो गई। वहीं दुर्घटना में एक वर्षीय बेटी वैष्णवी कुमारी को भी गंभीर चोट लगी है जिसका इलाज अभी ओडिशा के राउरकेला में चल रहा है। सबसे बड़ी बेटी नेहा कुमारी 10 साल, सकीना कुमारी 4 साल और अस्पताल में इलाजरत एक वर्षीय बेटी वैष्णवी कुमारी के सिर से एक साथ माता पिता का साया उठ गया। मां बिरसमुनी देवी और पिता कपिलास सिंह बाजार में गुपचुप बेचकर और मजदूर कर बेटियों को पाल रहे थे। लेकिन नियति को यह भी मंजूर नहीं था 13 मई को मतदान करने के बाद 14 मई को मां और पिता अपनी तीन बेटियों को अकेला छोड़कर चले गए। घर में कपिलास की 85 वर्षीय बूढ़ी मां है जिनका रो रोकर बुरा हाल है। ऐसे में इन बेटियों को अपना बनाकर कोई सिर पर हाथ रखने वाला नहीं है।

## क्षेत्र में चल रहे चापाकल मरम्मत कार्य का प्रखंड प्रमुख ने किया निरीक्षण



**ठेठइटांगर।** सदर पंचायत में कई जलमिनर खराब होने की सूचना मिलने पर प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, मुखिया संगीता मिंज घोड़ीटोली, बखरी टोली, डुमरटोली, खरवागढ़ा, कुसुमबेड़ा आदि गांव का भ्रमण कर उनका जायजा लिया एवं जल्द से जल्द खराब जलमिनार को मरम्मत करने का आश्वासन दिया। साथ ही पीएचडी विभाग के द्वारा बनाए जा रहे चापाकलों का भी निरीक्षण किया। जिसमें पाया गया कि चापाकल तो बनाया जा रहा है परंतु गर्मी होने के कारण जलस्तर नीचे चला जा रहा है और विभाग पाइप नहीं दे रही है जिसके कारण पर्याप्त जल ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है । उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा सिर्फ मरम्मत के नाम पर खाना पूर्ति की जा रही है।प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज ने मिस्त्रियों से पूछा कि आप लोग पाईप क्यों नहीं दे रहे हैं तो मिस्त्री ने कहा विभाग हमें नहीं दिया गया है, उसके लिए जनप्रतिनिधियों या मुखिया को लिख कर देना होगा तब जाकर पाइप मिलेगा।इस तरह से तो यह खाना पूर्ति हो रही है ।भोले भाले ग्रामीण जनता को पीने योग्य पानी भी नहीं मिल रहा है विभाग खानापूर्ति करने में लगा हुआ है।

## न्यूज | बॉक्स

### फांसी लगाकर 40 वर्षीय व्यक्ति ने की आत्महत्या



**सिमडेगा।** सिमडेगा शहरी क्षेत्र के सलडेगा रोड निवासी 40 वर्षीय प्रसनजीत दत्ता नामक व्यक्ति ने गुरुवार की सुबह 10:00 बजे अपने ही घर में चादर को रस्सी बनाकर फांसी लगाते हुए आत्महत्या कर ली ।घटना की जानकारी पुलिस को दी गई ,जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया जहां पर पोस्टमार्टम करवाने का साथ परिजनों को शव सौंप दिया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रसनजीत दत्ता शराब का सेवन कर घर में परेशान करता था और इसकी वजह से उसकी पत्नी भी उसे छोड़कर दिल्ली भाग गई है। इधर उसकी बूढ़ी मां उसके लिए खाना बना देती थी ,गुरुवार की सुबह भी उसने खाना बनाने के लिए मां से कहा और उसके बाद उसके बाद वहीं इसी बीच में वह शराब पीकर आकर घर में लड़ाई झगड़ा करने लगा। इसके बाद अपने मां को मारने लगा तब मां बचने के लिए दूसरे के घर चली गई और इसी दौरान वह दरवाजा बंद कर लिया और बाद में जब उसकी मां कुछ लोगों को लेकर दरवाजा खुलवाने पहुंची तब वह फांसी के फंदे में झूल चुका था और उसकी मौत हो चुकी थी।

### पपीता पेड़ में झूलता मिला 35 वर्षीय व्यक्ति का शव परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**सिमडेगा।** पाकरटांड थाना क्षेत्र अन्तर्गत कैरबेडा पंचायत के तुरतुरीपानी गांव में 35 वर्षीय विनोद बड़ाईक नामक व्यक्ति का घर के पास पपीता के पेड़ में झूलता हुआ शव देखा गया ,मामले की जानकारी तुरंत पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को नीचे उतर कर पंचनामा करने के साथ ही पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया ।वहीं मृतक के बड़े भाई ने आरोप लगाते हुए कहा कि यह आत्महत्या नहीं बल्कि उसकी हत्या करते हुए आत्महत्या का रूप देने के लिए पपीता का पेड़ पर उसे टांग दिया गया है। उन्होंने कहा कि पपीता का पेड़ पर किसी भी हाल में आत्महत्या नहीं हो सकता है। भाई ने कहा मृतक विनोद बड़ाईक का पैर जमीन में सटा हुआ था, इससे साफ जाहिर है कि इसे किसी के द्वारा हत्या करते हुए आत्महत्या का रूप दिखाने के लिए शव को टांग दिया है। मामले की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी दीपेश कुमार ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है और साथ ही पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के पश्चात आगे की कार्रवाई की जाएगी।समाचार लिखे जाने तक परिवार वालों ने थाना में लिखित आवेदन नहीं दिया था।

### कोलेबिरा में मनरेगा व अबुआ आवास योजना कि हुई समीक्षा



**कोलेबिरा।** प्रखंड सभागार कोलेबिरा में मनरेगा एवं अबुआ आवास योजना की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम के सभी लंबित प्रधानमंत्री आवास को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा सभी जनसेवकों को दिया गया। साथ ही मनरेगा के तहत लक्ष्य के अनुरूप मानव दिवस का सृजन, पुरानी योजनाओं की पूर्णता, मनरेगा श्रमिकों का शत प्रतिशत एबीपीएस इनेबल कराने एवं बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 में प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध योजनाओं का क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा - निर्देश दिया गया। बैठक में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजीता कुमारी, प्रखंड समन्वयक अमरेंद्र कुमार, लेखा सहायक दीपक बड़ाईक के आलावे सभी मुखिया, पंचायत सचिव, जनसेवक एवं रोजगार सेवक उपस्थित थे।

### आवराबहार गांव में ट्रांसफार्मर में फ्यूज बनाने के दौरान 15 वर्षीय किशोर झुलसा



**सिमडेगा।** ठेठईटांगर थाना क्षेत्र के अंवराबहार गांव में गुरुवार की सुबह गांव में आई बिजली की खराबी को ठीक करने के लिए ट्रांसफार्मर में चढ़े 15 वर्षीय संजीत लकड़ा नमक किशोर करंट की चपेट में आने से झुलस गया और नीचे गिरा परिवार वालों के द्वारा उसे एंबुलेंस से इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल लाया जहां पर उसकी उपचार चल रही है ।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार संजीत को गांव में आई बिजली खराबी को ठीक करने के लिए गांव के ही कुछ लोगों के द्वारा कहा गया, जिसके बाद वह उनकी बातों में आकर बिजली की खराबी को ठीक करने के लिए चढ़ गया ।इसी दौरान वह 11000 तार की संपर्क में आ गया, जिससे कि उसका हाथ झुलस गया और वह जमीन पर गिरा इधर सिमडेगा सदर अस्पताल में इलाज जारी है। मामले की जानकारी मिलने पर विद्युत विभाग के कन्या अभियंता ने कहा कि कोई भी व्यक्ति बिना विभाग के कर्मचारियों के मर्जी के बगैर बिजली के साथ छेड़छाड़ ना करें ।अगर किसी प्रकार की अनहोनी होती है तो इसके जिम्मेदार स्वयं होंगे। उन्होंने कि बिजली की खराबी होती है तो इसकी सूचना बिजली विभाग को दे, विभाग समय पर उसे मरम्मत करने का कार्य करेगी।

### ट्रेन से टकराई ट्रैक्टर ट्राली, कोई हताहत नहीं

**बानो।** बानो रेलवे स्टेशन के समीप प्लेटफॉर्म निर्माण में डस्ट फीलिंग कर रहे ट्रैक्टर की ट्राली से बरौनी एक्सप्रेस टकराई कोई हताहत नहीं। घटना में ट्रैक्टर के ट्रॉली का परखच्चे उड़ गया। ट्रैक्टर की ट्रॉली दो भागों में बट गया।वही घटना में ट्रैक्टर चालक बाल बाल बच गया।घटना गुरुवार लगभग 3.50 की है घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार हटिया राउरकेला रेल खंड के बानो रेलवे स्टेशन में दोहरीकरण का कार्य चल रहा है इसी के तहत प्लेटफार्म का निर्माण किया जा रहा है जिसमें ट्रैक्टर डस्ट फिलिंग का कार्य कर रहा था डस्ट फीलिंग के क्रम में ट्रैक्टर की ट्रॉली मेंन लाइन पटरी की तरफ झुक गया उसी क्रम में मेन लाइन से हटिया से राउरकेला की जाने वाली बरौनी एक्सप्रेस जा रही थी जिसे ट्रैक्टर की ट्रॉली टकरा गई घटना के बाद अपरा तफरी मच गयी.

## दो मोटरसाइकिल की टक्कर में एक की मौत, एक घायल



नवीन मेल संवाददाता। कुरडेग कुरडेग थाना क्षेत्र अन्तर्गत कुटमाकछार गांव के पास गुरुवार को टीवीएस एवं पल्सर बाइक में सीधी भिड़ंत हो गई टक्कर इतनी जोरदार थी की मौके पर दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए ।टीवीएस सवार घायल सोगसोगा गांव निवासी महेंद्र राणा को निजी वाहन द्वारा परिवार वालों ने छत्तीसगढ़ के कुनकुरी अस्पताल ले गए जहां पर इलाज के क्रम में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया । वहीं जबकि पल्सर वहां में घायल गोहमला गांव निवासी असत नायक को माथे में गंभीर चोट लगी इसके अलावा हाथ टूट गया ,तुरंत उसे इलाज के लिए कुरडेग स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ,जहां पर उसकी बिगड़ती हालत को देखकर बेहतर इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया इधर सिमडेगा सदर अस्पताल में घायल की इलाज चल रही है।

## उपायुक्त ने नगर परिषद अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा की

# लंबित योजनाओं को ससमय पूर्ण करने का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में नगर परिषद् अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान उपायुक्त ने मुख्यमंत्री श्रमिक योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना- राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, नागरिक सुविधा, शहरी परिवहन, वीर बंधु आश्रय गृह, पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य धरातल क्रियान्वित योजनाओं की कार्य प्रगति की जानकारी ली. उपायुक्त ने कहा कि चयनित सभी योजनाओं का क्रियान्वयन ससमय धरातल पर सुनिश्चित करें. उन्होंने विभाग के अंतर्गत संचालित सभी कार्यों की विस्तृत समीक्षा कर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये। उन्होंने एसएचजी ग्रुप का क्रेडिट लिंकेज से संबंधित कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने एसएचजी ग्रुप की महिलाओं को पेपर बैग बनाने से संबंधित कार्यों की प्रशिक्षण दिलाने का निर्देश दिया। साथ ही एसएचजी ग्रुप द्वारा प्रथम क्रेडिट लिंकेज प्राप्त किये थे उन सभी के द्वारा वर्तमान समय में क्या-क्या कार्य किया जा रहा हैं इसकी समीक्षा करने की बात कहीं। उपयुक्त ने पीएम आवास योजना की समीक्षा के क्रम में लंबित योजनाओं को पूर्ण करने के लिए 'चलो पूर्ण करें आवास' कार्यक्रम चलने का निर्देश दिया। उन्होंने इस कार्यक्रम के तहत शहरी क्षेत्र अंतर्गत लंबित आवास निर्माण कार्य को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त द्वारा शहरी क्षेत्र के नियमित साफ-सफाई एवं अटल पार्क की सुंदरीकरण करने एवं पार्क का बेहतर संचालन कराने की दिशा में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद् प्रशासक पदाधिकारी सुमित कुमार महतो, सिटी मैनेजर, अभियंता व अन्य उपस्थित थे।

## पुरोहित का जीवन ईश्वर की सबसे अच्छी रचनाओं में से एक : कोंगाड़ी



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा** लचरागढ़ पल्ली में पुरोहित अभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां पर रेन्भ फादर ऑस्कर कंडुलना का अभिषेक किया गया पुरोहिताभिषेक की समस्त विधि सिमडेगा धर्मप्रान्त के अध्यक्ष विशप विसेंट बरवा की अगुवाई में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में कोलेबिरा विधायक भी शामिल हुए जहां पर लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कलीसिया के हमारे फादर, सिस्टर , धर्म के अगवे ,प्रचारक एवं पादरी हमारे समाज के लिए हमें सभी दुखों से बचाने तथा हमारी सभी परेशानियों को हरने के लिए अपने समस्त सुख सुविधाओं को त्याग कर लोगों को सेवाएं देते है। कई लोग स्वस्थ्य के क्षेत्र में तो कोई हमारे समाज के अच्छे शिक्षक के रूप में भी सेवा देते आ रहे हैं। सभी जाति धर्म के लोगों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने का काम करते आए हैं।विधायक ने कहा कि आज हम सभी के ऊपर प्रभु येशु की कृपा है कि आज हम लोग इस पवित्र कार्यक्रम में शामिल होकर इस कार्यक्रम की दिल से अनुभूति कर रहे हैं।प्रभु येशु ने अपने बचन में कहा है कि आपस में मिलजुल कर रहो, एक दुसरे से प्रेम करो, किसी भी मनुष्य के प्रति द्वेष की भावना मत रखो, माता पिता, अपने बड़ों तथा कलीसिया समाज के सभी पुरोहितों, सिस्टर तथा धर्म के अगुवों का सम्मान करो।मौके पर डीन सह पल्ली पुरोहित फादर एरिक, रावेल लकड़ा, क्लेमेंट टेटे, जगदीश बागे,जमीर अहमद, सुलभ नेल्सन डुंगडुंग, जमीर हसन, राकेश कोनगाड़ी, विधायक की पत्नी विनीता कोनगाड़ी , फुलकेरिया डांग, अलबिनुस लुगुन, जोसेफ सोरेंग, महिला सिस्टर सेलेस्टिना एवं अन्य उपस्थित थे।

## बानो में टेम्पो व बोलेरो में टक्कर, एक की मौत



**नवीन मेल संवाददाता। बानो** बानो से सवारी लेकर जराकेल जा रही टेंपो को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी जिसमे एक महिला सहित चार लोग घायल हो गए घटना शाम लगभग 7:00 बजे की है। घटना के संबंध मिली जानकारी के अनुसार बानो स्थित शिवम हॉस्पिटल से इलाज करा कर लेकर टेंपो जा रही थी ,इसी क्रम में एसएस स्कूल के समीप लचरागढ़ से आ रही अज्ञात वाहन से सीधी टक्कर हो गयी।घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घटना की जानकारी होने पर बानो पुलिस एएसआइ सत्यनारायण कुमार और ललन सिंह ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को बानो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया ।थाना प्रभारी बिकास कुमार अस्पताल पहुँच कर घायलों से हाल चाल जाने। जहां घायलों का इलाज चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार जराकेल खड़िया टोली के सभी है शिवम हॉस्पिटल से जराकेल जा रही थी तभी आमने सामने टक्कर हो गई ।टक्कर में अहिल्या सोरेंग ,नेलशन सोरेंग ,बाशील डुंगडुंग, व टेम्पो चालक सुरेश गोप घायल हुए।।बाशील डुंगडुंग का बायां पैर टूट गया हैं,इलाज के लिये ले जाने के क्रम में रास्ते में मौत हो गई। मौके पर मृतक के शव को पुलिस अपने कब्जे में लेकर आगे कार्रवाई में जुट गई है।

## किसानों को दो दिवसीय मडुवा खेती का दिया गया प्रशिक्षण

# मडुवा से किसान बनेंगे आत्मनिभर



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा** प्रखंड के लमडेगा पंचायत सभागार में लीड्स संस्था द्वारा किसानों को दो दिवसीय हाई वेल्यू क्रॉप का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। हाई वेल्यू क्रॉप के प्रशिक्षक एफपीओ के सीईओ सोनू सिंह ने क्षेत्र और मिट्टी के अनुसार लगने वाली उच्च मुल्य वाले फसलों की विस्तृत जानकारी दी। जैसे शिमला मिर्च, अनानस, पपाया, मडुवा, अदरक आदि। उन्होंने इन सभी फसलों को लगाने का सही समय, फसलों की देख रेख, रोगों का उपचार, फसलों में लगने वाले पूंजी, बाजार मूल्य तथा फसलों से मुनाफा की विस्तृत जानकारी दी।प्रशिक्षण में उन्होंने झारखंड मिलेट मिशन योजना की जानकारी देते हुए कहा कि इस योजना का लाभ सभी किसान भाई उठा सकते है। इस योजना के तहत किसानों को अपने जमीन में मडुवा की खेती करनी है। मडुवा की खेती करने वाले किसानों को प्रति एकड़ 3000 रुपये प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। मडुवा में उपयुक्त मात्रा में प्रोटीन कार्बोहाइड्रेट, आयरन, विटामिन उपलब्ध है। मडुवा को भी हाई वेल्यू क्रॉप की श्रेणी में रखा गया है। इसकी खेती से किसान अच्छी आमदनी प्राप्त कर सकते हैं। मडुवा की खेती किसानों के लिए आत्मनिर्भर बनने का एक बहुत बड़ा रास्ता है। वही अगर इसकी लागत की बात करे तो प्रति एकड़ 4000 से 5000 रुपये की लागत होती है। उत्पादन की बात करें तो अच्छी किस्म की बीज से 12 से 15 क्विंटल उत्पादन प्राप्त की जा सकती है। इस दौरान लीड्स के कुलदीप सुरीन और कलिंद्र प्रधान ने कृषि विभाग की योजना एवं आत्मा से मिलने वाली सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्होंने कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक दस्तावेज, लाभ लेने की प्रक्रिया से संबंधित बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी। और लीड्स संस्था के कार्य एवं उद्देश्य से किसानों को अवगत कराया।

### जन भावना फाउंडेशन बैठक कर सरकारी योजनाओं पर की चर्चा

**सिमडेगा।** स्थान परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम सिमडेगा में जन भावना फाउंडेशन का बैठक आयोजित किया गया ।इस बैठक में जिला हेड खुशीराम कुमार ने कहा कि जन भावना फाउंडेशन का मूल उद्देश्य समाज के हर व्यक्ति तक स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार मुहैया कराने के लिए पहल करना है।अभी वर्तमान में स्वास्थ्य का लाभ लेने के लिए प्रत्येक व्यक्ति का हेल्थ केयर कार्ड एवं बालिकाओं के लिए बालिका समृद्धि योजना के तहत प्रत्येक नाबालिग बच्चियों को इसका लाभ दिलाना।जिससे कि बाल विवाह रुक सके और हमारी बच्चियां समृद्ध हो। साथ ही साथ संस्था द्वारा बहुत कम खर्च से नर्स ट्रेनिंग दिलाने का कार्य किया जा रहा है और किसानों को भी टपक सिंचाई परियोजना के माध्यम से समृद्ध कराने के लिए पहल किया जा रहा है।जन भावना फाउंडेशन का स्लोगन आपका सहयोग, हमारा प्रयास के साथ साथ हर हाथ हुनर, जन जन को रोजगार है।

## भाकपा के पक्ष में मांगा वोट




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** संसदीय लोकसभा क्षेत्र के भाकपा प्रत्याशी अनिरुद्ध कुमार के पक्ष में मतदान करने का अपील हजारीबाग के पूर्व सांसद सह भाकपा के वरिष्ठ नेता भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कांग्रेस प्रत्याशी के गृह प्रखंड विष्णुगढ़ के नरकी एवं नवादा पंचायत में किया। जहां अल्पसंख्यक मुसलमान ने 80 % मतदान करने का वादा किया। 80% मतदान भाकपा की चुनाव चिन्ह हसुआ बाली पर करने का बात कहा। भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के दोनों उम्मीदवार हैं। वह कांग्रेस का भले ही दामन थाम लिया। लेकिन भाजपा की विधायकी और भाजपा के सदस्यता से इस्तीफा नहीं दिया। इसलिए वह कभी भी भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो सकता है। वही भाजपा के प्रत्याशी मनीष जायसवाल तो भारतीय जनता पार्टी का प्रत्याशी है ही। ऐसी स्थिति में हजारीबाग लोकसभा की जनता को होशियार होकर, जागरूक होकर मतदान करना है। जिससे गलत लोगों को वोट न मिल जाए। भारतीय जनता पार्टी हजारीबाग लोक सभा संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं को हमेशा ठगने का काम किया है। कई तरह का प्रलोभन दिया जाता है, और एक भी प्रलोभन को धरातल पर उतारने का काम आज तक बीजेपी नहीं किया। वहीं ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आफताब आलम, सुजीत कुमार घोष, गणेश महतो, मजीद अंसारी, शंभू महतो ने सभा को संबोधित किया।

## एक नजर

### युवकों ने अवैध बालू लदे 6 ट्रैक्टरों को पकड़ा



**धनबाद।** मधुबन थाना क्षेत्र के फुलारीटांड खटाल के युवकों ने आधा दर्जन अवैध बालू लोड ट्रैक्टर सहित चालकों को अलग-अलग स्थानों से पकड़कर अपने कब्जे में ले लिया. घटना बुधवार अहले सुबह की है. घटना की जानकारी मिलने के बाद बालू के अवैध कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बजाय पुलिस दिनभर सुलह कराने में व्यस्त रही. पुलिस के काफी दवाब पर करीब 13 घंटे बाद युवकों ने ट्रैक्टरों व चालकों को मुक्त किया. सभी बिना नंबर के ट्रैक्टर महुदा क्षेत्र के तेलमोच्चो के आसपास के बताए जाते हैं.

### हत्या के दो आरोपी को आजीवन कारावास व 10 हजार रुपये जुर्माना

**किरीबुरु।** चक्रधरपुर थाना काण्ड सं0- 35 / 2018, हत्या के आरोपी प्रवीर चटर्जी, पिता स्व० अनिल चटर्जी एवं प्रमाण चटर्जी, पिता प्रवीर चटर्जी, दोनों भालयाकुदर, थाना- चक्रधरपुर निवासी को न्यायालय ने आजीवन कारावास व 10 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया. इस संबंध में चाईबासा पुलिस ने जारी व्याण में बताया कि उक्त दोनो आरोपियों ने संपत्ति विवाद में अमिताभ चटर्जी को चाकू से मार कर हत्या कर दिया था.अनुसंधान के क्रम में चाईबासा पुलिस द्वारा दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया तथा सभी साक्ष्यों को वैज्ञानिक तरीके से संग्रह करते हुए न्यायालय में आरोप पत्र समर्पित किया गया था।

### केंदाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र 96 बूथों पर बांटेगी मेडिकल किट

**जादूगोड़ा।** केंदाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मुसाबनी प्रखंड के 96 बूथों पर 25 मई को मतदान के दिन मेडिकल किट की व्यवस्था की गई है. इसको लेकर सिविल सर्जन कार्यालय से दवाईयों की खेप गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र केंदाडीह भेज दी गई है. इस मेडिकल किट में बुखार, बदन दर्द, सर्दी, दस्त, ओआरएस समेत चोट लगने पर प्राथमिक उपचार की सुविधा में मिलेगी.मतदान के दिन मतदान कर्मियों के स्वास्थ्य पर नजर रखने के लिए एम्बुलेंस सभी बूथों पर भ्रमण करेगी. जरूरत पड़ी तो बीमार मतदान कर्मियों को एबुलेंस से अस्पताल ले जाया जाएगा. यह बातें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी सुंदर लाल हेम्ब्रम ने कहीं. उन्होंने कहा कि सही दवा लोगों को मिले, इसको लेकर सभी बूथों पर एएनएम, सीएचओ व सहिया की तैनाती रहेगी।

### अज्ञात वाहन ने दो स्कूटी में मारी टक्कर दो महिला घायल

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के चंद्रपुर चौक के पास चाकुलिया प्रखंड के सरडीहा पंचायत के मुखिया दानगी सोरेन और बांकशोल के स्वास्थ्य सहिया पाणी हेम्ब्रम दोनों अलग-अलग स्कूटी से बहरागोड़ा आ रहे थे. इसी दौरान पीछे से भारी वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। इसके बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। इस घटना में दोनों स्कूटी सवार महिलाएं गिरकर घायल हो गईं। चाकुलिया से एक कार में सवार होकर बहरागोड़ा आ रहे पार्थो महतो, दीपेश पोलाई एवं संजय दास ने स्थानीय लोगों की सहायता से अपने निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहरागोड़ा लाकर भर्ती कराया। इस दौरान स्वास्थ्य सहिया पानी हेंब्रम की छाती और कमर में चोट आई है जबकि मुखिया को हल्की चोट आई है।वहीं पानी हेंब्रम की इस सड़क हादसे में स्कूटी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। जानकारी के मुताबिक सरडीहा पंचायत के मुखिया दानगी सोरेन ने बताई की दोनों अलग-अलग स्कूटी से बहरागोड़ा मुख्य बाजार आ रहे थे।

# सभी सरकारी स्कूलों में स्थानीय भाषा में शुरू की जाएगी पढ़ाई : मुख्यमंत्री

**जिस साहित्य को इन महान विभूतियों ने सौ साल पहले लिखा, वह आज भी अतुलनीय है**



**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन गुरुवार को जमशेदपुर में बंगभाषियों की संस्था बंग बंधु की ओर से आयोजित कवि गुरु रबीन्द्रनाथ टैगोर एवं काजी नजरुल इस्लाम के जयंती समारोह में शामिल हुए।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड से जुड़ी सभी स्थानीय एवं जनजातीय भाषाओं तथा संस्कृतियों का संरक्षण और संवर्धन हमारी सरकार की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य के साथ अगले महीने राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में बांग्ला, ओड़िया एवं सभी जनजातीय भाषाओं के शिक्षकों की नियुक्ति करके, प्राथमिक स्तर पर इन भाषाओं में पढ़ाई शुरू की जायेगी।

तभी हम इन भाषाओं एवं संस्कृतियों को संवर्धित कर के अपनी अगली पीढ़ी को अपनी गौरवशाली विरासत सौंप पाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस साहित्य को इन महान विभूतियों ने सौ साल पहले लिखा, वह आज भी अतुलनीय है।

इस देश को राष्ट्रगान देने वाले रबीन्द्रनाथ टैगोर और अंग्रेजी शासन के खिलाफ अपने गीतों एवं नाटकों के माध्यम से क्रांति का संदेश देने वाले काजी नजरुल इस्लाम जैसी महान हस्तियों पर पूरे देश को गर्व है। झारखंड के अधिकतर क्षेत्रों में तथा विशेष कर कोल्हान और संथाल परगना के कई हिस्सों में, बांग्ला भाषा का इस्तेमाल एक प्रमुख भाषा के तौर पर होता है। मैंने अपनी पढ़ाई रामकृष्ण मिशन के स्कूल से की है, इसलिए बंगभाषी समाज की गौरवशाली संस्कृति को हमने करीब से महसूस किया है।

### बिजली बहाल करने के लिए ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के माटिहाना पंचायत अंतर्गत कुम्हार टोला के ग्रामीण बीस दिनों से टोला में बिजली नहीं रहने का दंश से झेल रहे हैं. वहीं ग्रामीणों का कहना है कि ट्रांसफार्मर जल जाने के पश्चात नये ट्रांसफार्मर बदलने की समस्या के कारण लोग डिबरी के युग में जीने को विवश है. गुरुवार दोपहर को ग्रामीण बहरागोड़ा स्थित विद्युत पावर ग्रिड पहुंचे. इन्होंने विभाग के महाप्रबंधक के नाम एक ज्ञापन सौंपा. ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया है कि विगत बीस दिनों से मटिहाना मध्य विद्यालय एवं टोला में बिजली नहीं है. साथ ही बिजली नहीं होने के कारण ग्रामीण गर्मी में काफी परेशान है.उधर विद्यालय के विद्यार्थियों को गर्मी में शिक्षा ग्रहण करना पड़ रहा है. वहीं विद्यालय में मोटर नहीं चलने के कारण मध्यान भोजन में भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**निर्दलीय अर्जुन बैठा ने चलाया जनसंपर्क अभियान**

# जनता का प्यार और आशीर्वाद मेरी ताकत



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी अर्जुन बैठा का क्षेत्र भ्रमण मे ग्रामीणों में जोश व उत्साह दिखाई दे रहा है। गांडेय विधानसभा के अंतर्गत गांडेय व बेंगाबाद प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में अर्जुन बैठा के आगमन पर तूफानी जनसमर्क किया गया। कार्यकताओं ने फूल माला एवं बुके देकर गर्म जोशी के साथ जोर दार तरीके से स्वागत किया। इस दौरान अर्जुन बैठा ने सभी कार्यकताओं से मुलाकात, परिचय प्राप्त करते हुए कहा की इन्हीं के प्यार और आशीर्वाद से हम आगे बढ़ रहे हैं। गांडेय विधानसभा के अंतर्गत गांडेय व बेंगाबाद प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों के सभी कार्यकताओं ने एक शुर में कहा की हम सभी कार्यकर्ता निर्दलीय प्रत्याशी अर्जुन बैठा के साथ हैं मौके पर गांडेय विधानसभा के अंतर्गत गांडेय व बेंगाबाद प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में एक सामूहिक बैठक रखी गई जिसमें कई गणमान्य कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।।वही गांडेय विधानसभा के अंतर्गत गांडेय व बेंगाबाद प्रखंड के बदवरा, गोलगो,लेदा, हरला पंचायत, पोखर्ची, बसामाता,छाताबाद छोटकी खराडीहा गांव, में जनसंपर्क करते हुए में सभी गणमान्य कार्यकर्ता ग्राम पंचायत बरमसिया 2 में ग्राम टोटपा में बूथ कमेटी बनाया गया।लेदा पंचायत पंडित,हरिजन टोला और पाण्डेय टोला में अर्जुन बैठा को लोकल उम्मीदवार लेकर कुछ बात को रखा गया । साथ में सभी गणमान्य कार्यकर्ता गण उपस्थित थे, वही पर जनता और युवा साथियों से मुलाकात भी किया। और ग्राम रघुसिंघा ,पंचायत अलगुंदा, ग्राम घोषासिंघा ,पंचायत अलगुंदा,ग्राम बंशीडीह पंचायत लेदा ,ग्राम गादी पंचायत लेदा में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया गया।जनसंपर्क अभियान में भी जनता जनार्दन से मुलाकात हुई।

# पोस्टल बैलेट से गिरिडीह डीसी ने अपने मताधिकार का किया प्रयोग



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह गिरिडीह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने गुरुवार को गिरिडीह समाहरणालय के फैसिलिएशन सेंटर में जाकर पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने रांची लोकसभा संसदीय क्षेत्र के लिए अपना मतदान किया। इस दौरान जिला सहकारिता पदाधिकारी, सहायक नगर आयुक्त, आईटी एसिस्टेंस, कल्याण विभाग समेत कई अन्य अधिकारियों ने अपने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री लकड़ा ने कहा कि पोस्टल बैलेट के माध्यम से एसेंशियल सेवा से जुड़े हुए लोग, मतदान कार्य में लगे अधिकारी, कर्मी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी, पुलिस जवान भी अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। बताया कि गिरिडीह जिले में लगभग 13 हजार से ज्यादा पोस्टल बैलेट से मतदान करने वाले मतदाताओं का फॉर्म जेनरेट हुआ है। जिसमें लगातार लोगों के द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया जा रहा है।इस दौरान उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी होम वोटिंग सुविधा की भी विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि होम वोटिंग के जरिए दिव्यांग, 85 प्लस बुजुर्ग तथा असक्षम मतदाताओं द्वारा मतदान किया जा रहा है। कहा कि लोकसभा चुनाव में कोई भी मतदाता वोट देने से वंचित न रहें इस बात का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। कहा कि कई मतदाता आवश्यक सेवाओं में रहते हुए मतदान प्रक्रिया में शामिल नहीं हो सकते हैं,वे अब इस प्रक्रिया के तहत अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। इस दौरान उन्होंने आम मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि सभी अपने निर्धारित तिथि और मतदान केंद्रों पर पहुंच लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

### गुदड़ी राजकीयकृत प्लस टू उवि में 12वीं की पढ़ाई पुनः चालू करने की मांग

**चक्रधरपुर।** पश्चिमी सिंहभूम के सुदूरवर्ती व नक्सल प्रभावित क्षेत्र गुदड़ी प्रखंड में एक भी प्लस टू उच्च विद्यालय नहीं है. इस कारण 10वीं की पढ़ाई करने के बाद 12वीं की पढ़ाई के लिए विद्यार्थियों के समक्ष परेशानी उत्पन्न हो जाती है. गुदड़ी के बिरकेल पंचायत के गिरु में राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय का निर्माण भी वर्षों पूर्व कराया गया था, लेकिन यहां कभी भी 12वीं की पढ़ाई शुरू नहीं हुई. इस कारण इस क्षेत्र के विद्यार्थियों को 10वीं की पढ़ाई पूरी करने के बाद या तो लंबी दूरी तय कर सोनुवा, गोईलकेरा जाना पड़ता है या फिर पढ़ाई छोड़नी पड़ती है.इसे देखते हुये गुरुवार को गुदड़ी के राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय में बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता बिरकेल पंचायत की मुखिया कुंवारी बरजो ने की।

# कोडरमा वर्षों से उपेक्षित, यहां की धरती को सजाने का करेंगे काम : विनोद सिंह

**इंदिरा गांधी मैदान जमुआ में इंडिया गठबंधन की जनसभा संपन्न**




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि लोकसभा के चार चरण चुनाव सम्पन्न हुए हैं। इंडिया गठबंधन बेहतर स्थिति में है। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रोल बांड देश का सबसे बड़ा घोटाला है।

कहा कि कोविशिल्ड वैक्सीन में बड़ी गड़बड़ी थी.आज लोगों के सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है।कहा कि मोदी जी झूठ बोलकर सत्ता में आये और झूठ बोलकर 10 वर्ष तक देश का बेड़ा गर्क किये हैं। श्री भट्टाचार्य गुरुवार को इंदिरा गांधी मैदान जमुआ में इंडिया गठबंधन द्वारा आयोजित जनसभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि ईडी का दुरुपयोग कर विपक्ष के नेताओ को फंसाने का काम किया जा रहा है।

इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी विनोद सिंह ने कहा कि कोडरमा की आवाज देश मे गूंजे इसके लिए मुझे आशीर्वाद दें ताकि आपके बातों को, जनता के सवालों पर सड़क से संसद तक मजबूत लड़ाई लड़ी जाए। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों की रहनुमाई हम करेंगे। हर जरूरतमंद, बेजुबान, कमजोर, बेबस की आवाज को दबने नहीं देंगे। कोडरमा वर्षों से उपेक्षित रहा है। यहां की धरती को सजाने का काम करेंगे।

हम किसानों, नौजवानों,मजदूरों के लिए आवाज बुलंद करेंगे। कार्यक्रम में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष धनंजय सिंह, कांग्रेस नेत्री मंजू कुमारी,आम आदमी पार्टी के कृष्ण मुरारी शर्मा,ओम प्रकाश महतो, देवंती भारती, अजय कुमार मन्टू, रब्बुल हसन, राजद के गिरीन्द्र यादव जे एम एम की गीता हजरा, कांग्रेस के सच्चिदानन सिंह, जय प्रकाश राय,भाकपा माले के अशोक पासवान, विजय हसन बंटी, अभिमन्यु राम,असगर अली,ऊष्मान अंसारी, प्रखण्ड 20 सूत्री अध्यक्ष जुनैद आलम, आम आदमी पार्टी के अमित सिंह,रोजन मियां,आशीष भदानी सहित कई लोगों ने संबोधित किया।

### एनओसी बगैर केबुल बस्ती में सीधे बिजली दे टाटा स्टील : सरयू राय

**जमशेदपुर।** केबुल टाउन क्षेत्र के निवासियों के घरों में टाटा स्टील के द्वारा नौ वेंडरों के माध्यम से बिजली की पूर्ति की जा रही है. इस वजह से क्षेत्र के लोगों को 25 से 30 प्रतिशत अधिक दर पर बिल का भुगतान करना पड़ रहा है। क्षेत्र के सभी घरों में सीधा कनेक्शन देने को लेकर झारखंड उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर की गई है, जिसे न्यायालय ने स्वीकार कर लिया है। साथ ही दिवालिया केबुल कंम्पनी के आरपी याचिका में निहित बिन्दुओं का जवाब देने के लिए नोटिस जारी किया है। झारखंड सरकार और टाटा स्टील के अधिवक्ताओं ने भी याचिका का समर्थन किया। यह जानकारी जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने दी। वह गुरुवार को बिष्टुपुर स्थित अपने आवासीय कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। राय ने बताया कि आगामी 10 जून को ग्रीष्मावकाश के बाद न्यायालय खुलने पर मामले की सुनवाई होगी। टाटा स्टील के वकील ने कहा कि कंपनी केबुल टाउन के सभी घरों में बिजली का सीधा कनेक्शन देने पर सहमत हैं, परंतु दिवालिया घोषित हो चुकी केबुल कंपनी के आरपी इसके लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं दे रहे हैं।

टाटा स्टील को दिवालिया केबुल कंपनी के आरपी से एनओसी मांगने की कोई जरूरत नहीं विधायक सरयू राय ने कहा कि टाटा स्टील को दिवालिया केबुल कंपनी के आरपी से अनापत्ति प्रमाण पत्र मांगने की कोई जरूरत नहीं है।

## न्यूज | बॉक्स

### लोकसभा क्षेत्र के मोहनपुर में एनडीए चुनाव कार्यालय का हुआ शुभारंभ



**गिरीडीह।** शहरी क्षेत्र के मोहनपुर में एनडीए के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन गुरुवार को किया गया। उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक निर्भय शाहाबादी उपस्थित हुए। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व डिप्टी मेयर प्रकाश सेठ व आजसू के जिलाध्यक्ष गुड्डू यादव शरीक थे। यहां अतिथियों के हाथों गिरीडीह लोकसभा अंतर्गत शहरी क्षेत्र के मोहनपुर में पार्टी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन विधिवत रूप से किया गया। मौके पर जिला परिषद सदस्य रंजीत राय, मंडल अध्यक्ष राजेश गुप्ता, प्रकाश सेठ, श्याम प्रसाद, संजय साहू, पूनम देवी, मनीलाल, उदय समेत आजसू और भाजपा के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### इंडी गठबंधन की ओर से चलाया गया जनसंपर्क अभियान



**गिरिडीह।** चुनाव का समय नजदीक आते ही सभी दलों ने प्रचार प्रसार तेज कर दिया है। गुरुवार को बीस सूत्री अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने गावां प्रखंड के जगदीशपुर, खेरड़ा, मानपुर, धरहरवा, गड़गी व माल्डा में बैठक कर के विनोद सिंह को जनसमर्थन देने की अपील की। कहा कि इंडिया गठबंधन के द्वारा ही क्षेत्र का कल्याण हो सकता है। इधर माले नेता सकलदेव यादव ने माल्डा, नगवां समेत कई गांवों में बैठक कर इंडिया प्रत्याशी को अपना समर्थन देने की अपील की।


जिला विधिक सेवा प्राधिकार,सिमडेगा
(निःशुल्क सुलभ एवं शीघ्र न्याय हेतु)

विशेष लोक अदालत
मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण
(MACT) के मामलों का
दिनांक– 08 जून 2024 शनिवार
स्थान–व्यवहार न्यायालय, सिमडेगा, समय–पूर्वाहन् 08:00 बजे

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार ,राँची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार सिमडेगा के तत्वावधान में दिनांक 08 जून 2024 को मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण से संबंधित मामलों के निष्पादन हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उक्त विशेष लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित मामलें का निष्पादन किया जाना है:–

अतः सिमडेगा वासियों से निवेदन है कि मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित मामलों को इन्स्युरेंस कंपनी एवं अपने अधिवक्ता से सर्म्पक कर अधिक से अधिक मामलों को निष्पादन करने का प्रयास करें ।

नोटः–उक्त विशेष लोक अदालत हेतु दिनांक 03 जून 2024 से 07 जून 2024 तक मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित मामलों का Pre Lok Adalat sittings पूर्वाहन 08:00 बजे से व्यवहार न्यायालय परिसर, सिमडेगा में चलेगा।

श्रीमती मरियम हेमरोम, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा
श्री सौरभ, पुलिस अधीक्षक सह सदस्य, जि0 वि0 से0 प्रा0, सिमडेगा
श्री अजय कुमार सिंह, उपायुक्त सह उपाध्यक्ष
श्री राजीव कुमार सिन्हा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जि0 वि0 से0 प्रा0,सिमडेगा

PR 324871 Simdega(24-25).D निवेदक–जिला प्रशासन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा।



झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खूँटी 835210
email :witikhunti@gmail.com

महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खूँटी और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (LWE) कर्रा, खूँटी में शैक्षणिक सत्र 2024–25–26 में नामांकन से संबंधित सूचना

निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण , श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, राँची द्वारा NCVT से मान्यता प्राप्त राज्य के सभी सरकारी (LWE सहित) , निजी पी0 पी0 पी0 , सी0 एस0 आर0 एवं टी0 एस0 पी0 मोड पर संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक सत्र 2024–25–26 में नामांकन के लिए योग्य आवेदकों से जो झारखण्ड राज्य के स्थायी / स्थानीय निवासी श्रेणी में आते हैं और नीचे दिए गए शैक्षणिक योग्यता धारित करते हैं, उनसे ऑनलाईन
(https://iti.jharkhand.gov.in) Admission tab) आवेदन – पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

01. महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खूँटी में संचालित व्यवसाय एवं रिक्त सीट

| क्र0 सं0 | व्यवसाय का नाम | प्रशिक्षण अवधि | रिक्त सीटों की संख्या | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Electronic Mechanic | 02 वर्षीय | 24 | मैट्रिक पास |
| 2 | Drone Technician | 06 माह | 24 | मैट्रिक पास |

02. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,(LWE) कर्रा, खूँटी में संचालित व्यवसाय एवं रिक्त सीट–

| क्र0 सं0 | व्यवसाय का नाम | प्रशिक्षण अवधि | रिक्त सीटों की संख्या | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Electrician | 02 वर्षीय | 20 | मैट्रिक पास |
| 2 | Welder | 01 वर्षीय | 20 | आठवॉं / मैट्रिक पास |
| 3 | Mason (Building Constructor) | 01 वर्षीय | 24 | आठवॉं / मैट्रिक पास |
| 4 | Physiotherapy Technician | 01 वर्षीय | 20 | मैट्रिक पास |
| 5 | Mechanic Consumer Electronics Appliances | 02 वर्षीय | 24 | मैट्रिक पास |

03 ऑलाइन करने की तिथिः–

| क्र0 सं0 | विवरणी | तिथि |
|---|---|---|
| 01 | ऑलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | 15.05.2024 |
| 02 | ऑलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि | 09.06.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक |
| 03 | औपबंधिक मेधा सूचियों (आठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाशन | 12.06.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक |
| 04 | औपबंधिक राज्य मेधा सूचियों में शामिल आवेदकों द्वारा प्राप्तांक / प्राप्तांक प्रतिशत, कोटि एवं अन्य प्रविष्टयों में त्रुटि सुधार की अवधि | 13.06.2024 से 15.06.2024 |
| 05 | अंतिम मेधा सूचीयों (आठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाशन | 20.06.2024 |

04 डी0 जी0 टी0 के पत्रांकः– DGT- Aff011/1/2023-0/o DIR(TC)- Part (2) [63756], दिनांकः– 03.05.2024 के आलोक में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में नामांकन लेने वाले अभ्यर्थियों का वैध मोबाईल न0, ई–मेल आई0डी0 एवं आधार नम्बर आवश्यक है तथा NTC उत्तीर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त होने तक उसमें परिवर्त्तन करने की अनुमति नहीं होगी। डी0जी0टी0 का पत्र https://iti.jharkhand.gov.in के Download Selction के Notification Tab में देखा जा सकता है।

05. नामांकन संबंधी विस्तृत महत्वपूर्ण सूचना झारखण्ड ITI Webportal (https://iti.jharkhand.gov.in) के Download Selection के Notification Tab में देखा / Download किया जा सकता है।

06. किसी प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारी हेतु ITI Webportal Grievance Section में टिकट Raise किया जा सकता है एवं आवश्यकतानुसार मो0 न0– 9334526299 / 6202102245 / 9304197311 पर संपर्क किया जा सकता है।

उक्त सूचना को Jharkhand के ITI Webportal (https://iti.jharkhand.gov.in) के Download Selection के Notification Tab में देखा / Download किया जा सकता है।

नोटः– ऑनलाईन करने संबंधी किसी भी प्रकार के सहायता के लिए महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खूँटी में सम्पर्क कर सकते है
मो0 न0– 8581044701 / 7903099566

प्रभारी प्राचार्य,
महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान
खूँटी

PR 324854 Labour Employment and Traning (24-25)_D

# चीन को हराने के लिए रद्द हों अंग्रेजी कानून

***जीटीआरआई*** द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 में चीन 118.41 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार के साथ भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बन गया है। यह एक व्यापारिक मजबूरी है जिसने भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार मामले में अमेरिका को पीछे छोड़ दिया है। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में चीन से आयात 44.7 प्रतिशत बढ़कर 70.32 अरब डॉलर से 101.75 अरब डॉलर हो गया, जबकि चीन को भारत का निर्यात 16.66 अरब डॉलर रहा। प्रमुख रूप से लौह अयस्क, सूती धागा, कपड़े, हथकरघा, मसाले, फल और सब्जियां, प्लास्टिक और लिनोलियम जैसे क्षेत्रों में भारत का निर्यात बढ़ा है। चीन से आयात में वृद्धि के कारण भारत का व्यापार घाटा बढ़कर 2023-24 में 85.09 अरब डॉलर हो गया। जीटीआरआई रिपोर्ट का विश्लेषण करें, तो पाते हैं कि चीन से आयात में कमी नहीं आने के कई कारण हैं। भारत ने 2023-24 में चीन से 4.2 अरब डॉलर का टेलीकॉम व मोबाइल फोन आयात किया है, जो इस वर्ग में कुल आयात का 44 फीसदी है। इसी तरह, भारत ने कुल कंप्यूटर व प्रौद्योगिकी आयात का 77 प्रतिशत, नवीकरणीय ऊर्जा से जुड़े उपकरणों के आयात का 65.5 प्रतिशत, इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरी के कुल आयात का 75 प्रतिशत हिस्सा चीन से मंगाया है। साफ है कि भारत आवश्यक व रणनीतिक तौर पर बेहद जरूरी सेक्टर में भी चीन से आयातित उत्पादों पर काफी निर्भर है। पिछले एक दशक से स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहित करके चीन से आयात घटाने के प्रयास हुए हैं। चीनी सामान के बहिष्कार व सरकार द्वारा विभिन्न चीनी एप पर प्रतिबंध, चीनी सामान के आयात पर नियंत्रण, कई चीनी सामान पर शुल्क वृद्धि, सरकारी विभागों में चीनी उत्पादों की जगह यथासंभव स्थानीय उत्पादों के उपयोग को ?प्रोत्साहन दिया है। पीएम मोदी द्वारा स्थानीय अर्थव्यवस्था का समर्थन करने व वोकल फॉर लोकल मुहिम के प्रसार ने स्थानीय उत्पादों की खरीद को पहले की तुलना में अधिक समर्थन दिया। आत्मनिर्भर भारत अभियान में मैन्यूफैक्चरिंग के तहत 24 सेक्टर को प्राथमिकता के साथ तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। पिछले दो वर्ष में सरकार ने प्रोडक्शन लिंक्ड इनसेंटिव (पीएलआई) स्कीम के तहत 14 उद्योगों को करीब दो लाख करोड़ रुपये आवंटित किए। अब देश के कुछ उत्पादक चीन के कच्चे माल का विकल्प बनाने में सफल भी हुए हैं। चीन से व्यापार घाटा कम करने के लिए सरकार को और अधिक कारगर प्रयास करने होंगे, तो दूसरी ओर देश के उद्योग-कारोबार क्षेत्र को भी चीन से व्यापार असंतुलन दूर करने के लिए प्रतिस्पर्धा करने के प्रयास करने होंगे। भारतीय निर्यातकों के समक्ष आ रहे बाजार पहुंच के मुद्दों को सरकार को प्राथमिकता के आधार पर चीन से बात करनी होगी। देश से निर्यात बढ़ाने और आयात घटाने के लिए अर्थव्यवस्था के डिजिटलीकरण की रफ्तार तेज करने के साथ युवा श्रमशक्ति को कौशलयुक्त करना होगा। नई लॉजिस्टिक नीति और गति शक्ति योजना के कारगर क्रियान्वयन से लॉजिस्टिक लागत घट सकती है। अब फिर से देशवासियों को चीनी उत्पादों की जगह स्वदेशी उत्पादों के उपयोग का संकल्प लेना होगा। यह समझना होगा कि चीन से व्यापार असंतुलन की गंभीर चुनौती के लिए सिर्फ सरकार ही जिम्मेदार नहीं है, बल्कि देश का उद्योग-कारोबार और कंपनियां भी जिम्मेदार हैं। उन्होंने कलपुर्जे सहित संसाधनों के विभिन्न स्रोत और मध्यस्थ विकसित करने में प्रभावी भूमिका नहीं निभाई है। साथ ही बड़ी कंपनियां शोध एवं नवाचार में भी बहुत पीछे हैं। उम्मीद करनी चाहिए कि जीटीआरआई रिपोर्ट के मद्देनजर भारत व्यापार घाटा कम करने के लिए रणनीतिक रूप से तेजी से आगे बढ़ेगा। यह भी उम्मीद है कि जिस तरह भारत ने भारतीय खिलौना उद्योग को पल्लवित-पुष्पित करके चीनी खिलौनों के आयात में भारी कमी की, उसी तरह उद्योग-कारोबार के अन्य क्षेत्रों में भी चीन से आयात घटाने व निर्यात बढ़ाने के नए उपाय किए जाएंगे। साथ ही देश के बाजार में चीनी उत्पादों के वर्चस्व को तोड़ने के लिए प्रमुख उद्योग और कारोबार स्थानीय विकल्प प्रस्तुत करने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ेंगे। सबसे बड़ी बात हमें यह समझने की है कि चीन सबसे कम लागत में सामान कैसे बना रहा है जिसमें भारत से लेकर अमेरीका तक सामान पहुंचाने का खर्च तक शामिल है।

इन दिनों

# हजारीबाग लोक सभा संसदीय क्षेत्र के चुनाव का गौरवशाली इतिहास


विजय केसरी

***हजारीबाग*** लोक सभा संसदीय क्षेत्र में हुए चुनाव का एक गौरवशाली इतिहास रहा है। इस इतिहास से हम सबों को जरूर परिचित होना चाहिए। 1947 में देश को आजादी मिली थी। 26 जनवरी, 1950 में लोकसभा में भारत का संविधान पारित हो जाने के बाद 1950 में ही अंतरिम संसद का गठन कर लिया गया था। 1950 में हजारीबाग के ज्ञानी राम (स्वाधीनता सेनानी) को अंतरिम संसद में एक सांसद के रूप में मनोनीत किया गया था। बाबू राम नारायण सिंह (स्वाधीनता सेनानी) 1927 से लेकर 1946 तक केंद्रीय विधानसभा में छोटा नागपुर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते रहे थे। 1946 में जब संविधान सभा का गठन हुआ था, तब केंद्रीय विधानसभा को भंग कर दिया गया। केंद्रीय विधानसभा के सारे सदस्यों को अंतरिम संसद में सांसद तौर पर मनोनीत कर लिया गया था। इसलिए बाबूराम नारायण सिंह अंतरिम संसद में स्वतः सांसद मनोनीत कर लिए गए थे। 1947 में देश की आजादी के बाद पहले प्रधानमंत्री के रूप जवाहरलाल नेहरू ने शपथ लिया था। स्वाधीनता सेनानी बाबू राम नारायण सिंह केंद्रीय सत्ता की दिशा से काफी नाराज थे। उन्होंने 1950 में ही अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। तब वे देश के एक चौकीदार के रूप में अपनी महती भूमिका अदा किए थे। 1947 से लेकर 1952 तक लोकसभा अंतरिम मनोनीत सांसदों के द्वारा संचालित रहा था। भारत में पहला आम चुनाव 1952 में संपन्न हुआ था। 1952 में हुए देश का पहला चुनाव हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र से बाबू राम नारायण सिंह ने एक निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था। उन्हें रामगढ़ राज्य के पूर्व राजा स्वर्गीय कामाख्या नारायण सिंह की पार्टी छोटा नागपुर संथाल परगना जनता पार्टी का समर्थन प्राप्त था। इस चुनाव में बाबूराम नारायण सिंह ने कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार स्वाधीनता सेनानी स्वर्गीय ज्ञानी राम पच्चीस हजार वोटो से पराजित किया था। तब देश के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू थे। 1957 में राजमाता ललिता राजलक्ष्मी जनता पार्टी के सीट पर चुनाव लड़ी थी। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के बदरू जमा खान को पराजित कर विजय दर्ज की थी। इस संदर्भ में दिलचस्प बात यह है कि 1957 के चुनाव के पूर्व रामगढ़ राज्य के पूर्व राजा कामाख्या नारायण सिंह ने बाबू राम नारायण सिंह के समक्ष यह शर्त रखी थी आप एक बाउंड लिख कर दीजिए कि आप छोटा नागपुर संताल परगना जनता पार्टी के आजीवन सदस्य रहेंगे। तब बाबूराम नारायण सिंह ने कहा था कि 'शेर को बांधकर नहीं रखा जा सकता है।' इस घोषणा को प्रात उन्होंने 1957 का चुनाव नहीं लड़ने का निर्णय लिया था। तब देश के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू थे। 1962 में देश का तीसरा लोकसभा चुनाव हुआ था। हजारीबाग लोक सभा संसदीय क्षेत्र से रामगढ़ राज्य के पूर्व राजा कामाख्या नारायण सिंह के छोटे भाई डॉ वसंत नारायण सिंह जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़े थे। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के जमाल अंसारी को भारी मतों से हराया था। तब भी देश के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू थे। 1967 में देश का चौथा लोकसभा चुनाव संपन्न हुआ था। जनता पार्टी की ओर से डॉ बसंत नारायण सिंह ने कांग्रेस पार्टी के नेता दामोदर पांडेय को पराजित किया था। तब देश के प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी थीं। यहां यह लिखना जरूरी हो जाता है कि देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का निधन 1964 में हो गया था। कुछ दिनों के लिए कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रूप में गुलजारीलाल नंदा ने योगदान दिया था। उसके बाद लाल बहादुर शास्त्री कुछ वर्षों के लिए देश के प्रधानमंत्री बने थे। 11 जनवरी 1966 को लाल बहादुर शास्त्री के अकस्मात निधन हो जाने पर इंदिरा गांधी देश की प्रधानमंत्री देश बनी थी। 1968 में हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से हुए लोकसभा चुनाव में जनता पार्टी की ओर से मोहन सिंह ओबेरॉय ने कांग्रेस पार्टी के राम नारायण शर्मा को हराया था। गौरतलब यह है कि मोहन सिंह ओबेरॉय का हजारीबाग से कोई भी लेना-देना नहीं था। मोहन सिंह ओबेरॉय, ओबेरॉय ग्रुप के मालिक थे। उन्होंने रामगढ़ राज्य के पूर्व राजा कामाख्या नारायण सिंह से चुनाव लड़ने का पेशकश किया था। मोहन सिंह ओबेरॉय को मालूम था कि जनता पार्टी के टिकट पर आसानी से चुनाव जीतकर संसद पहुंच जाएंगे। इसलिए उन्होंने हजारीबाग से चुनाव लड़ने निर्णय लिया था। यह बात सही साबित हो गई थी। वे आसानी से यहां से चुनाव जीतकर दिल्ली संसद तक पहुंच गए थे। उन्होंने चुनाव जीतने के बाद दोबारा हजारीबाग की ओर रूख नहीं किया था। 1971 के लोकसभा चुनाव में हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के दामोदर पांडेय ने रामगढ़ राज्य की राजमाता ललिता राजलक्ष्मी को हराया था। तब देश की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी थी। इसी कालखंड में भारत पाकिस्तान युद्ध हुआ था। उस युद्ध में भारत विजयी रहा था। इंदिरा गांधी ने अपनी कूटनीति के तहत पाकिस्तान को बांग्लादेश और पाकिस्तान दो भागों में विभक्त कर दिया था। भारत-पाकिस्तान के इस युद्ध में भारत ने अपना सरदार शौर्य का प्रदर्शन किया था। तब और इंदिरा गांधी की जय जय कार चहुंओर हो रही थी। 1977 के लोकसभा चुनाव में हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से जनता पार्टी की ओर से डॉ वसंत नारायण सिंह ने कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार दामोदर पांडेय को भारी मतों से पराजित किया था। यह चुनाव देश में लागू आपातकाल के बाद हुआ था। लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में इंदिरा गांधी की तानाशाही के खिलाफ देशभर में जबरदस्त आंदोलन हुआ था। देश के तमाम विरोधी पक्ष के नेताओं को जेल में डाल दिया गया था। 1977 के हुए लोकसभा चुनाव में केंद्र में जनता पार्टी की सरकार बनी थी। मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री बने थे।



प्रथम निर्वाचित सांसद बाबूराम नारायण सिंह

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आपकी बात

### हमीदगंज में बिजली और पानी पर लगा अंकुश

**मेदिनीनगर** हमीदगंज वार्ड न0 25 में बिजली और पानी की दो प्रमुख समस्याओं से यहां रहने वाली जनता त्रस्त है। पुरे देश में विधुतीकरण होने के बावजूद इस क्षेत्र में खुले तार ऐसे ही लटकते नजर आते है। जिसके वजह से जान माल का खतरा हमेशा बना रहता है मोहल्ले में जिस पर आम जनता द्वारा बिजली विभाग से कई बार शिकायत के बावजूद भी कोई निदान नहीं किया गया है। दूसरा पानी की बात करे तो हमीदगंज में एक ऐसा भी क्षेत्र है यहां भारी संख्या में लोग रहते हैं। पानी की वजह से लोग एक-एक सप्ताह तक नहा नहीं पाते हैं। यहां तक की पीने के लिए पानी लोगों को तरसना पड़ रहा है इस संबंध में बातचीत के दौरान जिम्मेदार नागरिक अभिषेक राज ने बताया जो कि समाज के सेवा के लिए काफी सक्रिय रहते हैं जहा सप्लाई पानी 1 दिन बिच कर मिल पता है जबकि दूसरे फेज पाइपलाइन से भी इस क्षेत्र को बाहर रखा गया है। गर्मी अधिक होने के वजह से कई चापाकल सुख चुके है तो कई पहले से ही खराब पड़े है। वही कई चापाकल ऐसे भी हैं जिसके पानी को पिया नहीं जा सकता। कोई भी जनप्रतिनिधि इस पर कभी सक्रिय नहीं दिखता। चुनाव आने पर वोट के लिए भले ही आये दिन बात जब सुविधाओं की होगी तो सब उलटे पैर भागते नजर आएंगे। जिसके कारण लोग सुबह-सुबह आपस में पानी को लेकर झगड़ा करते नजर आते हैं। वहीं नियमित रूप से बिजली आपूर्ति नहीं होने के कारण छात्र-छात्राओं को पढ़ाई लिखाई करने में काफी परेशानी हो रही है। वहीं बढ़ते गर्मी से लोग बिजली समय-समय कट जाने के कारण व्याकुल नजर आ रहें है। रास्ते में कहीं कहीं पर बिजली की तारे आपस में इतनी उलझी हुई हैं की आये दिन कभी भी बिजली की सार्ट सर्किट होने की संभावना बनी रहती है। सड़कों पर चलते वाहन में बिजली की तारे हमेशा सट जाती हैं जिससे दुर्घटना घट सकती है, जिसे बिजली विभाग द्वारा सुधारने की आवश्यकता है।



**– अभिषेक राज, छात्र नेता आजसू पार्टी मेदिनीनगर।**

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

राजनीति

# धर्म आधारित जनसंख्या का बढ़ता असंतुलन


श्याम जाजू

***18वीं*** लोकसभा के चुनाव की गहमा-गहमी के बीच एक ऐसी रिपोर्ट आई है जिसे देश पहले से ही जानता था पर आधिकारिक तौर पर मुहर अब लगी है। पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के द्वारा जारी 'धार्मिक अल्पसंख्यकों की हिस्सेदारी-एक क्रॉस कंट्री विश्लेषण (1950-2015)' शीर्षक से एक अध्ययन से पता चला है कि भारत में बहुसंख्यक (हिंदुओं) की जनसंख्या हिस्सेदारी में गिरावट आई है। अध्ययन में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि भारत में 1950 और 2015 के बीच बहुसंख्यक हिंदू आबादी की हिस्सेदारी 1950 में 84.68 प्रतिशत से घटकर 2015 में 78.06 प्रतिशत हो गई है, अर्थात इसमें 7.82 प्रतिशत की कमी हुई है। जबकि इसी अवधि (65 वर्ष) में मुसलमानों की हिस्सेदारी 9.84 प्रतिशत से बढ़कर 14.09 प्रतिशत हो गई है। अर्थात 43.15 प्रतिशत की अभूतपूर्व वृद्धि।

> **हाल की दिनों में यह स्पष्टता से देखने में आया है। जहां-जहां हिन्दू अल्पसंख्यक हुए हैं वहां इनटॉलेरेंस बढ़ने की, शरिया लागू करने की मांग उभर कर आ रही है।**

इसी अवधि में ईसाइयों में 5.38 प्रतिशत की वृद्धि, सिखों में 6.58 प्रतिशत की वृद्धि और बौद्धों में मामूली वृद्धि देखी गई, जबकि जैन और पारसियों की संख्या में कमी देखी गई। आजादी के समय देश का धर्म के आधार पर विभाजन हुआ- मुसलमानों और सेक्युलरों के बीच। जहां पकिस्तान केवल मुसलमानों के लिए बना, वहीं हिन्दुस्तान सभी धर्मों और सम्प्रदायों को साथ लेकर चलने वाला देश बन गया। जहां पकिस्तान से चुन चुन कर हिन्दुओं को भेजा गया या मार दिया गया, वहीं हिंदुस्तान में बड़ी संख्या में मुसलमान रह गए, जिनको समानता के साथ देश का नागरिक बने रहने का अधिकार मिला। कालखंड में इनकी संख्या बढ़ती गई। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि भारत सेक्युलर है और यहां के बहुसंख्यक हिंदू सेक्युलर हैं। यही वजह है कि यहां और धर्मों और सम्प्रदायों को मानने वालों की संख्या में लगातार वृद्धि होती जा रही है। शोर के विपरीत, इस रिपोर्ट के विश्लेषण से पता चलता है कि अल्पसंख्यक न केवल सुरक्षित हैं, बल्कि वास्तव में भारत में फल-फूल रहे हैं। पर इस रिपोर्ट का एक दूसरा भी पहलू है। वह यह कि जैसे-जैसे हिन्दुओं की संख्या घटेगी, देश में सेक्युलरिज्म की अवधारणा पर चोट पहुंचेगी। हाल की दिनों में यह स्पष्टता से देखने में आया है। जहां-जहां हिन्दू अल्पसंख्यक हुए हैं वहां इनटॉलेरेंस बढ़ने की, शरिया लागू करने की मांग उभर कर आ रही है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**


बोधि वृक्ष

## प्रेम मंदिर वृंदावन

***प्रेम*** मंदिर वृंदावन के सबसे प्रसिद्ध मंदिरों में से एक है जो आकार में बहुत बड़ा है। आपको बता दें की इस मंदिर को आकार जगदगुरु श्री कृपालुजी महाराज ने वर्ष 2001 में आकार दिया था। यह मंदिर अपनी भव्यता और खूबसूरती के लिए जाना जाता है। वृंदावन का प्रेम मंदिर एक प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है जो राधा कृष्ण और सीता राम को समर्पित है। उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में स्थित इस मंदिर की यात्रा करने के लिए दूर दूर से भक्त यात्रा करते हैं। प्रेम मंदिर वृंदावन एक नवनिर्मित मंदिर है जो पूरे बृज क्षेत्र में सबसे सुंदर है। आरती के समय इस मंदिर में भक्तों की बड़ी भीड़ होती है। प्रेम मंदिर एक आकर्षक संरचना है जो सफेद संगमरमर से निर्मित है और इस पर बहुत जटिल नक्काशी की गई है। प्रेम मंदिर में में भगवान कृष्ण के जीवन का चित्रण करती हुई कई मूर्तियाँ स्थित हैं, यहां कृष्ण के जीवन के विभिन्न दृश्य, जैसे गोवर्धन पर्वत को उठाना को मंदिर की परिधि पर चित्रित किया गया है। अगर आप प्रेम मंदिर के दर्शन करने की योजना बना रहें हैं या मंदिर के बारे में अन्य जानकारी चाहते हैं तो इस लेख को अवश्य पढ़ें।



**(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से

**डॉ उज्ज्वल कुमार**
47 m

तस्वीर आज सुबह की है। पटना की है। सुबह जब मॉर्निंग वॉक से लौट रहा था तब इस पर नजर पड़ी। बच्चे को सोता देख कर मन कई तरह की बातें आने लगीं।
सोचिए, कैसा लगेगा यदि आप सोए हों या अर्धनिंद में हों और कोई उठाकर आपको ऑफिस पहुंचा दे। आपकी आंखें खुले तो सामने आपके बॉस और सहकर्मी हों। ऐसे में क्या सच में हम काम कर लेंगे।
अब पेरेंट्स को तो लग रहा होगा कि मैंने अपना काम कर दिया। अब बच्चा स्कूल में झपकी ले रहा है या सच में पढ़ाई भी कर रहा है, इसकी खबर लेने की कोई जरूरत नहीं है। आज अपना पूरा एजुकेशन पैटर्न कुछ इसी अंदाज में चल रहा है। हम पेरेंट्स अपनी सारी दमित इच्छाएं नौनिहालों पर जबरिया थोपते चले जा रहे हैं। सच में बच्चे को स्कूल के लिए तैयार करना है तब आपको भी Early to Bed and Early to Rise का फॉर्मूला अपनाना होगा। बच्चे को जगाने से एक घंटे पहले आपको भी जागना होगा। उन्हें जगाने के लिए थोड़ा तो मनुहार कर लीजिए। फिर ये उनिंदी हालत में आपको स्कूल नहीं लेकर जाना पड़ेगा। वह खुद आपसे तेज चाल में दौड़ता भागता स्कूल जाएगा। काहे जुलुम ढा रहे हैं हम लोग।
#childhood #schooling



## X- से


**Dilip Mandal**
@Profdilipmandal
Follow

बनिया कनेक्शन

केजरीवाल बनिया हैं. वे राज्य सभा में ज्यादातर बनियों को भेजते हैं. आम आदमी पार्टी बनाने के लिए उन्हें पहला बड़ा चंदा, 1 करोड़ रुपया, एक अन्य बनिया शांति भूषण ने दिया जो प्रशांत भूषण के पिता हैं. अब गुजर गए. जेल जाने पर केजरीवाल ने अपना वकील एक बनिया अभिषेक मनु सिंघवी को बनाया, जो भारत में बनियों के सबसे बड़े नेता रहे लक्ष्मीमल्ल सिंघवी के पुत्र हैं. अभिषेक सिंघवी चंद्रचूड़ के साथ सेंट कोलंबस स्कूल और सेंट स्टीफंस कॉलेज में पढ़े और दोनों गहरे दोस्त हैं. इसलिए सिंघवी किसी को ज्यादा छींक आने का केस लेकर भी सुप्रीम कोर्ट जाएं तो उनका केस स्वीकार हो जाता है.

समझ गए आप? #EndCollegium

Translate post



# 'चाबहार' की उपलब्धि को छोटा करके मत आंकिए !


डॉ. मयंक चतुर्वेदी

***भारत*** ने अगले दस वर्षों के लिए ईरान के 'चाबहार बंदरगाह' को संचालित करने का अपने लिए अधिकार सुरक्षित कर लिया। इस संबंध में जैसे ही दोनों देशों के बीच अनुबंध पर अंतिम हस्ताक्षर हुए दुनिया के कई देशों को मिर्ची लग गई। ऐसा नहीं है कि भारत में दूसरे देशों के एजेंट नहीं हैं, इस प्रकार के अनेक लोग इसे एक समान्य बात कहकर इसके प्रभाव को नष्ट करने में लग गए, किंतु यह आज सभी को समझना होगा कि 'चाबहारह्व' भारत के लिए आनेवाले समय में अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण में एक बड़ा कदम है। ओमान की खाड़ी पर दक्षिणपूर्वी ईरान में स्थित यह बंदरगाह भारत के लिए अत्यधिक महत्व इसलिए भी रखता है, क्योंकि यह अफगानिस्तान और मध्य एशियाई देशों के लिए एक महत्वपूर्ण प्रवेश द्वार प्रदान करता है। कहना होगा कि मोदी सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल में वह कर दिखाया है जिसकी प्रतीक्षा भारत पिछले 21 सालों से कर रहा था। फिर इस एक बंदरगाह को लेकर जो वैश्विक कूटनीतिक चाल भारत ने चली है, उससे दुनिया के सभी बड़े देश आश्चर्य में हैं। विरोधी दुखी हैं और चीन जैसे विस्तारवादी देश को नहीं सूझ रहा है कि भारत के इस कदम का जवाब कैसे दिया जाए। दूसरी ओर इस कदम की सफलता तब सामने आई है, जब मध्य पूर्व और पश्चिम एशिया में प्रमुख व्यापार मार्ग क्षेत्रीय संघर्षों के कारण बाधित हो गए हैं, जिससे कि नए सिरे से क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया जाना आवश्यक हो गया है। वस्तुतः वैश्विक स्तर पर इसका भारत को मिलनेवाला जो सबसे बड़ा लाभ आज दिखता है, वह है मध्य पूर्वी देशों से रिश्तों मे गर्माहट का आना और उसके माध्यम से भारत की व्यापारिक गतिविधि का इन देशों में बढ़ जाना। स्वभाविक है कि इससे सबसे ज्यादा लाभ भारत के उन तमाम लोगों को होगा जोकि रोजगार के लिए प्रयासरत हैं। सिर्फ 'चाबहार' से ही अकेले प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष लाखों लोगों को रोजगार मिलने का अनुमान है। क्योंकि इससे कई देशों के साथ भारत की व्यापारिक सुगमता बढ़ेगी, उससे पूर्व की तुलना में एक तो माल ढुलाई की लागत में कमी आने जा रही है तो दूसरी ओर देश में अनेक कंपनियां जो विविध सामान (उपभोक्ता सामग्री) तैयार कर रही है, उसके लिए जल्दी-जल्दी बाजार उपलब्ध होना सुगम हो जाएगा। वैसे देखा जाए तो इसके महत्व को 2003 में अटल सरकार ने पहचान लिया था और इस बंदरगाह को प्राप्त करने के लिए भारत सरकार की ओर से प्रयास भी शुरू कर दिए गए थे लेकिन तभी अटल सरकार बदल गई और इसी के साथ जैसे इस समझौते को भी ग्रहण लग गया था। केंद्र में कांग्रेस की सत्ता रहते दस वर्षों तक इस पर कोई काम नहीं हुआ।

## टेक वर्ल्ड

### अब व्हाट्सएप्प से बिना इंटरनेट के भेजें फोटो और वीडियों

इस सुविधा से व्हाट्सएप्प ने उपयोगकताओं को और भी सुगमता प्रदान की है, और इंटरनेट कनेक्शन की कमी के बावजूद उन्हें संचार करने का मौका दिया है। अब व्हाट्सएप्प पर इंटरनेट कनेक्शन के बिना भी फोटो और वीडियो भेजना संभव हो गया है, जिससे उपयोगकताओं को अधिक सुगमता और अनुकूलता मिलेगी। यह नई सुविधा व्हाट्सएप्प के उपयोगकताओं के लिए एक अच्छी खबर है, जो इंटरनेट कनेक्शन की कमी के कारण कभी-कभी मीडिया फाइलें भेजने में प्रॉब्लम फेस करते थे। इस सुविधा से व्हाट्सएप्प ने अपनी सेवाओं को और भी प्रभावी बनाया है, और



स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# केजरीवाल के साथ जुड़वा भाई बना घूम रहा आरोपी : भाजपा

- *अरविंद की चुप्पी से स्पष्ट है कि हमला विभव ने नहीं किया केजरीवाल ने करवाया*
- *महिला के अपमान पर राहुल, सोनिया, प्रियंका व इंडी गठबंधन की चुप्पी शर्मनाक*



**एजेंसी। नई दिल्ली**

आप सांसद स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट की घटना को लेकर विवादों में चल रहे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को मीडिया द्वारा बार-बार पूछने के बावजूद इस मुद्दे से जुड़े सवालों का कोई जवाब नहीं दिया। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के साथ संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान केजरीवाल ने तमाम राजनीतिक मुद्दों पर अपनी बात कही, लेकिन जैसे ही उनसे स्वाति मालीवाल की साथ हुई मारपीट के बारे में सवाल पूछा गया, उन्होंने पूरी तरह से चुप्पी साध ली। केजरीवाल की चुप्पी के बीच पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने भी सवालों का सीधा जवाब देने से बचते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी परिवार है और पार्टी ने अपना पक्ष रख दिया है। इससे पहले अखिलेश यादव ने भी इस सवाल को टालते हुए कहा कि इससे भी ज्यादा जरूरी और मसले हैं। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने अरविंद केजरीवाल पर हमला बोलते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी को महिला सम्मान से कोई लेना देना नहीं है। उनके नेता संजय सिंह स्वयं स्वीकार करते हैं कि स्वाति मालिवाल के साथ मारपीट हुई। सबने उम्मीद लगाई कि नारी शक्ति के सम्मान के साथ केजरीवाल समझौता नहीं करेंगे। जिस निजी सचिव विभव कुमार पर मारपीट करने के आरोप लगे हैं वह केजरीवाल के साथ जुड़वा भाई बन कर घूम रहा है। केजरीवाल के घर पर कभी चीफ सेक्रेटरी पिट जाते हैं, कभी उनकी पार्टी की नेत्री पिट जाती हैं, उनके आवास पर पाप हो रहे हैं। भाजपा ने स्वाति मालीवाल के साथ हुई घटना की तुलना द्रौपदी के चीरहरण के साथ करते हुए आरोप लगाया है कि अंतरिम जमानत पर चल रहे अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री कम और गुंडे ज्यादा हो गए हैं और उनकी चुप्पी से स्पष्ट है कि यह हमला विभव ने नहीं केजरीवाल ने ही करवाया है।

### राष्ट्रीय महिला आयोग ने विभव कुमार को किया तलब

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से मारपीट के मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग ने स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव विभव कुमार को शुक्रवार को तलब किया है। इस मामले में महिला आयोग ने 17 मई को सुबह 11 बजे सुनवाई निर्धारित की है। उल्लेखनीय है कि इस मामले में अबतक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। आम आदमी पार्टी ने माना है कि स्वाति मालीवाल से बदसलूकी हुई है लेकिन अब तक मामले में केजरीवाल की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं की गई है। विभव कुमार पर दिल्ली में सीएम आवास पर स्वाति मालीवाल से मारपीट का आरोप लगा है।

### स्वाति के घर पहुंची दिल्ली पुलिस

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर आप की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ कथित बदसलूकी के आरोपों के बाद गुरुवार को वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में दिल्ली पुलिस की एक टीम सांसद के आवास पर पहुंची। प्राप्त सूचना के मुताबिक, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रमोद कुमार कुशवाहा, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त तथा अन्य अधिकारी दल-बल के साथ मालीवाल के घर पहुंचे हैं और उनसे मामले की जानकारी लेने की कोशिश हो रही है। पुलिस उपायुक्त मनोज कुमार मीणा ने कहा कि सिविल लाइंस थाने में सोमवार सुबह 9.34 बजे एक पीसीआर कॉल आई थी जिसमें महिला ने बताया था कि मुख्यमंत्री आवास पर उसके साथ बदसलूकी की गई है। पुलिस द्वारा लिखे गये कॉल के नोट में बताया गया है कि महिला ने कहा है कि सीएम आवास में सीएम के पीए वैभव कुमार ने उसके साथ बदसलूकी की है। डीसीपी मीणा ने कहा कि पीसीआर कॉल मिलने के बाद एसएचओ पुलिसकर्मियों के साथ मुख्यमंत्री आवास पहुंची, लेकिन कॉल करने वाली महिला वहां मौजूद नहीं थी। पुलिस उपायुक्त ने कहा, कुछ देर बाद एमपी मैडम सिविल लाइंस थाने आईं, हालांकि वह बाद में यह कहते हुए चली गईं कि वह बाद में शिकायत दर्ज कराएंगी।

## पद्म श्री से सम्मानित वयोवृद्ध लेखिका मालती जोशी का निधन



**नई दिल्ली।** पद्म श्री से सम्मानित वयोवृद्ध लेखिका मालती जोशी का 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके परिवार ने निधन की पुष्टि की है। मालती जोशी पिछले कुछ समय से आइसोफेगस के कैंसर से पीड़ित थीं। उनका निधन बुधवार को दिल्ली में उनके पुत्र सच्चिदानंद जोशी के आवास पर हुआ। सच्चिदानंद जोशी प्रसिद्ध साहित्यकार और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (आईजीएनसीए) के सदस्य सचिव हैं। अंतिम समय में उनके दोनों पुत्र ऋषिकेश और सच्चिदानंद तथा पुत्रवधुएं अर्चना और मालविका उनके पास थे। पचास से अधिक हिन्दी और मराठी कथा संग्रहों की लेखिका मालती जोशी शिवानी के बाद हिन्दी की सबसे लोकप्रिय कथाकार मानी जाती हैं। उन्होंने 60 से अधिक किताबें लिखी हैं। मालती जोशी को साहित्य में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए 2018 में प्रतिष्ठित पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## जेलों में जगह नहीं लंदन में सुनवाई टाली जा रही

**अरविंद लाल इंग्लैंड से**

इंग्लैंड के कुछ हिस्सों में भीड़भाड़ के कारण गिरफ्तार किए गए लोगों को जमानत की सुनवाई में शामिल होने के बजाय पुलिस की कोठरियों में रहने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। पूरे क्षेत्र में क्षमता का आकलन करने और अधिक गंभीर अपराधों को प्राथमिकता देने के लिए कुछ जेल और अदालत के कर्मचारियों को उनके सामान्य कर्तव्यों से अलग किया जा रहा है। आपातकालीन योजना, जिसे ऑपरेशन अर्ली डॉन के नाम से जाना जाता है, प्रतिवादियों की पहली अदालती सुनवाई में देरी की अनुमति देती है। इसके लगभग एक सप्ताह तक लागू रहने की उम्मीद है। विशेषज्ञों का कहना है कि इसका मतलब यह होगा कि पीड़ित, गवाह, प्रतिवादी और वकील मजिस्ट्रेट की अदालतों में केवल यह जानने के लिए आएंगे कि उनके मामलों में देरी हो गई है। यहां प्रकाशित समाचारों से पता चला है कि यह जुगाड़ वर्तमान में लंदन और उत्तर पूर्व में लागू किया गया है, लेकिन इसे पूरे इंग्लैंड और वेल्स में बढ़ाया जा सकता है। इसे पहले मार्च में एक सप्ताह के लिए लागू किया गया था।

आलोचकों ने इसे जेलों में भीड़भाड़ को कम करने के लिए सरकार द्वारा शुरू किया गया 'नवीनतम पैनिक उपाय' करार दिया। यह जेल से कैदियों को 70 दिन पहले रिहा करने की योजना और दोषी अपराधियों या रिमांड पर लिए गए प्रतिवादियों को पुलिस की कोठरियों में रखने के उपायों के अलावा आता है।

सभी आपराधिक मामले मजिस्ट्रेट की अदालत में पहली सुनवाई से शुरू होते हैं, ताकि यह तय किया जा सके कि अभियुक्त को जमानत पर रिहा किया जाना चाहिए या मुकदमा शुरू होने तक जेल में रखा जाना चाहिए। पहली सुनवाई आम तौर पर किसी पर अपराध का आरोप लगने के बाद पहले अवसर पर होती है और किसी व्यक्ति की पहली गिरफ्तारी के बाद ज्यादा समय नहीं लगना चाहिए।

## आज का राशिफल

**मेष** — शुभांक 3-8-9
महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**वृषभ** — शुभांक 5-6-7
स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें।

**मिथुन** — शुभांक 6-7-9
संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की आशंका है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**कर्क** — शुभांक 3-7-9
व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। सच्चाई का सहारा लें कार्यसिद्धि होगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। समय आपके पक्ष का बना रहेगा।

**सिंह** — शुभांक 2-6-9
कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। विरोधियों के सक्रिय होने की आशंका है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें।

**कन्या** — शुभांक 3-7-9
मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी।

**तुला** — शुभांक 4-8-9
जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**वृश्चिक** — शुभांक 3-5-7
मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे।

**धनु** — शुभांक 4-6-7
व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा।

**मकर** — शुभांक 3-6-8
शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**कुम्भ** — शुभांक 4-6-8
किसी से कहा सुनी न हो, यह ध्यान रहे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले दे कर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी।

**मीन** — शुभांक 5-7-8
संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। सब्र का फल मीठा होता है, अतःधैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। मनोबल ऊंचा रखें। काम में लगे रहें, लाभ होगा। विपरीत परीस्थितियों में भी हानि नहीं होगी।

## लोकसभा चुनाव 2024

### हेलीकॉप्टर से उतरने के बाद सीएम शिंदे के बैग की हुई जांच



**मुंबई।** महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव को लेकर सीएम एकनाथ शिंदे गुरुवार को नासिक के दौरे पर हैं। पंचवटी में चुनाव आयोग के अधिकारियों ने शिंदे के सामान की जांच की। हेलीकॉप्टर से उतरने के बाद बैग की तलाशी में कपड़े, कैमरा और अन्य सामान पाए गए। तलाशी अभियान के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि खोदा पहाड़ और निकला चूहा। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का हेलीकॉप्टर आज जब नासिक शहर के नीलगिरी हेलीपैड पर उतरा तो पुलिस ने स्वतः ही उनके दोनों बैगों की जांच की। इस बैग में कपड़े, दवाइयां और जरूरी सामान के अलावा कुछ नहीं मिला है। अधिकारियों ने इस तलाशी अभियान की वीडियोग्राफी भी करवाई है। शिंदे के बैग की तलाशी शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राऊत के उस आरोप के बाद की गई, जिसमें उन्होंने दो दिन पहले आरोप लगाया था कि शिंदे नौ बैगों में 12 से 13 करोड़ रुपये नासिक लाए थे। राऊत ने यह भी कहा था कि सिर्फ विपक्षी नेताओं के बैग और हेलीकॉप्टर की जांच चुनाव आयोग कर रहा है, जबकि सत्तापक्ष के लोग भारी बैगों में करोड़ों रुपये हेलीकॉप्टर से ले जा रहे हैं। चुनाव आयोग सत्तापक्ष के लोगों के हेलीकॉप्टर और उनमें ले जाने वाले बैग की तलाशी नहीं कर रहा है। विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष अंबादास दानवे ने कहा कि यह एकनाथ शिंदे का पहले से ही तय किया गया स्टंट था। संजय राऊत ने जब आरोप लगाया था तो उसी समय सीएम एकनाथ शिंदे के बैग की तलाशी क्यों नहीं ली गई?

## मुख्यमंत्री योगी की माता को एम्स ऋषिकेश मिली छुट्टी

**ऋषिकेश।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता सावित्री देवी को गुरुवार को एम्स, ऋषिकेश से छुट्टी दे दी गई। अस्पताल प्रशासन के अनुसार उनकी हालत ठीक है और रक्तचाप अब सामान्य स्थिति में है। इस बाबत जानकारी देते हुए एम्स के चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर संजीव कुमार मित्तल ने बताया कि श्रीमती सावित्री देवी का रक्तचाप अब सामान्य है और हालत ठीक है, लिहाजा उन्हें आज दोपहर के समय अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है।

## शरद पवार के भाषण के दौरान मंच पर गिरा बैनर, सभा स्थगित की गई

- *तेज हवा की वजह से मंच पर लगाया गया एक बैनर अचानक टूटकर गिरा*

**एजेंसी। मुंबई**



नासिक जिले के सटाना में गुरुवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार के भाषण के दौरान मंच पर तूफानी बारिश की वजह से एक बैनर टूट कर गिर गया। हालांकि, इस बैनर से कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन बैनर गिरते ही शरद पवार ने अपना संबोधन रोक दिया और सभा स्थगित कर दी गई। शरद पवार महाविकास आघाड़ी की उम्मीदवार डॉ. शोभाताई बच्छाव के समर्थन में चुनावी सभा संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान तेज हवा के साथ हल्की बारिश भी होने लगी, लेकिन शरद पवार ने अपना भाषण जारी रखा। इसी बीच तेज हवा की वजह से मंच पर लगाया गया एक बैनर अचानक टूटकर गिर पड़ा। शरद पवार ने भाषण की शुरूआत करते हुए कहा कि नासिक की प्रतिष्ठा हर जगह बढ़ी है। प्याज का मुद्दा कई जिलों में अहम है। जब हम सत्ता में थे तो भाजपा के लोग प्याज की माला लेकर आते थे और शरद पवार होश में आओ जैसे नारे लगाते थे। वर्तमान सरकार को इसकी कोई चिंता नहीं है। प्याज का कोई दाम नहीं, अंगूर का कोई दाम नहीं, अंगूर और अनार किसानों की हालत खराब है।

## चारधाम यात्रा

# केदारनाथ यात्रा मार्ग पर देवदूत की भूमिका में डीडीआरएफ-एसडीआरएफ के जवान

**एजेंसी। रुद्रप्रयाग**

उत्तराखंड के केदारनाथ यात्रा मार्ग पर तैनात डीडीआरएफ, एसडीआरएफ जवान और सेक्टर अधिकारियों की टीमें तीर्थयात्रियों के लिए सुगम और सुरक्षित यात्रा को लेकर देवदूत बनकर आगे आ रहे हैं। तीर्थयात्रियों की मदद में जवान रात-दिन जुटे हुए हैं और तत्परता से रेस्क्यू कर राहत पहुंचाने में मुस्तैद हैं। देश के विभिन्न हिस्सों से आ रहे तीर्थयात्रियों को गौरीकुंड से केदारनाथ पैदल मार्ग में दिक्कतें हो रही हैं। ऐसे में पुलिस, डीडीआरएफ और एसडीआरएफ के जवान तीर्थयात्रियों की सेवा में लगे हैं। दरअसल, केदारनाथ यात्रा के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में हर दिन बढ़ोत्तरी हो रही है। केदारनाथ धाम दर्शन करने पहुंच रहे किसी भी तीर्थयात्री का स्वास्थ्य खराब और घायल होने या फिर किसी अन्य संकट की स्थिति में केदारनाथ यात्रा मार्ग में तैनात डीडीआरएफ और एसडीआरएफ एवं सेक्टर अधिकारी की टीमें देवदूत बनी हुई हैं।

### 19 तक बंद रहेंगे आफलाइन पंजीकरण काउंटर



उत्तराखंड की चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हरिद्वार और ऋषिकेश में खोले गए ऑफलाइन पंजीकरण काउंटर 17 मई से 19 मई तक बंद रहेंगे। यह निर्णय धामों पर पूर्व से पंजीकृत श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुविधाजनक दर्शन कराए जाने की दृष्टि से लिया गया है। उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद के निदेशक सुमित पंत ने इसकी पुष्टि की है। चारधाम यात्रा के लिए उत्तराखंड सरकार ने पंजीकरण अनिवार्य किया है।

## न्यूज बॉक्स

### ओडिशा : क्योंझर में सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के छह लोगों की मौत

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के क्योंझर जिले के चंपुआ में राष्ट्रीय राजमार्ग-520 पर एक अनियंत्रित कार की सड़क किनारे खड़े ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में एक ही परिवार के छह सदस्यों की मौत हो गई। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। हादसा बुधवार देर शाम हुआ। पुलिस ने कहा, "अचानक ब्रेक लगाने के चलते कार का संतुलन बिगड़ गया और यह चंपुआ पुलिस सीमा के अंतर्गत रिमुली के पास एक खड़े ट्रक से जा टकराई। इस दौरान कार के पीछे चल रहे दूसरे तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में तीन महिलाओं और छह साल की बच्ची समेत परिवार के सभी सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई।

### कुपवाड़ा से एक संदिग्ध गिरफ्तार हथियार और गोला-बारूद बरामद

**कुपवाड़ा।** कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने गुरुवार को तलाशी अभियान के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से हथियार, गोला-बारूद और अन्य युद्ध सामग्री बरामद की गई है। सेना ने कहा कि खुफिया एजेंसियों से मिले विशिष्ट इनपुट के आधार पर 15-16 मई की रात को सीमावर्ती जिले कुपवाड़ा के लुनाहारे-पंजगाम के सामान्य क्षेत्र में भारतीय सेना, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया था। ऑपरेशन के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को दो पिस्तौल, दस हथगोले और अन्य युद्ध जैसे सामान के साथ पकड़ा गया है।

### जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल की पत्नी अनीता का निधन

**मुंबई।** जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल की पत्नी अनीता गोयल का गुरुवार सुबह निधन हो गया। वह लंबे समय से कैंसर से जूझ रही थीं। अनीता गोयल के परिवार में उनके पति और दो बच्चे नम्रता और निवान गोयल हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अनीता गोयल ने गुरुवार तड़के तीन बजे अंतिम सांस ली। अनीता गोयल जेट एयरवेज के ऑपरेशन्स से जुड़ी हुई थीं और वह एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट थीं। नरेश गोयल, जो खुद कई स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित हैं, ने अपनी पत्नी के साथ रहने के लिए मानवीय आधार पर इस महीने की शुरूआत में बॉम्बे हाई कोर्ट से अंतरिम जमानत मांगी थी।

### इंदौर में खड़े ट्रक से टकराई कार, 8 की मौत

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के इंदौर जिले के बेटमा थाना क्षेत्र में चंदन नगर ब्रिज के पास बुधवार रात इंदौर-अहमदाबाद नेशनल हाई-वे पर एक कार टायर फटने के बाद अनियंत्रित होकर खड़े ट्रक से जा टकराई। इस हादसे में कार सवार नौ लोगों में से आठ की मौके पर मौत हो गई। मृतकों में एक महिला भी है। इस हादसे में एक व्यक्ति घायल हुआ है। शवों को रात में बेटमा के अस्पताल में रखवाया गया था। गुरुवार सुबह सभी शवों को इंदौर के जिला अस्पताल लाया गया, जहां उनका पोस्टमार्टम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हादसे पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। बेटमा पुलिस थाने के अनुसार कार सवार लोग आलीराजपुर जिले के ग्राम बोरी में कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे। उन्हें गुना जाना था।

### ईडी पीएमएलए की धारा 19 के तहत किसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकती है

**-ब्यूरो। नई दिल्ली**

सर्वोच्च न्यायालय की जस्टिस अभय एस ओका व उज्जल भुइयां की पीठ ने पीएमएलए के तहत गिरफ्तारी की ईडी की शक्तियों पर फैसले में कहा कि स्पेशल कोर्ट द्वारा शिकायत पर संज्ञान लेने के बाद ईडी पीएमएलए की धारा 19 के तहत किसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकती है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि यदि ईडी ऐसे आरोपियों की हिरासत चाहती है, तो उसे हिरासत के लिए संबंधित न्यायालय में आवेदन करना होगा। यदि न्यायालय ईडी की बात से संतुष्ट हो जाता है कि उसे हिरासत में पूछताछ की जरूरत है, तो वह हिरासत दे सकता है। धारा 44 के तहत एक शिकायत के आधार पर पीएमएलए की धारा 4 के तहत दंडनीय अपराध का संज्ञान लेने के बाद ईडी और उसके अधिकारी शिकायत में आरोपी के रूप में दिखाए गए व्यक्ति को गिरफ्तार करने के लिए धारा 19 के तहत शक्तियों का प्रयोग करने में असमर्थ हैं।

#### आवेदन दायर करके हिरासत मांगनी होगी

यदि प्रवर्तन निदेशालय उस अपराध की आगे की जांच करने के लिए समन के बाद पेश होने वाले आरोपी की हिरासत चाहता है, तो उसे स्पेशल कोर्ट में आवेदन करके आरोपी की हिरासत मांगनी होगी। इतना ही नहीं आरोपी को सुनने के बाद में स्पेशल कोर्ट को कारण दर्ज करने के बाद आवेदन पर आदेश पारित करना होगा। आवेदन पर सुनवाई करते समय कोर्ट तब ही हिरासत की इजाजत दे सकता है, जब उसे लगता है कि ईडी को पूछताछ की जरूरत है, भले ही आरोपी को धारा 19 के तहत कभी गिरफ्तार नहीं किया गया हो।







6 जून को भारत के लिए खेलेंगे आखिरी मैच

## दिग्गज फुटबॉलर

# सुनील छेत्री ने की संन्यास की घोषणा

**सुनील ने कहा, एक ऐसा दिन है जिसे मैं कभी नहीं भूलता और अक्सर याद रखता हूँ जब मैंने पहली बार अपने देश के लिए खेला था, यार यह अविश्वसनीय था।**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिग्गज भारतीय फुटबॉलर सुनील छेत्री ने गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास की घोषणा की। 6 जून को कोलकाता में कुवैत के खिलाफ फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग मैच सुनील का आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच होगा।

भारतीय कप्तान ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किए गए एक वीडियो के माध्यम से अपने फैसले की घोषणा की। भारत वर्तमान में ग्रुप ए में चार अंकों के साथ शीर्ष पर चल रहे कतर के बाद दूसरे स्थान पर है। 39 वर्षीय सुनील ने गुरुवार को एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें उन्होंने अपने करियर की यादें ताजा कीं जो 2005 में 12 जून को पाकिस्तान के खिलाफ एक दोस्ताना मैच से शुरू हुआ था।

सुनील ने कहा, एक ऐसा दिन है जिसे मैं कभी नहीं भूलता और अक्सर याद रखता हूँ जब मैंने पहली बार अपने देश के लिए खेला था, यार यह अविश्वसनीय था। लेकिन एक दिन पहले, उस दिन की सुबह, सुक्खी सर, मेरे पहले राष्ट्रीय टीम के कोच, सुबह मेरे पास आए और उन्होंने कहा, आप शुरू करने जा रहे हैं? मैं तुम्हें बता नहीं सकता कि मुझे कैसा महसूस हो रहा था यार, मैंने अपनी जर्सी ली, मैंने उस पर कुछ इत्र छिड़का, मुझे नहीं पता क्यों। तो उस दिन, जो कुछ भी हुआ, एक बार उन्होंने मुझे बताया, नाश्ते से लेकर दोपहर के भोजन और खेल तक और मेरे पदार्पण में मेरे पहले गोल से लेकर 80वें मिनट में गोल खाने तक, वह दिन शायद एक ऐसा दिन है जिसे मैं कभी नहीं भूलूंगा और उनमें से एक है मेरी राष्ट्रीय टीम यात्रा के सबसे अच्छे दिन।

उन्होंने कहा, पिछले 19 वर्षों में मुझे जो एहसास याद है, वह कर्तव्य, दबाव और अपार खुशी का एक बहुत अच्छा संयोजन है। उन्होंने कहा, मैंने अपने संन्यास के बारे में सबसे पहले अपनी माँ, अपने पिता और अपनी पत्नी को बताया, मेरे पिता सामान्य थे, उन्हें राहत मिली, वे खुश थे, लेकिन मेरी माँ और मेरी पत्नी रोने लगीं और मैंने उनसे कहा, आप हमेशा मुझे परेशान करते थे कि बहुत सारे मैच हैं, जब आप मुझे देखते हैं तो बहुत अधिक दबाव होता है और अब जब मैं आपको यह बता रहा हूँ, तो आप जानते हैं, मैं इस खेल के बाद अपने देश के लिए नहीं खेलूंगा, वे फूट-फूट कर रोने लगे।

ऐसा नहीं है कि मैं थका हुआ महसूस कर रहा था, ऐसा नहीं है कि मैं ऐसा या वैसा महसूस कर रहा था, जब मेरे मन में आया कि यह मेरा आखिरी मैच होना चाहिए, तब मैंने इसके बारे में बहुत सोचा। लेकिन एक अजीब तरीके से, मुझे दबाव महसूस नहीं होता क्योंकि ये 15-20 दिन राष्ट्रीय टीम के साथ हैं और कुवैत के खिलाफ मैच आखिरी है। "कप्तान ने कहा, मैं राष्ट्रीय टीम के साथ जो भी प्रशिक्षण करता हूं, उसका आनंद लेना चाहता हूं।

कुवैत के खिलाफ खेल दबाव की मांग करता है, हमें अगले दौर में क्वालीफाई करने के लिए तीन अंकों की जरूरत है। यह हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

- सुनील छेत्री ने 2002 में मोहन बागान में अपनी पेशेवर फुटबॉल यात्रा शुरू की।
- छेत्री ने भारत को 2007, 2009 और 2012 नेहरू कप, साथ ही 2011, 2015, 2021 और 2023 सैफ चैम्पियनशिप जीतने में मदद की।
- 2008 एएफसी चैलेंज कप में भी भारत को जीत दिलाई।
- छेत्री को 2011 में अर्जुन पुरस्कार और 2019 में पद्म श्री मिला।
- 2021 में, वह भारत के सर्वोच्च खेल सम्मान, खेल रत्न पुरस्कार पाने वाले पहले फुटबॉलर बने।

**19 साल से अधिक लंबे करियर में, अंतरराष्ट्रीय मंच पर 150 मैचों में 94 गोल किए हैं। क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनेल मेसी के बाद सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी।**

### अच्छे कॉलेज में दाखिले के लिए फुटबॉल से जुड़े थे शरारती सुनील छेत्री

**बीसीसीआई**
भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने न केवल फुटबॉल के लिए बल्कि सामूहिक रूप से खेल का एक आइकन होने के लिए 39 वर्षीय छेत्री की सराहना की।

**विराट कोहली**
भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और उनके दोस्त, विराट कोहली ने भी इंस्टाग्राम पर छेत्री की सराहना करते हुए लिया, मेरे भाई, गर्व है।

**गुरप्रीत सिंह सधू**
भारतीय गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू ने कहा, ऐसा होते हुए कभी नहीं देखना चाहता था, काश मैं आपका मन बदलने के लिए कुछ कर पाता लेकिन मैं यह भी समझता हूं कि ऐसा क्यों हो रहा है भाई।

**संजीव गोयनका**
मोहन बागान सुपर जायंट्स के अध्यक्ष, संजीव गोयनका ने एक्स पर लिखा, एक युग का अंत! सुनील छेत्री, एक सच्चे दिग्गज और लाखों लोगों के लिए प्रेरणा हैं।

## 'उम्मीद है कि धोनी दो साल और खेलेंगे' : कोच

**एजेंसी। बेंगलुरू**

चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाजी कोच माइकल हस्सी को उम्मीद है कि करिश्माई महेंद्र सिंह धोनी अगले दो साल और टीम के साथ रहेंगे क्योंकि वह बेहतरीन बल्लेबाजी कर रहे हैं।

आईपीएल 2024 की शुरूआत से एक दिन पहले रूतुराज गायकवाड़ को कप्तानी सौंपकर 42 वर्ष के धोनी ने सभी को हैरान कर दिया था। हस्सी ने कहा, हम उम्मीद कर रहे हैं कि वह खेलते रहेंगे। वह इतनी अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं। वह शिविर में जल्दी आकर काफी अभ्यास करते हैं और पूरे सत्र में फॉर्म में रहे हैं।' उन्होंने कहा, हम उनके कार्यभार को अच्छे से मैनेज कर पाए हैं। पिछले सत्र के बाद उनके घुटने का ऑपरेशन हुआ था। वह टूनार्मेंट के इस सत्र में शुरूआती चरण से उसे मैनेज कर रहे हैं। उम्मीद है कि वह दो साल और खेलेंगे। वैसे इस बारे में फैसला तो वही लेंगे। मुझे नहीं लगता कि इतनी जल्दी कोई फैसला आएगा।' धोनी के कप्तानी छोड़ने के फैसले के बारे में उन्होंने कहा, एमएस ने कहा कि वह टूनार्मेंट से पहले कप्तानों की बैठक में भाग नहीं लेंगे। और हम सब हैरान हो गए कि क्या हो रहा है। फिर उन्होंने कहा कि अब से रूतुराज कप्तान होगा। शुरूआत में झटका लगा लेकिन हमें पता था कि रूतुराज सही पसंद है।'



तेज गेंदबाज बनना चाहते थे उसेन बोल्ट, कहा-

## क्रिकेट मेरे खून में है



**एजेंसी। नई दिल्ली**

फरार्टा के शहंशाह उसेन बोल्ट को पिता से क्रिकेट का जुनून विरासत में मिला है लिहाजा उनके खून में है और उनका पसंदीदा प्रारूप टी20 है। आठ ओलंपिक स्वर्ण जीत चुके बोल्ट जमैका में बचपन के दिनों में तेज गेंदबाज बनना चाहते थे। अगले महीने से होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप के दूत बोल्ट का क्रिकेट से जुड़ने का सपना आखिर किसी रूप में साकार हुआ। बोल्ट ने इंटरव्यू में कहा, मैं क्रिकेट देखकर बड़ा हुआ हूं। मेरे पिता क्रिकेट के शौकीन रहे हैं और आज भी हैं। यह मेरे खून में है। मैं क्रिकेट से एमबेस्डर के रूप में जुड़ रहा हूं जो शानदार है। क्रिकेटर बनने का मेरा सपना तो पूरा नहीं हुआ लेकिन टी20 विश्व कप का एमबेस्डर होना शानदार है।' अपने सात साल के करियर में 100 और 200 मीटर के विश्व रिकॉर्डधारी बोल्ट अनेक उपलब्धियां हासिल कर चुके हैं। पिछले कुछ महीने संगीत और फुटबॉल का अपना शौक पूरा करने के लिए दुनिया घूमने वाले बोल्ट को टीवी पर क्रिकेट और आईपीएल देखने का मौका नहीं मिला। उन्होंने कहा, मैं उतना क्रिकेट नहीं देख सका लेकिन जब भी मौका मिलता है, मैं टी20 मैच देखता हूं।' उन्होंने कहा, ह्ययह मेरा पसंदीदा प्रारूप है। इसमें आपको मजबूत, तेज और अच्छी रणनीति बनाने में माहिर होना पड़ता है। इसमें टेस्ट और वनडे दोनों का जादू देखने को मिलता है।' बोल्ट ने कहा, ह्यवेस्टइंडीज में टी20 और वनडे अभी भी लोकप्रिय है। लोगों को टेस्ट क्रिकेट उतना पसंद नहीं आता है।

## नेशनल एरोबिक्स चैम्पियनशिप के लिए जिले के 45 खिलाड़ियों का चयन

**मुरादाबाद।** एरोबिक्स एंड फिटनेस एसोसिएशन मुरादाबाद द्वारा नेशनल एरोबिक्स चैंपियनशिप के लिए गुरुवार को गोल्डन गेट ग्लोबल स्कूल टीडीआई सिटी मुरादाबाद में ट्रायल सम्पन्न हुआ। जिसमें विभिन्न स्कूल के खिलाड़ियों का चयन हुआ। ट्रायल के बाद गोल्डन गेट ग्लोबल स्कूल, सीएनएस एकेडमी, क्रिप्टोन पब्लिक स्कूल, आरएसडी एकेडमी और सेंट मैरी सीनियर सेकेंड्री स्कूल सिविल लाइन से 45 खिलाड़ियों का चयन हुआ। एरोबिक्स एंड फिटनेस एसोसिएशन मुरादाबाद की सचिव रिम्पी सिंह ने बताया कि आज चयनित खिलाड़ी 24 मई से 26 मई तक आगरा के जान मिल्टन पब्लिक स्कूल में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय एरोबिक्स चैम्पियनशिप में प्रतिभाग करेंगे। इस मौके पर सभी सेलेक्ट प्लेयर्स को गोल्डन गेट ग्लोबल पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल सचिन धावरी, वाइस प्रिंसिपल गरिमा भटनागर, अमित भंडारी, पारुल घटक, अनु गौतम, ऋचा भाटिया, मयंक कश्यप, विजेंद्र आदि ने बधाई व शुभकामनाएं दी।



**Job Vacancy**

## इंडियन कोस्ट गार्ड में नौकरी कर करियर को दें नई उड़ान



**नई दिल्ली।** नौकरी के इच्छुक युवाओं के पास इंडियन कोस्ट गार्ड में कॅरियर बनाने का अच्छा ऑप्शन है। इंडियन कोस्ट गार्ड में कॅरियर बनाने में आप समुद्री सुरक्षा, नौसेना सहायता और इमरजेंसी रिस्पांस में नौकरी कर सकते हैं। बता दें कि यह एक भारतीय सिक्योरिटी फोर्स है। भारतीय समुद्री सीमा और तटीय क्षेत्रों की सुरक्षा के साथ नौसेना की सहायता के लिए इंडियन कोस्ट गार्ड जिम्मेदार होता है। इसकी स्थापना दिसंबर 1977 में हुई थी। इंडियन कोस्ट गार्ड भारतीय सैन्य और नौसेना के साथ समुद्री सुरक्षा कार्य में योगदान करती है।

### विभिन्न पदों पर भर्तियां

हर साल इंडियन कोस्ट गार्ड विभिन्न पदों पर भर्तियां करता है। कोस्ट गार्ड में सेलर के पद पर एंट्री के लिए 18 से 22 साल की उम्र होनी चाहिए। वहीं इसमें सबसे बड़ी पोस्ट डायरेक्टर जनरल की होती है। डायरेक्टर जनरल 3 स्टार रैंक का ऑफिसर के पद पर होता है। इसके अलावा इसमें कमांडेंट, असिस्टेंट कमांडेंट और इंजीनियर जैसे पद भी शामिल होते हैं। इंडियन कोस्ट गार्ड सेलर पदों के लिए भर्तियां जारी करता है। ऐसे में योग्य व इच्छुक उम्मीदवार इसकी ऑफिशियल वेबसाइट **indiacostguard.gov.in** पर विजिट कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

- **योग्यता :-** बता दें कि कोस्ट गार्ड में भर्ती के लिए एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया को पूरा करना जरूरी होता है। इसमें फिजिकल, मेंटल एबिलिटीज, आयु सीमा, शिक्षा का स्तर और अन्य क्राइटेरिया को पास करना होता है।
- **ऐसे कर सकते हैं अप्लाई :-** कोस्ट गार्ड की नौकरी के लिए आपको आवेदन करना होता है। कई बार आवेदन ऑनलाइन को कभी ऑफलाइन होता है। आवेदन करने के लिए मांगी गई जरूरी जानकारी के साथ डॉक्यूमेंट्स अप्लाई करें।

### ध्यान रखें ये बातें

**इंडियन कोस्ट गार्ड या अन्य किसी भी पोस्ट के लिए अप्लाई करने से पहले जारी नोटिफिकेशन को ध्यान से जरूर पढ़ें। साथ ही प्रोसेस के अनुसार लिखित परीक्षा, फिजिकल वेरिफिकेशन, इंटरव्यू या मेडिकल टेस्ट के लिए तैयार रहना चाहिए। वहीं कोस्ट गार्ड में नौकरी करने के लिए साहस और जिम्मेदारी का काम होता है। इसमें नौकरी करने के दौरान समुद्री सुरक्षा, जीवन बचाव और तटीय सुरक्षा में आपको योगदान का अवसर मिलता है।**

# रांची के यशु अग्रवाल ने फोर्ब्स 30 अंडर 30 एशिया सूची में बनाई जगह

## स्थानीय उद्यमियों के लिए बने प्रेरणास्त्रोत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के निवासी यशु अग्रवाल को प्रतिष्ठित फोर्ब्स 30 अंडर 30 एशिया सूची 2024 में शामिल किया गया है। यह महत्वपूर्ण मान्यता उनके गृहनगर के लिए गर्व का विषय है और क्षेत्र के उभरते उद्यमियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। फोर्ब्स 30 अंडर 30 एक वार्षिक सूची है जो विभिन्न उद्योगों के 30 प्रभावशाली युवा उद्यमियों को पहचान देती है जिन्होंने अपने क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। रांची के ब्रिजफोर्ड स्कूल से 12वीं कक्षा पूरी करने के बाद, अग्रवाल ने प्रौद्योगिकी और उद्यमिता के प्रति अपने जुनून को आगे बढ़ाया और अंततः ट्रांसक की सह-स्थापना की, जो अब दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो पेमेंट गेटवे है। 12 साल की उम्र में प्रोग्रामिंग में उनकी प्रारंभिक रुचि ने उनके सफल करियर की नींव रखी।

सह-संस्थापक और मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी (उळड) के रूप में अग्रवाल के नेतृत्व में, ट्रांसक ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं, जिसमें पिछले साल ?166 करोड़ की सीरीज ए फंडिंग जुटाना शामिल है। आज, ट्रांसक 160 से अधिक देशों में 50 लाख से अधिक पंजीकृत उपयोगकताओं की सेवा करता है, 350 से अधिक वेब3 कंपनियों का



समर्थन करता है, और उपयोगकताओं के लिए निर्बाध क्रिप्टोक्यूरेंसी लेनदेन को सुविधाजनक बनाने के लिए वीजा के साथ साझेदारी की है। ट्रांसक ने अपने प्लेटफॉर्म के माध्यम से ?8300 करोड़ से अधिक का लेन-देन किया है और इस वर्ष की पहली तिमाही में ब्रेक-इवन हासिल किया है। ट्रांसक के पास 100 से अधिक सदस्यों की एक वैश्विक टीम है और इसके कार्यालय मियामी, बेंगलुरु, मिलान, लंदन और हांगकांग में स्थित हैं। अपने सफर को याद करते हुए, अग्रवाल अपने रांची में पालन-पोषण और अपने परिवार, विशेष रूप से अपने पिता (राजेश अग्रवाल) के अमूल्य समर्थन का श्रेय देते हैं, जिन्होंने उनके शुरूआती उद्यमों के हर चरण में उनका मार्गदर्शन किया। उन्होंने साझा किया, रांची में बड़ा होना मेरे लिए एक मजबूत नींव थी। मैं अपने परिवार और शिक्षकों से मिले समर्थन और प्रोत्साहन के लिए आभारी हूं।

अग्रवाल एक सीरियल उद्यमी हैं जिन्होंने चार कंपनियों की स्थापना की है। उनका पिछला उद्यम, कोइनली, का अधिग्रहण कर लिया गया, जो उनके उद्यमी सफर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि थी। उनकी वर्तमान कंपनी, ट्रांसक, एक यूनिकॉर्न बनने की कगार पर है। वह रांची के युवाओं को अपने उद्यमशील सपनों को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहते हैं, अपने विचारों पर विश्वास करें और आगे बढ़ें। रांची में अपार प्रतिभा और क्षमता है, और मुझे उम्मीद है कि मेरी कहानी दूसरों को अपनी कंपनियां शुरू करने और वैश्विक प्रभाव बनाने के लिए प्रेरित करेगी। अग्रवाल फिनटेक और क्रिप्टोकरेंसी उद्योग में नवाचार और नेतृत्व करना जारी रखते हुए, अरबों लोगों के जीवन को प्रभावित करने के अपने दृष्टिकोण के प्रति प्रतिबद्ध हैं। उनकी उपलब्धियां रांची के लिए गर्व का स्त्रोत हैं और शहर के अगली पीढ़ी के उद्यमियों के लिए आशा और प्रेरणा का प्रतीक हैं।

## भारत अगामी वित्त वर्ष में दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा : सान्याल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (पीएमईएसी) के सदस्य संजीव सान्याल ने गुरुवार को कहा कि भारत वित्त वर्ष 2024-25 में चार हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था होगा। उन्होंने कहा कि भारत अगले वित्त वर्ष 2025-26 की शुरूआत में ही जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। संजीव सान्याल ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि कमजोर निर्यात समेत विभिन्न चुनौतियों को देखते हुए देश के लिए सात फीसदी की आर्थिक वृद्धि दर अच्छी वृद्धि दर होगी। उल्लेखनीय है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही में कहा था कि भारत 2027 तक जापान और जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। दरअसल भारत अभी अमेरिकी डॉलर के संदर्भ में दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

# जितना पाक का मिलिट्री बजट, उससे ज्यादा भारत दुनिया को बेच देता है स्मार्टफोन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

स्मार्टफोन मैन्युफैक्चरिंग से लेकर मेड इन इंडिया स्मार्टफोन के मामले में भारत लगातार नए रिकॉर्ड बना रहा है। जिससे पड़ोसी देश पाकिस्तान और उसके दोस्त चीन को जोरदार झटका लगा है। जहां पाकिस्तान में आर्थिक हालात खराब हैं, वही भारत ने रिकॉर्ड नंबर में मेड इन इंडिया स्मार्टफोन का एक्सपोर्ट करके चीन की हालात पस्त कर दी है।



**चीन को पीछे छोड़ देगा भारत**

चीन दुनिया का सबसे बड़ा मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग देश है, लेकिन अब भारत चीन के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल मैन्युफैक्चर बन गया है।

**पाक मिलिट्री बजट से ज्यादा**

फोन बेच देता है भारत रिपोर्ट की मानें, तो भारत ने वित्त वर्ष 2023 में 11 बिलियन डॉलर के मोबाइल फोन का एक्सपोर्ट किया है, जो पाकिस्तान के मिलिट्री बजट से ज्यादा है। पाकिस्तान का साल 2023 में मिलिट्री बजट 8 बिलियन डॉलर रहा है। इतना ही नहीं, भारत में हर साल करीब 44 बिलियन डॉलर के स्मार्टफोन का घरेलू स्तर पर प्रोडक्शन किया जाता है।

**मेड इन इंडिया फोन की धूम**

ताइवान दुनिया की सबसे बड़ी कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरिंग कंपनी है, जो मुख्य तौर पर मेड इन इंडिया आईफोन को एक्सपोर्ट करती है।

**ऐपल ने भारत में बनाया नया रिकॉर्ड**

ऐपल ने मोबाइल एक्सपोर्ट के मामले में नया रिकॉर्ड बना लिया है। वित्त वर्ष 2025 में ऐपल ने 1.1 बिलियन डॉलर (9 हजार करोड़ रुपये) के मेड इन इंडिया का एक्सपोर्ट किया है। यह आंकड़ा एक साल पहले 580 मिलियन डॉलर था। मतलब ऐपल ने भारत से एक्सपोर्ट होने वाले आईफोन में पिछले एक साल में दोगुना का उछाल दर्ज किया है।

**भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा आईफोन बनाने वाला देश**

ऐपल ने वित्त वर्ष 2025 में एक साल करोड़ रुपये के मोबाइल एक्सपोर्ट करके चीन के बाद दूसरा सबसे बड़ा आईफोन मैन्युफैक्चरिंग हब बन गया है। ऐसा माना जा रहा कि साल 2026 तक भारत में आईफोन प्रोडक्शन 26 फीसद हो सकता है, जो अभी 14 से 15 फीसद है। ऐपल का भारत में कुल प्रोडक्शन करीब 14 बिलियन डॉलर (1.2 लाख करोड़ रुपये) पहुंच गया है।

# डिजिटल दुनिया में एलन मस्क लांच कर सकते है टीवी एप!

**नई दिल्ली।** एलन मस्क ने हाल ही में अपनी नई योजना का एलान किया है, जिसमें वह एक टीवी एप्लिकेशन लॉन्च करने जा रहे हैं। एलन मस्क का इस कदम को लेकर बड़ा दावा है कि यह 'यूट्यूब' से मुकाबले की है तैयारी। इस लेख में, हम इस नए परियोजना की जानकारी और इसकी महत्वपूर्ण बातें जानेंगे।

**ट्विटर का 'एक्स' टीवी एप**

एलन मस्क ने पिछले कुछ समय से अपनी नई परियोजना 'ट्विटर एक्स' को लेकर काफी संवाद में रहे हैं। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य यह है कि लोग अपने स्मार्टफोन या टैबलेट के जरिए ही टीवी कंटेंट का आनंद ले सकें। अब इसे 'एक्स' के नाम से जाना जाएगा, जो एक नई दिशा है इस एप्लिकेशन के लिए।

**यूट्यूब से मुकाबला**

एलन मस्क का दावा है कि 'एक्स' टीवी एप यूट्यूब को मुकाबला देगा। यूट्यूब एक बहुत ही प्रसिद्ध वीडियो साझा करने की वेबसाइट है, जिसमें लाखों वीडियोज होते हैं। एलन मस्क का मानना है कि 'एक्स' एप भी लोगों को बेहतर वीडियो सामग्री प्रदान करेगा, जिससे लोग इसे पसंद करेंगे।

**'एक्स' की विशेषताएं : 'एक्स' टीवी एप की कुछ मुख्य विशेषताएं निम्नलिखित हैं**

**अनुकूल सामग्री :** 'एक्स' एप उपयोगकताओं को अनुकूलित किया जाएगा, ताकि वे अपनी पसंद के अनुसार वीडियो देख सकें।

**उपयोगकर्ता अनुभव :** एप का उपयोगकर्ता अनुभव बहुत ही सरल और सुविधाजनक होगा, जिससे उपयोगकर्ता को इस्तेमाल करने में कोई परेशानी नहीं होगी।

**हाल की खोजें :** एप में हाल ही में लोकप्रिय और ट्रेंडिंग वीडियोज को आसानी से खोजा जा सकेगा।

**वीडियो संपादन :** उपयोगकर्ता को अपनी पसंद की वीडियो सामग्री को संपादित करने का अधिकार होगा।

## एक नजर

### घर में घुसे व्यक्ति ने डंडे से प्रहार कर हत्या कर दी

**हुसैनाबाद।** पलामू जिला के हैदरनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कुकही गांव के नायक टोला में बीती रात्रि विनय साव की भतीजी ने फोन कर विनय को बताया कि घर में कोई आदमी घुस गया है। छत पर खाना खा रहे विनय साव नीचे आकर देखा तो पता चला की गांव का ही राजेश ठाकुर है। परिजनों ने बताया कि दोनो के बीच हाथा पाई होने लगी। इसी बीच 38 वर्षीय विनय साव को राजेश ठाकुर ने डंडे से सिर पर प्रहार कर दिया। जिससे विनय साव वहीं गिर गया। मौका देख राजेश ठाकुर वहां से फरार हो गया। विनय साव को परिजनों व स्थानीय लोगों ने अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हैदरनगर व हुसैनाबाद पुलिस घटना स्थल पहुच कर छानबीन में जुट गई है। परिजन के आवेदन के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### इंटर में नामांकन के लिए फॉर्म उपलब्ध

**लातेहार ।** मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, लातेहार में इंटरमीडियट के कला, विज्ञान व वाणिज्य संकाय में नामांकन के लिए प्रवेश फार्म विद्यालय में वितरित किया जा रहा है। इस आशय की जानकारी प्राचार्य तृप्ति भारती ने दी। उन्होंने बताया कि नामांकन फार्म आगामी 25 मई तक निःशुल्क वितरित किया जायेगा। प्रत्येक संकाय में 40-40 सीट हैं। नामांकन मैरिट के आधार पर किया जायेगा। उन्होने बताया कि नामांकन फार्म लेने के समय अंक पत्र की फोटो कॉपी प्रति लाना अनिवार्य है। निर्धारित तिथि के बाद नामांकन फार्म नहीं वितरित किया जायेगा।

### दो हाइवा के बीच सीधी टक्कर, चालक के दोनों पैर टूटे

**बालूमाथ/ लातेहार।** बालूमाथ-मैक्लुस्कीगंज मार्ग पर मांरगलोईया के समीप बुधवार की रात विपरीत दिशा से आ रहे दो हाइवा की सीधी टक्कर हो गयी। इस सड़क हादसे में एक हाइवा चालक के दोनों पैर टूट गये। घायल चालक की पहचान मांरगलोईया निवासी उपेंद्र उरांव (28 वर्षीय) के रूप में हुई है। ग्रामीणों के सहयोग से हाइवा चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बालूमाथ लाया गया। यहां चिकित्सक ध्रुव सत्य महतो ने उसका प्राथमिक उपचार किया। इसके बाद चालक की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उसे रांची रिम्स रेफर कर दिया। चिकित्सक ने बताया कि मरीज के दोनों पैर कई जगहों से टूट गये हैं और काफी रक्तस्त्राव भी हुआ है।

### पत्नी की हत्या के आरोप में पति गिरफ्तार

**डंडई/ गढ़वा।** डंडई थाना क्षेत्र के पचौर गांव में एक सनकी पति ने अपनी पत्नी का पीटकर हत्या कर दी। फिलहाल मृतका के ससुराल वाले घटना के बाद से घर से फरार हैं। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया है। घटना को लेकर मृतका आशा देवी के पिता परशुराम ने अपने दामाद संजय राम पर हत्या करने का आरोप लगाया। दामाद ने मेरी बेटी को पीट कर हत्या कर दी। शाम को मेरी बेटी के यहां चिकन बना था और मेरा दामाद मेरी बेटी से दारू पीने के लिए पैसा मांग कर रहा था, जिसको लेकर दोनों में झगड़े होने लगा।

# चतरा लोस सीट कालीचरण सिंह के पक्ष में जाएगी : देवसागर राम

नवीन मेल संवाददाता

**सगालीम।** पांकी मंडल में गुरुवार को आसेहार में भाजपा द्वारा पथ सभा का आयोजन किया गया इसमें मोदी जी का ख्याति एवं पिछले 10 वर्षो में विकास किए गए सभी योजनाओ का सही ढंग से संचालन कर रही भाजपा केंद्र सरकार इसकी चर्चा की गई एवं चतरा लोकसभा प्रत्याशी श्री कालीचरण सिंह के पक्ष में मतदान करने के लिए भाजपा जिला एवं मंडल के कमेटी संकल्पित होकर प्रत्येक वोटर से मिलने का ठान लिया है ऐसे में मोदी जी की सभी उपलब्धियां को गिनाते हुए पीएम आवास, नल जल योजना, उज्वला योजना, शौचालय योजना, आयुष्मान योजना, बेटी पढ़ाओ, महिला सशक्तिकरण जैसे कई योजनाओ का लाभ बताते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए लगातार महिला मतदाताओं से अपील की है। पांकी मंडल अध्यक्ष श्री शत्रुघ्न सिंह, मंडल महामंत्री सतनारायण यादव, श्याम नंदन ओझा, विनय सिंह ,पांकी के वरिष्ठ भाजपा विश्व हिंदू परिषद के सदस्य लौरीक सिंह ने आज पांकी मंडल में आसेहार, कोनवाई,ताल पंचायत में पथ सभा का आयोजन किया। भाजपा के पथ सभा में शामिल आसेहार के महिला, पुरुष, के साथ साथ आसेहार पंचायत के हैट्रिक मुखिया देवसागर राम ने कहा की श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्थिर निर्भीक निडर होकर देश के सबसे बड़े मुद्दे धारा 370 राम मंदिर जैसे अधूरा काम को पूरा किया है विभिन्न योजनाओं का सही ढंग से संचालन करते हैं एवं भ्रष्टाचार मुक्त बेदाग सरकार चलाने में सफल रहे।




### भाजपा प्रत्याशी कालीचरण ने किया जनसंपर्क

**लातेहार।** चतरा संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने बुधवार की देर शाम शहर के मुख्य पथ पर पैदल जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होने लोगों से उन्हें विजयी बनाने की अपील की। कालीचरण सिंह ने शहर के थाना चौक से प्रखंड कार्यालय परिसर व कीनामाड़ क्षेत्र में पैदल जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्हें लोगों का भी काफी समर्थन मिला। मौके पर जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, उपाध्यक्ष राकेश कुमार दुबे, वंशी यादव,कल्याणी देवी, मुकेश कुमार पांडेय, राजीव रंजन पांडेय, ध्रुव पांडेय, छोटू राजा, सीतामनी तिर्की, मुखिया सुभाष सिंह, गौरव दास पांडेय, गौतम गुप्ता, रानी देवी, राकेश कुमार साहू समेत कई लोग मौजूद थे। बातचीत करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने कहा कि चतरा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी की जीत पक्की है। इस संसदीय क्षेत्र से तीसरी बार कमल खिलेगा।

## जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट में पांच घायल

**मेदिनीनगर।** पाटन थाना क्षेत्र के केलहार गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों कुले बीच हुई मारपीट में पांच व्यक्ति शशि भूषण मेहता उम्र 35 वर्ष, पत्नी पूजा देवी उम्र 25 वर्ष,अजय प्रजापति उम्र 40 वर्ष, उषा देवी उम्र ,35 वर्ष सहित दूसरे पक्ष की एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा सभी घायलों को इलाज के लिए पाटन सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया है।सदर अस्पताल में इलाज के बाद भी सभी घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। इस घटना के बारे में घायल शशि भूषण प्रजापति ने बताया कि उसके बगल गिर फागु प्रजापति के दामाद शंकर प्रजाति बुधवार की सुबह जमीनी विवाद को लेकर झंझट करने लगा।इसी बीच शंकर प्रजापति अपने घर से रॉड लेकर आया और शशि भूषण प्रजापति पत्नी पूजा देवी, बड़े भाई और भाभी को रॉड से मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

## अस्पताल की खिड़की के बाहर फैली गंदगी से मरीज व आस-पड़ोस के लोग परेशान

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल के साफ-सफाई की ओर इन दिनों बाला जी के कर्मचारियों द्वारा ध्यान नहीं दे रहे है।जिसके वजह से अस्पताल में भर्ती मरीज और आस पड़ोस में बसे लोगो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताते चले कि अस्पताल में साफ सफाई का जिम्मा बाला जी कंपनी को मिला है।बाला जी कंपनी के कर्मचारी इतने लापरवाह है की अस्पताल में इन दिनों ठीक ढंग से साफ सफाई नही करवा रहे है।जिसके वजह से मरीज व परिजन परेशान है। एक तरफ जहां गर्मी की वजह से अस्पताल में इन दिनों मरीजों की संख्या बढ़ गई है। वहीं दूसरी ओर अस्पताल के बाहर खिड़की और ड्रेसिंग रूम के बाहर गंदगी का ढेर लगा हुआ हैं। सड़ रहे कचर के अंबार से आ रही दुर्गंध से मरीज और उनके स्वजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।वही गंदगी की वजह से अस्पताल के पीछे रहने



वाले लोगो को भी काफी परेशानी हो रही है।गंदगी से उठने वाली बदबू से लोग परेशान है।बदबू की वजह से लोग अपने घरों में ठीक ढंग से खाना भी नहीं खा पा रहे है।साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर बाला जी के कर्मचारी पूरी तरह निष्क्रिय दिख रहे है। कभी-कभार जब स्वास्थ पदाधिकारी अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंचते हैं तो इसकी सूचना मिलते ही अस्पताल प्रबंधन और सफाई कर्मी एक्टिव दिखते हैं। फिर भूल जाते हैं कि अस्पताल में सफाई भी जरूरी है।

# यज्ञ से क्षेत्र में सुख और समृद्धि आती है : कालीचरण सिंह

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** चतरा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने कहा कि यज्ञ से क्षेत्र में सुख व समृद्धि आती है। उन्होंने कहा कि यज्ञ होने से क्षेत्र का वातावरण शुद्ध होता है। नकारात्मक उर्जा का नाश और सकारात्मक उर्जा का वास होता है। इस प्रकार के आयोजनों से सामाजिक सोहार्द मजबूत होता है और एकजुटता की भावना आती है। कालीचरण सिंह सदर प्रखंड के मुरूप गांव में आयोजित श्री रूद्र महायज्ञ सह दिव्य ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन लोगों को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने यज्ञशाला में जाकर पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद लिया। आयोजन समिति ने कालीचरण सिंह को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। बता दें कि यज्ञाचार्य अवध किशोर वैद्य के सानिध्य में इस यज्ञ को संपन्न कराया जा रहा है।



### कार्यक्रम में ये लोग हुए शामिल

कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, उपाध्यक्ष राकेश कुमार दुबे समेत कई लोग शामिल हुए। इसके अलावा आयोजन समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार वैद्य, सचिव कमलेश कुमार पांडेय, उपाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह व शिव शंकर जायसवाल, संयोजक दशरथ ठाकुर के अलावा उत्तम कुमार, राजेश्वर सिंह, गेंधारी सिंह, वृंद प्रसाद, कामेश्वर साव, संजय सिंह, रामदुलार सिंह, सत्यनारायण प्रसाद, सुरेंद्र सिंह, अनिल, कैलाश, रंजन व अशोक राम आदि मौजूद रहे।

## सड़कों पर ही सज रहीं दुकानें, लोग परेशान

**लातेहार ।** शहर के कई इलाकों में सड़कों का अतिक्रमण कर दुकानें सजायी जा रही है। इससे आम लोगों को काफी परेशानी हो रही है। सड़कों पर दुकान लगाने के कारण अक्सर यहां जाम की स्थिति बन जाती है। शहर के मेन रोड में मध्य विद्यालय बाजार के पास दुकानदार अपने सामानों को सड़क के किनारे लगाते हैं। एक तो शहर की सड़कें काफी संकीर्ण है, उस पर सड़कों पर ही दुकानों का सामान सजा दिये जाने से सड़क और भी संकीर्ण हो जाती है। ऐसे में जाम की स्थिति हमेशा बनती है। सबसे बड़ी बात यह है कि दुकानों के सामने ही वाहनों को लगा कर लोडिंग व अनलोडिंग किया जाता है। इस कारण अक्सर मार्ग अवरूद्ध होता है। इसी प्रकार शहर के थाना चौक में कई दुकानदारों द्वारा सड़कों का अतिक्रमण कर लिया गया है। दुकान के सामने की तकरीबन दो से तीन फीट की जमीन पर दुकानदारों ने मोरम बिछाकर उच्चा कर दिया है। इस कारण दोपहिया वाहन चालकों को सड़कों पर ही गाड़ी लगानी पड़ती है।

## मतदाताओं को बताया प्रत्याशी व चुनाव चिह्न, पीठासीन पदाधिकारी गिरफ्तार



नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा ।** पलामू संसदीय लोकसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं को प्रत्याशी और चुनाव चिह्न बताने के आरोप में धुरकी की पुलिस ने एक पीठासीन पदाधिकारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध मे थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि गत 13 मई को लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के मतदान के दिन सगमा प्रखंड क्षेत्र के सोनडीहा दक्षिण में बूथ संख्या 367 पर पीठासीन पदाधिकारी के रूप में जिले के डंडा थाना निवासी बुधन चौधरी का बेटा जयनाथ चौधरी कार्यरत थे। उन पर मतदान कराने के क्रम मे अपने कर्तव्य का निर्वहन ठीक से नहीं करने का लगा था। मतदाताओ को प्रत्याशी का नाम और चुनाव चिह्न बताने को लेकर सेक्टर मजिस्ट्रेट सरोज कुमार ने धुरकी थाना मे उक्त पीठासीन पदाधिकारी के खिलाफ नामजद आवेदन दिया था। आवेदन के आलोक में पीठासीन पदाधिकारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## स्वास्थ्यकर्मियों ने डेंगू व चिकनगुनिया रोग से मुक्ति दिलाने की ली शपथ

**हुसैनाबाद।** जिले के हैदरनगर स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेन्द्र सह हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में गुरुवार को डेंगू व चिकनगुनिया रोग से क्षेत्र को मुक्त कराने को लेकर चिकित्सक सहित कई स्वास्थ्यकर्मियों ने संकल्प लिया है। इसमें शामिल चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ज्योतिष कुमार व डॉ. राकेश रंजन ने उपस्थित लोगों सहित रोगियों व उनके परिजनों को बताया कि अपने घर के आसपास जलजमाव किसी भी हालत में नहीं होने दें। उन्होंने कहा कि चिकनगुनिया एडीज बनाम टाइगर मच्छरों के प्रकोप से बढ़ता है। इसके शरीर जोड़ों पर लगातार दर्द होने का लक्षण बताय गया है। उन्होंने कहा कि एडीज एल्बोपिक्टस और एडीज एजिप्टी दोनों के वायरस से यह रोग की उत्पति होती है। फार्मासिस्ट नवीन किशोर, लैब टेक्नीशियन शकील अख्तर, एमपीडब्ल्यू दिलीप कुमार व राजेश ने बताया कि इन महामारी से निपटने के लिये समुचित उपचार है।

# 7 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज एक लाख 14 हजार का जुर्माना

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर थाना क्षेत्र में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अभियंताओं ने विशेष छापेमारी अभियान चलाया। 7 लोगों को बिजली का अवैध उपयोग करते पाया गया। बिना बिजली कनेक्शन बिजली का उपयोग करने वाले 7 लोगों के खिलाफ हैदरनगर थाना में बिजली अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। सभी 7 लोगों पर एक लाख 14 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। जिन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है, उनमें दिनेश राम, उदय कुमार, देवेंद्र रजवार, गीता कुंअर, मोहम्मद कयामुद्दीन, जैनुल आबेदीन व बदरून निशा हैं। सभी हैदरनगर थाना क्षेत्र के निवासी हैं। इस आशय की जानकारी अवर विद्युत प्रमंडल जपला के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने दी। इस अभियान में कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह के अलावा सहायक अभियंता राम प्रसाद महतो, मानव दिवसकर्मी जितेंद्र ठाकुर, रंजीत कुमार, मनीष कुमार शामिल थे। कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि जेबीवीएनएल के आदेश पर आगे भी छापेमारी का कार्य जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पांच हजार रुपए से अधिक बकाएदारों के खिलाफ भी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बकाएदारों को बिल का भुक्तान करने की हिदायत दी है। उन्होंने वैध कनेक्शन के बगैर बिजली का उपयोग करने वाले लोगों को चेतावनी देते हुए कहा है कि किसी भी कार्य दिवस में विद्युत कार्यालय जपला में कनेक्शन के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन आवेदन की भी सुविधा है। प्रज्ञा केंद्र या किसी ऑनलाइन सेंटर से आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी कनेक्शन धारियों को घर या दुकान के बाहर मीटर लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। मीटर नहीं लगवाने व पांच हजार से अधिक बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं पर कार्रवाई की जायेगी।

### बिजली चोरी के खिलाफ छापामारी




# मेडिकल कॉलेज के एनाटॉमी विभाग के लिए 10 मृत शरीर की मांग

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्ज डॉक्टर कर्मेंद्र प्रसाद ने निदेशक रिम्स रांची को पत्र भेज कर 10 मृत शरीर की मांग की है। यह पत्र प्राचार्ज ने रिम्स रांची के निदेशक कों 15 मई को प्रेषित किया है। इस पत्र में मेडिकल कॉलेज के प्राचार्ज ने इस मेडिकल कॉलेज के एनाटॉमि विभाग के प्रयोगशाला के लिए 10 मृत शरीर की मांग की है। उन्होंने अपने पत्र में जिक्र किया है कि आगामी कुछ हफ्तों में 2024 बैच का नामांकन होगा, यह नामांकन फर्स्ट ईयर में किया जाएगा इसकी संख्या 100 होगी। इन नए 100 मेडिकल के छात्र-छात्राओं के लिए एक नए मृत शव की घोर आवश्यकता पड़ेगी। इस समय इस मेडिकल कॉलेज में एनाटॉमी विभाग में केवल एक मृत शरीर है जिस पर बच्चे चिर फाड़ का अभ्यास कर रहे हैं और यह समझने की कोशिश कर रहे कि बीमारी किन अंगों में किस प्रकार से होती है। प्रिंसिपल डॉक्टर कर्मेंद्र प्रसाद ने प्रेस को बताया कि राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग ने भी इस मेडिकल कॉलेज के लिए 10 मृत शव की उपलब्धता की बात कही है। राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग ने 10 मई को इस महाविद्यालय के प्रिंसिपल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा यह



निर्देशित किया। प्राचार्ज डॉक्टर कर्मेंद्र प्रसाद ने अपना यह पत्र जो उन्होंने निदेशक रिम्स रांची को भेजा है उसकी प्रतिलिपि अपने मेडिकल कॉलेज के ट्यूटर जो एनाटॉमी विभाग के हैं डॉक्टर नवीन कुमार उसको भी निर्देशित किया है कि वह इस मृत शव को आने पर उसके रखरखाव की व्यवस्था करेंगे। साथ ही साथ प्रिंसिपल ने अपने इस पत्र की एक प्रतिलिपि डॉक्टर मार्गेट रोशनी धाम जो इसी मेडिकल कॉलेज में एनाटॉमी विभाग की अध्यक्ष है उनको की भेजा है। साथ ही साथ प्राचार्ज ने अपनी यह चिट्ठी जो उन्होंने जो निदेशक रिम्स रांची को भेजा है उसकी एक प्रतिलिपि स्वास्थ्य विभाग के सचिव को भी आगे की कार्यवाही के लिए भेजा है। प्राचार्य डॉक्टर कर्मेंद्र प्रसाद ने प्रेस को बताया कि हर एक मेडिकल कॉलेज में मृत शरीर की आवश्यकता होती है ताकि एनाटॉमी छात्र-छात्राएं सर्जरी और बीमारी के बारे में पूर्ण जानकारी प्राप्त कर सके।

## डीसी ने फोरलेन और अन्य सड़क निर्माण योजनाओं की समीक्षा की

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में NH-75 (SEC-V) खजुरी से विढ़मगंज पथ चौड़ीकरण / फोरलेन निर्माण योजना समेत अन्य सड़क निर्माण योजना से संबंधित समीक्षात्मक बैठक किया गया। बैठक में मुख्य रूप से सड़क चौड़ीकरण कार्य को लेकर भूअर्जन, मुआवजा भुगतान, एलपीसी निर्गत, सत्यापन रिपोर्ट समेत अन्य की बिंदुवार समीक्षा की गई। उपायुक्त ने प्राथमिकता के आधार पर ससमय कार्यों को करने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कमर्चारियों को उक्त कार्यों से जुड़े किसी भी मामले को अपने स्तर से लंबित न रखने का निर्देश दिया। वहीं भूमि अधिग्रहण के पश्चात मुआवजा भुगतान की कार्रवाई भी ससमय करने का निर्देश दिया। जिससे योजनाओं का संचालन सरलता पूर्वक किया जा सके। वहीं गढ़वा से चिनियां तक होने वाले सड़क चौड़ीकरण की भी उपायुक्त ने समीक्षा किया। जिला भू अर्जन कार्यालय द्वारा अवगत कराया गया



कि मामले में मुआवजा भुगतान समेत अग्रेतर कार्रवाई को लेकर विभाग से पत्राचार किया गया है। जल्द हीं सेक्शन 19 के पश्चात मुआवजा भुगतान समेत अन्य कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी। उपायुक्त ने आपस में समन्वय स्थापित कर कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करने का निर्देश दिया। जिससे तय समय पर सड़कों का निर्माण एवं चौड़ीकरण कराया जा सके। इस बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्त्ता मतियस विजय टोप्पो, जिला भू-अर्जन पदा संजय प्रजाद, परियोजना निदेशक, एनएचएआई, मेदिनीनगर / अंचल अधिकारी, गढ़वा/ मेराल एवं अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# अदालत ने मनिका थाना प्रभारी को जारी किया कारण बताओ नोटिस

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शशि भूषण शर्मा की अदालत ने मनिका थाना कांड संख्या 28/ 2024 में दायर जमानत की याचिका की सुनवाई के बाद मनिका थाना प्रभारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। बता दें कि मनिका थाना की पुलिस ने पत्रकार अशोक यादव को टायर चोरी के मामले में तीन मई को जेल भेज दिया था। पत्रकार को अदालत में पेश करने के वक्त मनिका थाना पुलिस ने लल्लू राम, देवनारायण सिंह और विजय सिंह नाम के तीन गवाहों की धारा 164 दंड प्रक्रिया संहिता के तहत गवाही लेने का अनुरोध अदालत से यह कहते हुए किया था, कि उक्त मामले में इन गवाहों के बयान के आधार पर अशोक यादव को चोरी के माल के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। आदेश जारी होते ही पुलिस ने उक्त तीनों गवाहों को अदालत के समक्ष पेश किया। आरोपी के अधिवक्ता सुनील कुमार ने बताया कि धारा 164 दंड प्रक्रिया संहिता की बयान दर्ज होने के बाद पुलिस की करतूत का खुलासा अदालत के समक्ष हुआ और अदालत ने आरोपी को जमानत पर मुक्त कर दिया। बताया कि पुलिसिया करतूत की पोल पुलिस के द्वारा पेश किए गए गवाहों ने मजिस्ट्रेट के समक्ष खोल दिया है। अदालत ने दलीलें सुनने के बाद गवाह की हाथ तोड़े जाने की सूचना पुलिस अधीक्षक लातेहार को भेजने का आदेश पारित किया है। मालूम हो कि वर्तमान में यह सनसनीखेज मामला है। मनिका थाना पुलिस के द्वारा लगातार पत्रकारों पर दमनात्मक कार्रवाई की जा रही है और पुलिस के वरीय अधिकारी मौन बैठे हुए हैं। पिछले दिनों नाजायज मजमा बनाए जाने के आरोप में मनिका थाना पुलिस ने दो पत्रकारों संतोष कुमार और दीपू कुमार को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया था। मनिका पुलिस पत्रकारों के विरुद्ध लगातार दमनात्मक कार्रवाई कर रही है और झूठे मुकदमे में फंसा कर जेल भेज रही है। अदालत के इस रूख के बाद मनिका थाना पुलिस में हड़कंप मचा हुआ है।




### गवाह ने न्यायिक मजिस्ट्रेट के सामने बताई सच्चाई

जिसमें लालू राम नाम के गवाह ने न्यायिक मजिस्ट्रेट को बताया कि मनिका थाना पुलिस ने उनकी बुरे तरीके से पिटाई की है और उनका हाथ भी तोड़ दिया है। इसी डर से उन्होंने पुलिस को घटना में झूठी गवाही दी थी। हकीकत यह है कि पुलिस ने उस पर झूठ बोलने का दबाव बनाया था। दूसरे गवाह विजय सिंह ने अदालत को बताया कि पुलिस के डर से ही उसने पुलिस के समक्ष बयान दर्ज कराया था। जबकि चोरी करते नहीं देखा है। उन्हें घटना का कुछ भी पता नहीं है। यहां बता दें कि मनिका थाना पुलिस ने प्राथमिकी में बताया था कि अशोक यादव ने प्रखंड परिसर में सफाई का ठेका लिया था और इसी क्रम में उन्होंने मनिका थाना पुलिस द्वारा जब्त कर रखे एक ट्रक की टायर रिम समेत खोलकर अपने घर ले गए थे।

# चतरा को रेलवे लाइन से जोड़ना मेरी पहली प्राथमिकता : नागमणि

नवीन मेल संवाददाता

**पांकी/ पलामू ।** चतरा लोकसभा से बहुजन समाज पार्टी के प्रत्यासी नागमणि ने पांकी के दूब रोड में बसपा का चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया। मौके पर बसपा कार्यकताओं ने नागमणि का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान अम्बेडकर चौक स्थित बाबा भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। बसपा उम्मीदवार नागमणि ने कहा कि चतरा लोकसभा की मै एक एक समस्या से अवगत हूं। मै अगर चुनाव जीतता हूं तो सबसे पहले चंदवा में रेलवे क्रॉसिंग पर ब्रिज बनाने का और चतरा को रेलवे लाइन से जोड़ने का काम करूँगा। चंदवा में रेलवे फाटक नहीं होने से कितने मरीजों कि जान गंवानी पडती है। नागमणि ने कहा कि मेरे साथ दलित, पिछड़ा और मुस्लिम समुदाय के लोग खड़े हैं। वहीं बसपा के प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता ने कहा कि अगर लोकतंत्र एवं संविधान को बचाना है तो बसपा प्रत्याशी नागमणि को लोकसभा भेजने का काम करें। मौके पर पांकी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी गुल खान, बसपा प्रखंड अध्यक्ष महेश राम, रमेश राम, जावेद अख्तर, हैदर अली, सुधीर वर्मा, युगल किशोर, वासुदेव राम, पप्पू खान, चिंटू कुमार, दीपक धनंजय कुमार सहित काफी संख्या में में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## पेज एक का शेष

### ग्लैमर के सितारे चमक बिखेर पाएंगे राजनीति की?

अक्सर वह अपने विवादित बयानों के कारण सुर्खियों में रहती हैं। बार-बार उल्लंघन के कारण ट्विटर ने भी उनके खाते को स्थायी रूप से निलंबित कर दिया था, लेकिन बाद में प्रतिबंध हटा लिया गया। राजनीति में नवागंतुक होने के कारण कंगना को अपनी फिल्मी शैली से दूर रहना होगा और जमीनी स्तर के पार्टी कार्यकताओं और मतदाताओं के साथ घुलना-मिलना होगा, ताकि उन्हें लगे कि वह एक आम आदमी की तरह हैं, न कि बॉलीवुड की फिल्म स्टार। उन्हें अपने व्यक्तित्व में इस तरह के बदलाव से गुजरना होगा, जो एक सफल राजनीतिज्ञ बनने के लिए अनिवार्य है।सबसे बड़ी बात राजनीति में लिखे हुए डायलॉग नहीं होते अपना व्यक्तित्व होना चाहिए जिसमें कंगना दक्ष तो नहीं पर सक्षम जरुर हैं । उनकी सफलता से एक नई शुरूआत भी होगी क्योंकि वे स्मृति ईरानी की तरह वाकपटु भी हैं । अब लोगों की नजरें काराकाट, बिहार से मैदान में उतरे पवन सिंह पर भी है।

### सौंपी सीलबंद रिपोर्ट

थी और न ही इस आयोग को बनाने में राज्यपाल का अप्रूवल था। राज्य सरकार की ओर से कोर्ट में जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद एवं एसजे मुखोपाध्याय आयोग रिपोर्ट सीलबंद प्रस्तुत किया जा चुका है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता की ओर से पूर्व की सुनवाई में कोर्ट को बताया था कि मामले की जांच को लेकर पहले जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की अध्यक्षता वाली वन मैन कमीशन बनी थी, जिसने मामले की जांच कर राज्यपाल को वर्ष 2018 में रिपोर्ट सौंपी गई थी, जिसके आधार पर राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को एक्शन लेने का निर्देश दिया था, लेकिन वर्ष 2021 के बाद से अब तक कोई एक्शन नहीं लिया गया है। राज्यपाल के दिशा-निर्देश के बावजूद भी विधानसभा अध्यक्ष की ओर से इस मामले को लंबा खींचा जा रहा है।




● उत्तर प्रदेश को भी पश्चिम बंगाल बनाना चाहते हैं अखिलेश यादव ● पुरानी बुआ ने किया किनारा तो बबुआ बंगाल से लाए नई बुआ

# पश्चिम बंगाल को बांग्लादेश बनाना चाहती हैं ममता : मोदी



एजेंसी

**भदोही ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को भदोही के ऊंज में एक चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर सीधा हमला बोला। मोदी ने ममता को आरोपित करते हुए कहा कि ममता बंगाल में हिन्दुओं की हत्या करवाती हैं। उनके लोग हिन्दुओं को गंगा में डूबो कर मारने की धमकी देते हैं। दीदी बंगाल को बांग्लादेश बनाना चाहती हैं। वहां दलित और महिलाओं का सरेआम उत्पीड़न होता है। प्रधानमंत्री ने इस दौरान अखिलेश यादव और राहुल गाँधी पर भी तीखा सियासी हमला बोला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तकरीबन 30 मिनट से अधिक के अपने सम्बोधन में ममता बनर्जी, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को निशाने पर रखा। मोदी ने कहा कि समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश को पश्चिम बंगाल बनाना चाहती हैं। क्योंकि ममता बनर्जी और अखिलेश यादव की विचारधारा एक है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में हुई मनीष शुक्ला की हत्या पर भी सवाल उठाया। मनीष शुक्ला भदोही से ही हैं और भाजपा की राजनीति से जुड़े थे। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में हिंदुओं की हत्या की जा रही है। समाजवादी पार्टी भी उत्तर प्रदेश में आतंकवादियों को खुली छूट देती थी। उनके लिए प्रोटोकॉल जारी होता था और अखिलेश यादव सिमी पर मेहरबान थे। अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यूपी वाली बुआ बबुआ की चाल समझ गई, ऐसी हालत में उन्हें पश्चिम बंगाल से नई बुआ को लाना पड़ा। बबुआ को अपनी नई बुआ से यह सवाल करना चाहिए कि पश्चिम बंगाल में उत्तर प्रदेश और बिहार के लोगों को गालियां देकर क्यों भगा दिया जाता है। क्योंकि समाजवादी पार्टी और ममता बनर्जी तुष्टिकरण की राजनीति करती हैं। इसलिए दोनों की राजनीतिक विचारधाराएं समान है। बबुआ उत्तर प्रदेश को पश्चिम बंगाल बनाना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर भाजपा सरकार न होती तो अयोध्या में श्रीराम मंदिर, बाबा काशी विश्वनाथ और विंध्याचल कॉरिडोर का निर्माण नहीं होता। यह लोग किसी भी कीमत पर राम मंदिर का निर्माण नहीं होने देते।

आज स्थितियां बदल गई है लेकिन कभी रामलाल को टेंट में देखकर बहुत तकलीफ होती थी। ऐसे लोग भगवान राम को काल्पनिक बताते हैं। कांग्रेस के शहजादे का बस चले तो वे राममंदिर में ताला लगाना चाहते हैं। भाजपा ने उत्तर प्रदेश की छवि को बदला है। हम "वन जिला वन प्रोडक्ट" की बात करते हैं जबकि समाजवादी पार्टी "वन जिला वन माफिया" की बात करती है। यूपी में पहले माफियाओं का राज था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण से यह साबित हो गया कि यहां सीधी लड़ाई इंडी गठबंधन और भाजपा के मध्य है।

**70** साल के बुजुर्गों का मुफ्त इलाज किया जाएगा

**2017** में केवल यूपी में सात एयरपोर्ट थे अब 17 हो गई है

**देश के चार चरणों में हुआ अबतक 66.95% मतदान**

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग के अनुसार पहले चार चरणों में मतदान का औसत 66.95 प्रतिशत रहा है यानि अबतक 45.1 करोड़ लोग मतदान कर चुके हैं। चुनाव आयोग ने मतदाताओं से आने वाले चरणों में बड़ी संख्या में बाहर आने और मतदान करने का आह्वान किया है। शेष 3 चरणों में मतदाताओं को सूचित करने, प्रेरित करने और सुविधा प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। चुनाव आयोग ने प्रत्येक पात्र मतदाता तक पहुंचने के लिए लक्षित प्रयासों को बढ़ाया है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में आयोग ने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ 5वें, 6वें और 7वें चरण में मतदान करने वाले राज्यों के सीईओ को सभी मतदाताओं को

## पीओके भारत का था, है और हमेशा रहेगा : शाह

एजेंसी

**सीतामढ़ी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को सीतामढ़ी में जदयू के प्रत्याशी देवेश चंद्र ठाकुर के समर्थन में आयोजित एक चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सीतामढ़ी के पुनौरा धाम में ऐसा धाम बनेगा, जिसे दुनिया के लोग देखने आएंगे। यहां भव्य मंदिर सिर्फ और सिर्फ नरेंद्र मोदी और भाजपा ही बनवा सकती है। सीतामढ़ी को राम सर्किट से जोड़ा जाएगा। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस और राजद वाले 70 साल तक धारा-370 हटाने का विरोध करते रहे। लालू यादव और राहुल गांधी कहते थे कि 370 मत हटाओ, खून की नदियां बह जाएगी। लेकिन, पीएम मोदी ने आते ही 370 हटाया।

कांग्रेस और फारुख अब्दुल्ला पाकिस्तान के परणामु बम से डराते हैं। लेकिन, पीओके भारत का था, है और हमेशा रहेगा। इसे हम पाकिस्तान से लेकर रहेंगे। उन्होंने कहा कि राम मंदिर के कार्यक्रम में इंडी गठबंधन वालों को बुलाया गया था, लेकिन कोई नहीं गया। ये अपने वोट बैंक से डरते हैं। हम उस वोट बैंक से नहीं डरते हैं। समय आ गया है सीतामढ़ी में माता सीता का भव्य मंदिर बनेगा। कांग्रेस और राजद के लोगों ने कई साल तक राम मंदिर को लटकाकर रखा। जब आपने मोदी जी को दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया तब केस भी जीता, मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की और भव्य मंदिर भी बना।



*सीतामढ़ी में माता सीता का भव्य मंदिर बनेगा, राम सर्किट से जोड़ा जाएगा*

### पीओके भारत का हिस्सा है, यह भारत में वापस शामिल होगा : जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) भारत का अविभाज्य हिस्सा है, जो अंततः भारत में वापस शामिल होगा। पीओके में जारी अशांति और बढ़ती हिंसा पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि पीओके के लोग पिछले कुछ वर्षों में जम्मू-कश्मीर में बड़े पैमाने पर हो रहे विकास से प्रभावित हो रहे हैं। महाराष्ट्र के नासिक में 'आयोजित विश्वबंधु भारत' कार्यक्रम में अपने संबोधन में विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, पीओके में लोग नियंत्रण रेखा के पार हो रहे सकारात्मक बदलाव को देख रहे हैं और उससे प्रभावित हैं।



## आजमगढ़ को बदनाम करने वाले आज बेनकाब हो चुके हैं : आदित्यनाथ

*उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने कहा- पिछले 10 वर्षों में हमने बदलते हुए भारत को देखा है*



एजेंसी

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आजमगढ़ में भाजपा प्रत्याशी नीलम सोनकर और दिनेश लाल यादव निरहुआ के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्ष पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश 10 वर्ष पहले पहचान और विश्वास के संकट से जूझ रहा था। हर एक व्यक्ति पर सुरक्षा का खतरा मंडरा रहा था। देश में विकास कार्य ठप हो चुके थे क्योंकि कांग्रेस नेतृत्व वाली सरकार भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी थी। उस दौरान गरीब भूख से मरता था, किसान आत्महत्या करते थे, बेटी और व्यापारी सुरक्षित नहीं थे। देश और दुनिया में आतंकी घटना होने पर उसके तार आजमगढ़ से जोड़े जाते थे और उसे बदनाम किया जाता था। पिछले 10 वर्षों में हमने बदलते हुए भारत को देखा है। हम एक नए भारत का दर्शन कर रहे हैं, जिसमें दुनिया में सम्मान बढ़ा है, सीमाएं सुरक्षित हुई हैं, आतंकवाद, नक्सलवाद पर प्रभावी अंकुश लगा है।

आजमगढ़ में महाराज सुहेलदेव के नाम पर एक विश्वविद्यालय बन गया है। इसके साथ ही आजमगढ़ पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जुड़ गया है। आज आजमगढ़ में एयरपोर्ट भी है।

## सत्यम दुबे सहित सैकड़ों लोग भाजपा में हुए शामिल

**पटना।** बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को आयोजित मिलन समारोह में कांग्रेस के दिग्गज नेता विजय शंकर दुबे के पुत्र सत्यम दुबे, कांग्रेस के प्रवक्ता रहे असित नाथ तिवारी और बेगूसराय से प्रत्याशी रहे अमरेंद्र सिंह सहित सैकड़ों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। इन सभी लोगों को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और बिहार के मंत्री मंगल पांडेय ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई और पार्टी में स्वागत किया।

## ममता के इंडिया गठबंधन को समर्थन देने के बयान पर सियासत गरमाई

*मंगल पांडेय ने ममता के बयान पर कहा कि बंगाल में लड़ाई और दिल्ली में मलाई यह कैसे चलेगा*



एजेंसी

**पटना।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर बाहर से समर्थन देने के बयान को लेकर बिहार की सियासत गर्म हो गई है। एनडीए के नेता जहां इस बयान को लेकर निशाना साध रहे हैं, वहीं, महागठबंधन के नेता बचाव में उतर गए हैं। बिहार के मंत्री मंगल पांडेय ने ममता बनर्जी के बयान पर कहा कि बंगाल में लड़ाई और दिल्ली में मलाई यह कैसे चलेगा। ममता बनर्जी को इस बात का अंदाजा हो गया है कि हार सुनिश्चित है। उन्होंने आगे कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार नहीं बन रही है। भाजपा पश्चिम बंगाल में 30 से अधिक सीट जीत रही है। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की हार सुनिश्चित है और इंडिया गठबंधन की हार सुनिश्चित है। राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि यह उनका अपना मत है। यह तो अच्छी बात है।

वह यदि बोल रही हैं कि हम सरकार को बाहर से समर्थन देंगे तो यह काफी अच्छी बात है। इसमें यह समझना चाहिए कि हमारी सरकार बनने जा रही है और इसको लेकर हमें टेंशन लेने की जरूरत नहीं, भाजपा के सोचने वाली बात है।

## मध्य प्रदेश में विधानसभा उपचुनाव की सुगबुगाहट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में लोकसभा के लिए चार चरणों में मतदान हो चुका है और अभी नतीजे आने शेष हैं, मगर विधानसभा के उपचुनाव को लेकर सुगबुगाहट तेज हो चली है। इसकी वजह भी है - कांग्रेस के तीन विधायकों ने भाजपा का दामन थामा है, वहीं पांच विधायक लोकसभा चुनाव में ताल ठोक रहे हैं। राज्य में आगामी समय में तीन से आठ विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव होना तय है। यह इसलिए संभव है क्योंकि कांग्रेस के तीन विधायक छिंदवाड़ा के अमरवाड़ा से कमलेश शाह, सागर जिले के बीना विधानसभा क्षेत्र से निर्मला सप्रे और श्योपुर जिले की

**चुनावी घमासान : 2024** / राजीव प्रताप रूडी और रोहिणी आचार्य में चुनावी घमासान

## 'विरासत' और 'सीट' बचाने की दिलचस्प लड़ाई

*सारण संसदीय क्षेत्र में मढ़ौरा, छपरा, गरखा, अमनौर, परसा तथा सोनपुर विधानसभा क्षेत्र आते हैं*




एजेंसी

**छपरा (बिहार)।** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में यूं तो बिहार में कई दिग्गज नेताओं का भविष्य दांव पर है, परंतु सारण ऐसी सीट है जहां दिलचस्प लड़ाई देखने को मिल रही है। सारण क्षेत्र से एनडीए की ओर से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जहां पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप सिंह रूडी को चुनाव मैदान में उतारा है, वहीं महागठबंधन की ओर से राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य चुनावी अखाड़े में हैं। इस रोचक मुकाबले पर बिहार ही नहीं देश भर की निगाहें टिकी हैं। इस चुनाव में रूडी के सामने जहां इस सीट पर कब्जा बरकरार रखने की चुनौती है, वहीं रोहिणी आचार्य के सामने अपने पिता की पुरानी विरासत को पाने की चुनौती है। सम्पूर्ण क्रांति के जनक जयप्रकाश नारायण की कर्मभूमि रहे सारण की राजनीति में लालू प्रसाद लंबे समय तक केंद्र बिंदु बने रहे।

इस क्षेत्र का संसद में चार बार प्रतिनिधित्व करने वाले लालू परिवार के लिए यह परंपरागत सीट मानी जाती रही है। हालांकि भाजपा के राजीव प्रताप रूडी भी यहां से चार बार सांसद चुने गए हैं। सारण की विशेषता रही है कि यहां पार्टियां भले ही अपने उम्मीदवार को चुनाव मैदान में उतारती हैं, लेकिन मुख्य मुकाबला यदुवंशी और रघुवंशी के बीच का ही होता है। दलों के हिसाब से देखें तो उपजाऊ और समतल इलाके के रूप में मशहूर सारण संसदीय क्षेत्र के चुनावी संग्राम में महागठबंधन की ओर से राजद और भाजपा के बीच आमने - सामने की लड़ाई है। सारण संसदीय क्षेत्र में मढ़ौरा, छपरा, गरखा, अमनौर, परसा तथा सोनपुर विधानसभा क्षेत्र आते हैं।

### लालू ने रोहिणी आचार्य को मैदान में उतारा

करीब 18 लाख मतदाताओं वाले सारण में 2024 लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने एक बार फिर राजीव प्रताप रूडी पर दांव खेला है। वहीं, महागठबंधन की ओर राजद ने लालू प्रसाद की पुत्री रोहिणी आचार्य को मैदान में उतारा है। छपरा संसदीय क्षेत्र का नाम बदलकर भले ही सारण कर दिया गया हो, परंतु छपरा का मिजाज अब तक नहीं बदला है। प्रारंभ से ही इस क्षेत्र में जीत-हार का निहितार्थ जातीय दायरे के इर्द-गिर्द घूमता है। माना जाता है कि यहां पार्टियां नहीं बल्कि जातियां जीतती रही हैं। हालांकि पिछले दो चुनाव से नरेंद्र मोदी के नाम का भी असर रहा है।

## कांग्रेस अग्निवीर योजना बंद करेगी : मल्लिकार्जुन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि कांग्रेस अगर सत्ता में आती है तो अग्निवीर योजना को बंद कर देगी। कांग्रेस अध्यक्ष के मुताबिक अग्निवीर योजना देश के युवाओं को केवल 4 साल का रोजगार देने के बाद बेरोजगारी की ओर ले जाती है। कांग्रेस का कहना है कि युवाओं को सेना में स्थायी नौकरी मिले। अग्निवीर योजना सेना में भर्ती के लिए लाई गई है।

गुरुवार को इस विषय पर मल्लिकार्जुन खरगे ने सोशल मीडिया के जरिए कहा कि अग्निवीर योजना जबरन लागू कर मोदी सरकार ने लाखों युवाओं का भविष्य दांव पर लगा दिया है। करीब डेढ़ लाख ऐसे युवा हैं जिन्हें सामान्य भर्ती प्रणाली में सैन्य बलों में प्रवेश की स्वीकृति मिली थी, पर चयनित होने के बाद भी उन्हें दाखिला नहीं मिला।



*कांग्रेस का कहना है कि युवाओं को सेना में स्थायी नौकरी मिले।*

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com